


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 100 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) आषाढ शु.11 2082 रविवार, 6 जुलाई-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये

## भगवान जगन्नाथ की 'बहुड़ा यात्रा' शुरू

पुरी, 5 जुलाई (एजेंसियां)। भगवान जगन्नाथ की 'बहुड़ा' यात्रा या वापसी रथ उत्सव शनिवार को औपचारिक 'पहांडी' रस्म के साथ शुरू हुआ। इस दौरान मूर्तियों को श्री गुंडिचा मंदिर से सारधाबली में खड़े रथों तक औपचारिक जुलूस के रूप में ले जाया गया। अधिकारियों ने बताया कि बाहुड़ा यात्रा के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। हालांकि 'पहांडी' रस्म दोपहर 12 बजे शुरू होने वाली थी, लेकिन यह सुबह 10.30 बजे शुरू हुई, जिसके दौरान त्रिदेवों-भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ को एक-एक करके रथों तक ले जाया गया। भव्य रथों- तलध्वज (बलभद्र), दर्पदलन (सुभद्रा) और नंदीघोष (जगन्नाथ) को श्रद्धालु श्री गुंडिचा मंदिर से भगवान जगन्नाथ के मुख्य स्थान, 12वीं शताब्दी के मंदिर तक खींचकर ले जाएंगे।

# आर्म्स डीलर संजय भंडारी भगोड़ा घोषित

> प्रत्यर्पण का रास्ता आसान हुआ > रॉबर्ट वाड्रा की बढ़ेगी टेंशन



रॉबर्ट वाड्रा  संजय भंडारी

नई दिल्ली, 5 जुलाई (एजेंसियां)। दिल्ली की एक विशेष अदालत ने शनिवार को हथियारों के डीलर संजय भंडारी को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित कर दिया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आवेदन के बाद यह फैसला आया। विशेष अदालत ने भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम 2018 के तहत यह आदेश जारी किया। यह फैसला भंडारी को यूनाइटेड किंगडम से प्रत्यर्पित करने के भारत के प्रयासों को मजबूत करेगा। भंडारी 2016 में लंदन भाग गया था, जब कई जांच एजेंसियों ने उसकी गतिविधियों की जांच शुरू कर दी थी। इस घटनाक्रम से रॉबर्ट वाड्रा की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। वाड्रा पर हथियारों के डीलर के साथ संबंध होने के आरोप हैं और उनकी जांच चल रही है। एक महीने से भी कम समय पहले, वाड्रा को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में नए समन जारी किए गए थे। इस मामले में भी भंडारी के साथ उनके संबंधों का आरोप है। ईडी ने 2023 में आरोप पत्र दाखिल किया था।

ईडी का आरोप है कि भंडारी ने 2009 में लंदन में एक संपत्ति खरीदी और उसका नवीनीकरण कराया। आरोप है कि यह पैसा वाड्रा ने दिया था। वाड्रा ने किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार किया है। उन्होंने आरोपों को 'राजनीतिक प्रतिशोध' बताया है। उन्होंने कहा कि उन्हें 'राजनीतिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए परेशान किया जा रहा है।' वाड्रा ने कहा, 'मुझे राजनीतिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए सताया और परेशान किया जा रहा है।' भंडारी के खिलाफ यह कार्रवाई ईडी की एक बड़ी सफलता है। इससे वाड्रा की मुश्किलें भी बढ़ सकती हैं। ईडी अब भंडारी को भारत लाने की कोशिश करेगी। वाड्रा को हाल ही में ईडी ने समन भेजा था। लेकिन कोविड के लक्षणों के कारण वह पेश नहीं हुए। इस मामले में ईडी वाड्रा से पूछताछ करना चाहती है। ईडी जानना चाहती है कि वाड्रा का भंडारी से क्या संबंध है। बता दें कि यह मामला 2009 का है। आरोप है कि भंडारी ने लंदन में एक संपत्ति खरीदी थी। ईडी का कहना है कि यह संपत्ति वाड्रा के पैसे से खरीदी गई थी। वाड्रा ने इन आरोपों से इनकार किया है। उनका कहना है कि यह सब राजनीतिक साजिश है। अब देखना यह है कि इस मामले में आगे क्या होता है। क्या ईडी वाड्रा के खिलाफ कोई सबूत ढूंढ पाएगी? क्या भंडारी को भारत लाया जा सकेगा?

# 69 लोगों की मौत, 37 मिसिंग

> फिर भी हिमाचल को नहीं मिलने वाली राहत > भारी बारिश का अलर्ट

नई दिल्ली, 5 जुलाई (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में पिछले साल की तरह एक बार फिर भारी बारिश की वजह से तबाही का मंजर देखने को मिल रहा है। आलम यह है कि कई लोगों की जान जा चुकी है, सैकड़ों मिसिंग हैं और राज्यों को करोड़ों का नुकसान हुआ है। हिमाचल में बारिश आना आम बात है, लेकिन पिछले कुछ सालों में बारिश आफत बनकर आई है, बादल फटना, लैंडस्लाइड का होना कुछ ऐसी प्राकृतिक आपदाएं जिन्होंने राज्य की चुनौतियां कई गुना बढ़ा दी हैं।

अब इस बीच सरकार ने जानकारी दी है कि हिमाचल में इस समय 260 के करीब सड़कें बंद चल रही हैं, कहीं रास्ता पूरी तरह कट चुका है तो कहीं पहाड़ों का मलब इतना ज्यादा है कि ट्रैफिक की आवाजाही नहीं हो सकती। मौसम विभाग ने इस समय कांगरा, सिरमौर और मंडी के कई जिलों के लिए रेड अलर्ट इशू कर रखा है, भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। वहीं ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर चंबा, सोलन, शिमला और कुल्लू जैसे जिलों में भी भारी बारिश की आशंका है, यहां ऑरेंज अलर्ट रखा गया है। अब समझने वाली बात यह है कि अगर एक दिन में 115.6 एमएम से लेकर 204.4 एमएम के बीच बारिश हो जाती है, तब इसे भारी बारिश कहा जाता है, वहीं अगर आंकड़ा 204.4 एमएम तक चला जाए तो उस स्थिति में इसे बहुत भारी बारिश कहा जाएगा। अब जिस तरह की तबाही इस बार हिमाचल में देखने को मिल रही है, लोगों के मन में पिछले साल की खौफनाक यादें ताजा हो चुकी हैं। पिछले साल अकेले में हिमाचल में भारी बारिश की वजह से 550 लोगों की मौत हुई है, कई मिसिंग भी रहे थे।

## बिहार में मतदाता सूची में संशोधन को 'सुप्रीम' चुनौती चुनाव आयोग के खिलाफ कोर्ट पहुंचा एडीआर

नई दिल्ली, 5 जुलाई (एजेंसियां)। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए चुनाव आयोग के निर्देश को चुनौती दी है। एडीआर ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाते हुए इस आदेश को रद्द करने की मांग की है। दरअसल, 24 जून को चुनाव आयोग ने बिहार में एसआईआर करने के निर्देश जारी किए थे। इसका मकसद अपात्र नामों को हटाना और यह सुनिश्चित करना था कि मतदाता सूची में केवल पात्र नागरिक ही शामिल हों। बिहार में इस साल के अंत में चुनाव होने हैं।

**एनजीओ ने आदेश को रद्द करने की मांग की :**

याचिका में एनजीओ ने आदेश को रद्द करने की मांग की है, जिसमें तर्क दिया गया है कि यह संविधान के अनुच्छेद 14, 19, 21, 325 और 326 के साथ-साथ जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 21ए का उल्लंघन करता है। याचिका दायर करने वाले अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि चुनाव आयोग का आदेश मनमाने ढंग से और उचित प्रक्रिया के बिना जारी किया गया है। यह लाखों मतदाताओं को मताधिकार से वंचित कर सकता है। यह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव को बाधित भी कर सकता है।

केंद्र सरकार ने वक्फ कानून के नए नियमों का नोटिफिकेशन जारी किया

# सभी वक्फ संपत्ति का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होगा

> 90 दिन का समय मिलेगा > नए नियमों में सरकारों की जिम्मेदारी तय

नई दिल्ली, 5 जुलाई (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने यूनिफाइड वक्फ मैनेजमेंट, एम्पावरमेंट, एफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट रूल्स, 2025 का नोटिफिकेशन जारी किया है। ये नियम वक्फ संपत्तियों के पोर्टल और डेटाबेस, उनके पंजीकरण, ऑडिट और खातों के रखरखाव से जुड़े हैं। नए नियमों के तहत एक केंद्रीकृत पोर्टल और डेटाबेस बनाया गया है, जिसमें देशभर की वक्फ की पूरा रिकॉर्ड दर्ज होगा। इसमें वक्फ संपत्तियों की सूची अपलोड करना, नया पंजीकरण, वक्फ रजिस्टर का रखरखाव, खातों की जानकारी देना, ऑडिट रिपोर्ट प्रकाशित करना और बोर्ड के आदेशों को दर्ज करना शामिल है।



वक्फ संपत्ति का प्रबंधक (मुतवल्ली) अपने मोबाइल नंबर और ईमेल के जरिए ओटीपी से लॉगिन करके पोर्टल पर रजिस्टर करेगा। इसके बाद वक्फ और उसकी संपत्ति का विवरण अपलोड कर सकेगा। नई वक्फ संपत्ति को बनने के तीन महीने के अंदर पोर्टल पर फॉर्म 4 में पंजीकरण कराना होगा। वक्फ बोर्ड पोर्टल पर फॉर्म 5 में वक्फ का रजिस्टर बनाए रखेगा। नए नियम वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 के तहत बनाए गए हैं, जो 8 अप्रैल 2025 से लागू हुआ है।

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में वक्फ डिवीजन के प्रभारी संयुक्त सचिव इस पोर्टल और डेटाबेस की निगरानी और नियंत्रण करेंगे। राज्य को संयुक्त सचिव स्तर का नोडल अधिकारी नियुक्त करना होगा। केंद्र की सलाह से सेंट्रलाइज्ड सपोर्ट यूनिट बनेगी। पोर्टल में रियल-टाइम मॉनिटरिंग की सुविधा होगी। जिससे पंजीकरण, संपत्तियों की जानकारी, गवर्नेंस, कोर्ट केस, विवाद निपटारा, वित्तीय निगरानी और संसाधनों के प्रबंधन जैसे कार्य हो सकेंगे। साथ ही, सर्वे और विकास से जुड़ी जानकारियां भी इसमें शामिल होंगी। राज्य सरकार 90 दिनों के अंदर वक्फ की सूची और विवरण पोर्टल पर अपलोड करेगी। देरी होने पर 90 दिन का अतिरिक्त समय मिलेगा, लेकिन देरी का कारण बताना होगा।

## 'बच्चों की सुरक्षा पर सुप्रीम कोर्ट चिंतित'

नई दिल्ली, 5 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। देश में बच्चों के खिलाफ अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। लेकिन दुख की बात यह है कि ऐसे मामलों में न्यायिक व्यवस्था और बच्चों की सुरक्षा का सिस्टम खुद बच्चों के लिए परेशानी का सबब बन जाता है। सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस सूर्यकांत ने इसी पर कड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि भारत का बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा ढांचा अभी भी बिखरा हुआ है और पूरी तरह सक्षम नहीं है। हमें बच्चों को सिर्फ गवाह नहीं, बल्कि पूरी देखभाल और सुरक्षा की जरूरत वाले इंसान की तरह देखने की सोच विकसित करनी होगी। हैदराबाद में पॉक्सो कानून पर आयोजित स्टेट लेवल मीट 2025 के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए सुप्रीम कोर्ट जज जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि बच्चों के खिलाफ अपराध के मामलों में न्याय व्यवस्था को बच्चों के जख्मों को और न बढ़ाने वाला बनाना होगा। उन्होंने कहा कि जब तक बच्चे सही मायनों में न्याय महसूस नहीं करते, तब तक हमारा काम अधूरा है।

# 'पीएम मोदी ट्रंप के आगे झुक जाएंगे'

> भारत-अमेरिका टैरिफ डील पर राहुल गांधी का केंद्र पर बड़ा हमला



नई दिल्ली, 5 जुलाई (एजेंसियां)। लोकसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने टैरिफ को लेकर अमेरिका के साथ चल रही भारत की बातचीत को लेकर पीएम मोदी पर हमला बोला। राहुल गांधी ने एक्स पर केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के बयानों को लेकर पीएम मोदी पर हमला बोला है। उन्होंने दावा किया कि पीएम मोदी डोनाल्ड ट्रंप की बातें मान लेंगे। बता दें कि टैरिफ टाइमलाइन की मियांद 9 जुलाई को खत्म हो रही है। दरअसल, एक्स पर एक पोस्ट में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व्यापार समझौते पर गतिरोध के बीच समय सीमा के आगे झुक जाएंगे। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने ट्रेड डील को लेकर ऐसे वक्त में बयान दिया है, जब केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत अमेरिका के साथ तभी व्यापार समझौता करेगा जब उसके हितों की रक्षा होगी।

**राहुल गांधी ने किया ट्रेड डील का दावा :**

पहले अनुमान लगाया जा रहा था कि भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर 9 जुलाई की समयसीमा से पहले हस्ताक्षर होने की संभावना है। वहीं राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर कहा, पीयूष गोयल अपनी छाती पीट लें। मेरे शब्दों पर ध्यान दें, मोदी ट्रंप की टैरिफ समयसीमा के आगे झुक जाएंगे।

**ट्रंप ने भारत के लिए क्या कहा था**

गौरतलब है कि डोनाल्ड ट्रंप ने पहले भारत को टैरिफ का बड़ा दुरूपयोग करने वाला और टैरिफ किंग कहा था। ट्रंप ने 2 अप्रैल को मुक्ति दिवस पर पारस्परिक टैरिफ के तहत भारतीय उत्पादों पर 26 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की थी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बाद में टैरिफ को 90 दिनों के लिए निलंबित कर दिया, जिससे देशों को अमेरिका के साथ समझौता करने का मौका मिल गया।

इस प्रकार अंतरिम व्यापार समझौते के बिना भारत को 26 प्रतिशत टैरिफ के लिए तैयार रहना होगा। गौरतलब है कि एक प्रमुख मुद्दा यह है कि भारत ने मक्का और सोयाबीन जैसे अमेरिकी कृषि आयातों पर टैरिफ कम नहीं करने का कड़ा रुख अपनाया है।

## सोनिया बोलीं-कंपनी को कर्ज उतारने का हक, हमने वही किया

नई दिल्ली, 5 जुलाई (एजेंसियां)। नेशनल हेराल्ड केस में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट में दलील दी कि एजेएल (एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड) का कर्ज चुकाना एक वैध कारोबारी फैसला था। हर कंपनी को कानूनन अपना कर्ज उतारने का अधिकार है और हमने भी वही किया। एजेएल की संपत्ति अभी भी हमारे पास है और कोई ट्रांसफर नहीं हुआ है। सिंघवी के मुताबिक, एजेएल के 90 करोड़ रुपये के कर्ज को यंग इंडियन नाम की गैर-लाभकारी कंपनी ने लिया, ताकि एजेएल कर्ज मुक्त हो सके। यह मामला मनी लॉन्ड्रिंग का नहीं बनता, क्योंकि इसमें न कोई लेन-देन है, न धन का दुरूपयोग और न ही लाभ का वितरण। सिंघवी ने पूछा कि अगर एजेएल का कर्ज टाटा या बिरला जैसे औद्योगिक घरानों ने ले लिया गया होता, तो क्या उन पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाया जाता। मामले की जांच के लिए किसी अधिकृत व्यक्ति ने कोई शिकायत दर्ज नहीं की है।

## कांग्रेस ने एजेएल को बचाने की कोशिश की

नई दिल्ली, 5 जुलाई (एजेंसियां)। नेशनल हेराल्ड केस में शनिवार को कोर्ट में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट आर.एस. चीमा ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की संपत्तियों को बेचने की नहीं, बल्कि संस्थान को बचाने की कोशिश की थी। उन्होंने यह भी कहा कि एजेएल सिर्फ एक अखबार नहीं, बल्कि देश की आजादी की लड़ाई से जुड़ी विरासत है, जिसे दोबारा खड़ा करना जरूरी था।

चीमा ने विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने के सामने अपनी दलीलें रखते हुए कहा कि एजेएल कोई मुनाफा कमाने वाली कंपनी नहीं थी। इसे 1937 में पंडित जवाहरलाल नेहरू, जेबी कृपलानी, रफी अहमद किदवई और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों ने मिलकर शुरू किया था। इसका उद्देश्य कांग्रेस पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुंचाना था, न कि व्यापार करना।

राहुल गांधी के वकील ने कहा कि आजादी के बाद एजेएल कभी भी मुनाफे वाली संस्था नहीं रही।

# भगोड़ा नीरव मोदी का भाई निहाल गिरफ्तार

> सीबीआई-ईडी के प्रत्यर्पण के अनुरोध पर कसा शिकंजा

नई दिल्ली, 5 जुलाई (एजेंसियां)। भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी के छोटे भाई निहाल मोदी को अमेरिका में गिरफ्तार कर लिया गया है। यह गिरफ्तारी भारत के प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई के प्रत्यर्पण अनुरोध के आधार पर हुई है। उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई 17 जुलाई को नेशनल डिस्ट्रिक्ट ऑफ होनोलूलू (एनडीओएच) में होगी। अमेरिकी न्याय विभाग ने इस गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई द्वारा संयुक्त रूप से किये गये प्रत्यर्पण अनुरोध पर यह कदम उठाया गया। अमेरिकी अभियोजकों द्वारा प्रत्यर्पण की कार्यवाही दो आरोपों पर की गई, जिसमें धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 3 के तहत धन शोधन का एक मामला और दूसरा भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) व 201 (फरार होने) के तहत आपराधिक साजिश का मामला शामिल है। निहाल (46) पंजाब नेशनल बैंक से जुड़े कथित 13,000 करोड़





रुपये के धोखाधड़ी मामले में आरोपी है। यह मामला अब तक के सबसे बड़े धोखाधड़ी मामलों में से एक है। धोखाधड़ी का आरोप दोनों भाइयों (नीरव और निहाल मोदी) और उनके रिश्तेदार मेहुल चोकसी पर है।

निहाल पर दुनिया की सबसे बड़ी हीरा कंपनियों में से एक, एलएलडी डायमंड्स यूएसए से 2.6 मिलियन डॉलर (लगभग 22 करोड़ रुपये) से अधिक की धोखाधड़ी का आरोप है। जांच में दावा किया गया है कि निहाल मोदी ने कॉस्टको के साथ डील पक्की करने का बहाना बनाकर कंपनी से हीरे धोखे से हासिल किए। लेकिन ये डील कभी पूरी नहीं हुई। इसके बाद निहाल मोदी ने उन हीरों को बेच दिया और व्यक्तिगत फायदे के लिए गिरवी रख दिया। हीरे की धोखाधड़ी के अलावा, नेहल मोदी पर 13,600 करोड़ रुपये के पीएनबी घोटाले में शामिल होने का आरोप है। ईडी और सीबीआई का कहना है कि निहाल ने नीरव के साथ मिलकर फर्जी कंपनियों के जरिए पैसे की हेराफेरी की और घोटाला सामने आने के बाद सबूत मिटाए। 2019 में इंटरपोल ने निहाल के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था, जिसके बाद उनकी तलाश वैश्विक स्तर पर शुरू हुई।

# हमेशा मजबूती से बात करता है भारत, नहीं मानता समयसीमा का दबाव : पीयूष गोयल



बेंगलूरू, 5 जुलाई (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत हमेशा मजबूत स्थिति के साथ बातचीत करता है और किसी भी तरह की समय सीमा के दबाव में नहीं रहता है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि यूपीए सरकार के कार्यकाल में कांग्रेस ने ऐसे समझौतों पर बातचीत की और उन्हें मंजूरी दी जो देश के हित में नहीं थे।

**बातचीत करते समय देशहित सबसे ऊपर :**

गोयल की यह टिप्पणी ऐसे समय पर आई है, जब एक दिन पहले उन्होंने कहा था कि भारत अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते को तभी मानेगा, जब वह पूरी तरह से तय हो जाए कि वह देशहित में है। उन्होंने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भारत किसी समयसीमा के तहत बातचीत नहीं करता। हम बातचीत करते समय देशहित को ध्यान में रखते हैं और हमारे लिए देशहित सबसे ऊपर होता है। उन्होंने यह भी कहा कि (केंद्र की नरेंद्र) मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद भारत ने मॉरिशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और चार देशों के ईएफटीए समूह (स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन) और हाल ही में ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। गोयल के मुताबिक, भारत अब भी अन्य विकसित देशों के साथ बातचीत कर रहा है, जिनमें 27 देशों वाला यूरोपीय संघ, अमेरिका, ओमान, पेरू और चिली शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत आत्मविश्वास के साथ बातचीत करता है। हम आत्मनिर्भर हैं और दुनिया के किसी भी देश से प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। यह वह कमजोर भारत नहीं है, जो कांग्रेस और यूपीए के समय था, जब देशहित को नजरअंदाज कर समझौते किए जाते थे। इस बीच, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने पीयूष गोयल के उस बयान के बाद प्रतिक्रिया दी, जिसमें कहा गया था कि भारत किसी समयसीमा के दबाव में आकर कोई समझौता नहीं करेगा।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद रिसर्च पर जोर देंगी सेनाएं

नई दिल्ली, 5 जुलाई (एजेंसियां)। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद अब भारतीय सेनाएं रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर जोर दे रही हैं। इसके लिए तीनों सेनाएं यानी ट्राई सर्विसेज देश के टॉप शैक्षणिक संस्थानों (जैसे आईआईटी, एनआईटी, विश्वविद्यालय) के साथ मिलकर एक ऐसा प्लेटफार्म बनाने में जुटी हैं, जहां सेनाओं की जरूरत के मुताबिक नई तकनीकों का विकास हो सके। इससे न केवल सेना को जरूरी तकनीक मिलेंगी, बल्कि देश में रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता भी बढ़ेगी। इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए भारतीय सेना ने नई दिल्ली स्थित मानेकशॉ सेंटर में ट्राई-सर्विसेज एकेडमिया टेक्नोलॉजी सिंपोजियम के लिए कर्टेन रेजर कार्यक्रम का आयोजन किया।

# तमिलनाडु में एआईएडीएमके ही बड़ा भाई : पलानीस्वामी

> भाजपा से चुनावी समझौता, सरकार में गठबंधन नहीं होगा
> अभिनेता विजय की पार्टी के लिए दरवाजे खुले



चेन्नई, 5 जुलाई (एजेंसियां)। तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री ई पलानीस्वामी ने शनिवार को साफ कर दिया कि तमिलनाडु में भाजपा के साथ गठबंधन में एआईएडीएमके ही बड़ा भाई है। उन्होंने कहा कि कोई भी पार्टी चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हो हम पर हावी नहीं हो सकती।

एआईएडीएमके तमिलनाडु में 30 साल से ज्यादा समय तक सत्ता में रही है। अगर गठबंधन 2026 के विधानसभा चुनाव जीतता है तो तमिलनाडु में कोई गठबंधन सरकार नहीं होगी और यह समझौता केवल चुनाव के लिए है। एआईएडीएमके सुप्रीमो का बयान ऐसे समय आया है जब पार्टी नेता गठबंधन में भाजपा के हावी होने को लेकर आशंकित थे। हालांकि, इससे पहले भी पलानीस्वामी इस तरह की अटकलों को खारिज कर चुके हैं। पलानीस्वामी ने घोषणा की कि एआईएडीएमके 7 जुलाई को कोयंबटूर से चुनावी अभियान शुरू करेगी। भाजपा का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा कि सभी गठबंधन सहयोगियों को आमंत्रित किया गया है। यह पूछे जाने पर कि क्या अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके को आमंत्रित किया जाएगा, पलानीस्वामी ने कहा, जो लोग डीएमके को सत्ता से हटाना चाहते हैं, उनका गठबंधन में स्वागत है। हालांकि, टीवीके ने 4 जुलाई को प्रस्ताव पारित कर विजय को पार्टी का मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया। इस दौरान विजय ने कहा था कि पार्टी 2026 के तमिलनाडु चुनावों में डीएमके या भाजपा के साथ किसी तरह से गठबंधन नहीं करेगी।

गृहमंत्री अमित शाह ने 11 अप्रैल को चेन्नई में भाजपा और एआईएडीएमके के गठबंधन का ऐलान किया था। उन्होंने कहा था कि 2026 में तमिलनाडु विधानसभा चुनाव एआईएडीएमके प्रमुख ई पलानीस्वामी के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। सीटों का बंटवारा बाद में चर्चा के बाद तय किया जाएगा।

## फार्मा प्लांट विस्फोट में मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 40 हुआ

हैदराबाद, 5 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में रासायनिक कारखाने में हुए विस्फोट में मृतकों की संख्या बढ़कर 40 हो गई। इसमें अब तक ओडिशा के नौ श्रमिकों की मौत हो चुकी है। 30 जून को तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के मच्छामैलारम में एक फार्मास्युटिकल प्लांट में बड़ा विस्फोट हुआ था। अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश के 48 वर्षीय व्यक्ति इस विस्फोट में 70 प्रतिशत से अधिक जल गया था और शनिवार को अस्पताल में उसकी मौत हो गई।अधिकारियों ने डीएनए विश्लेषण का उपयोग करके ओडिशा के एक और व्यक्ति की पहचान की पुष्टि की है। ओडिशा परिवार निदेशालय के विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) प्रीतिश पांडा ने बताया कि पीड़ित की पहचान पूर्ण चंद्र साहू के रूप में हुई है।

# 20 साल बाद एक ही मंच पर आए उद्धव और राज ठाकरे

## शिवसेना यूबीटी प्रमुख बोले- 'दूरियां खत्म, साथ रहने के लिए साथ आए हैं'

मुंबई, 5 जुलाई (एजेंसियां)।

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के मुखिया उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के मुखिया राज ठाकरे शनिवार को एक ही मंच पर नजर आए। दोनों भाइयों की राजनीतिक विरासत समान रही है, लेकिन दो दशक पहले ही राज ठाकरे ने अपनी अलग राह चुन ली थी। अब दोनों भाई एक ही मंच पर साथ आए तो उद्धव ने ऐलान कर दिया कि दोनों के बीच दूरियां खत्म हो चुकी हैं और वह साथ रहने के लिए राज ठाकरे के साथ आए हैं। उद्धव ने कहा कई वर्षों बाद मेरी और राज ठाकरे की मुलाकात मंच पर हुई है। राज ने मुझे "सम्माननीय उद्धव ठाकरे" कहा, मैं भी कहता हूं, "सम्माननीय राज ठाकरे।" उनका कार्य भी बड़ा है। मेरे भाषण से ज्यादा अहम है हम दोनों का साथ आना। हम दोनों के बीच जो दूरियां थीं, वो अब खत्म हो चुकी हैं। हम एक साथ आए हैं, साथ में रहने के लिए।



**राज ठाकरे की तारीफ की**

उद्धव ने कहा कि राज ठाकरे का काम सभी ने देखा है। मराठी हिंदू भाइयों और बहनों, राज ठाकरे ने सारे मुद्दे बेहतर ढंग से रखे हैं और अब मुझे कुछ और कहने की जरूरत महसूस नहीं होती। हम साथ आए हैं, साथ रहने के लिए। भाजपा अफवाहों की फैक्ट्री है। हम असली मराठी बोलने वाले कट्टर हिंदू हैं। मराठी आदमी अगर आंदोलन कर रहा हो और आप उसे गुंडागिरी कह रहे हो, तो फिर हां, हम गुंडे हैं। संयुक्त महाराष्ट्र के आंदोलन में हमने मुंबई हासिल की है।

**एकनाथ शिंदे पर साधा निशाना**

एकनाथ शिंदे पर निशाना साधते हुए उद्धव ने कहा आज कई तांत्रिक विजी होंगे। नींबू काट रहे होंगे, भैंसा काट रहे होंगे। लेकिन इस काले जादू के खिलाफ हमारे बालासाहेब ठाकरे लड़े थे और हम उसी विरासत को आगे ले जाएंगे। बीजेपी को लेकर उन्होंने कहा कि इन्होंने हमारा इस्तेमाल किया और फिर छोड़ दिया, लेकिन अब हम दोनों मिलकर तुम्हें फेंक देंगे। फडणवीस ने कहा है कि भाषा के नाम पर गुंडागर्दी सहन नहीं करेंगे। हां, हम गुंडे हैं, लेकिन हम भाषा के लिए लड़ेंगे। अगर इंसाफ नहीं मिलेगा, तो गुंडागर्दी भी करेंगे।

फडणवीस को नाम का मराठी बताया

फडणवीस को संबोधित करते हुए उद्धव ने कहा कि आप सिर्फ नाम के मराठी हैं। आप असली मराठी हैं या नहीं, यह चेक करना होगा। हिंदुस्तान हमें मंजूर है, लेकिन हिंदी की जबरदस्ती हम सहन नहीं करेंगे। जब मैं मुख्यमंत्री था, तब मैंने मराठी भाषा को अनिवार्य किया था। सत्ता आती है, जाती है, लेकिन हमारी असली ताकत हमारी एकजुटता में होनी चाहिए। संकट आता है, तो हम साथ आते हैं, लेकिन संकट के बाद दूर चले जाते हैं। अब हमें हमेशा साथ रहना चाहिए।

**हिंदू और हिंदुस्तान मंजूर, लेकिन हिंदी थोपना नहीं**

विधानसभा चुनाव को लेकर उद्धव ने कहा कि जब बीजेपी ने बंटेंगे तो कटेंगे का नारा दिया तो उन्हें लगा कि हिन्दू–मुसलमान में भेद कर रहे हैं, लेकिन इन्होंने तो मराठी के बीच में भी दरार डाल दी। उन्होंने कहा आज हम एकसाथ आए हैं। और कुछ लोग फिर आएंगे, जो आप लोगों के बीच झगड़ा लगाने की कोशिश करेंगे।

ये सरकार "हिंदी, हिंदू, हिंदुस्तान" बनाना चाहती है। हमें हिंदू और हिंदुस्तान मंजूर हैं, लेकिन हिंदी की जबरदस्ती मंजूर नहीं। आज से हम दोनों एक ही हैं। हम साथ आए हैं, तो ये पूछ रहे हैं कि क्या ये दोनों साथ रहेंगे या नहीं? ये लोग कह रहे हैं कि हम सिर्फ महापालिका चुनाव के लिए साथ आए हैं, लेकिन मैं कहता हूं कि हम महाराष्ट्र के लिए साथ आए हैं।

**बीजेपी वाले बांटना चाहते हैं**

उद्धव ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग मराठी को बांटना चाहते हैं। मराठी लोग बंट गए, इसलिए दिल्ली के गुलाम आज हमारे सिर पर सत्ता में बैठे हैं। बीजेपी वालों को कभी शादी में मत बुलाओ। ये शादी में खाना खाएंगे, मियां–बीवी में झगड़ा लगवाएंगे और दूसरी शादी में चले जाएंगे। ये तो दुल्हन को भी भगा ले जाएंगे! आज अगर मुंबई में किसी के पास सबसे ज्यादा जमीन है, तो वो है अडानी के पास। कल उस गद्दार ने कहा "जय गुजरात"। पुष्पा फिल्म में डायलॉग था – "झुकेगा नहीं"। लेकिन ये (एकनाथ शिंदे) कहता है – "उठेगा नहीं" कुछ भी कर लो, उठेगा ही नहीं! मराठी, सभी जात-पात भूलकर मराठी के तौर पर एकजुट हों।

**न दादागिरी करेंगे, न सहेंगे**

देवेंद्र फडणवीस का नाम लेकर उद्धव ने कहा कि आप कहते हैं कि भाषा के नाम पर गुंडागर्दी सहन नहीं करेंगे। तो सुन लीजिए हम किसी के साथ दादागिरी नहीं करेंगे और अगर किसी ने हमारे साथ दादागिरी की तो हम उसे भी सहन नहीं करेंगे।

**राज ठाकरे ने क्या कहा?**

राज ठाकरे ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए, कहा कि आपके पास विधानभवन में सत्ता है, लेकिन हमारे पास सड़कों की सत्ता है। आज महाराष्ट्र जब एकसाथ खड़ा हुआ, तो सरकार को यह दिखाई दिया होगा कि जब यह राज्य एकजुट होता है, तब क्या होता है। कार्यकर्ताओं को नसीहत देते हुए राज ठाकरे ने कहा कल मीरा रोड में एक व्यवसायी की हत्या कर दी गई।

## खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

ग्वालियर, 5 जुलाई (एजेंसियां)। ग्वालियर में पुलिस ने एक पीड़ित युवक की मदद से एक ऐसे शख्स को दबोच लिया अपने को फर्जी सीबीआई अधिकारी बताकर लोगों को ठगने का काम करता था। वह लोगों को झांसे में लेने के लिए बताता था कि वह सीबीआई में ऑफिसर है और वर्तमान में प्रतिनियुक्ति पर गृह मंत्रालय में पदस्थ है। इसकी कार पर मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष की नेम प्लेट भी लगी थी। आरोपी मंत्रालय में बड़े-बड़े काम करवाने के नाम पर लोगों से ठगी करता था। बताया गया कि कुछ समय पहले ही इस फर्जी अफसर ने ग्वालियर निवासी एक युवक को फूड इंस्पेक्टर की नौकरी दिलाने के नाम पर उससे 9 लाख रुपये ठग लिए थे। उसे भरोसा दिलाने के लिए उसे भोपाल ले जाकर एक फर्जी नियुक्ति पत्र भी थमा दिया था।

युवक को न नौकरी मिली और न ही उसके रुपये वापस मिले। शहर के एक मॉल में आरोपी को ठगी के शिकार युवक ने पकड़ा और पुलिस को सूचना दी। जनकगंज थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर लिया है।

## गुजरात के अमरेली में हाईवे पर देखे गए 10 शेर, वीडियो आया सामने



अमरेली, 5 जुलाई (एजेंसियां)। गुजरात के अमरेली जिले के जाफराबाद तालुका के टिम्बी गांव से शेरों का एक वीडियो सामने आया है। दरअसल टिम्बी से गुजरने वाले भावनगर सोमनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर 10 शेर एक साथ सड़क पार करते हुए कैमरे में रिकॉर्ड किए गए हैं। शेर के एक परिवार का यह दृश्य देखने के लिए सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। दरअसल सड़क से जा रहे किसी कार में सवार शख्स ने इस वीडियो को रिकॉर्ड किया है। बता दें कि गिर के जंगल के जंगली जानवर अक्सर गिर सीमा के पास के गांवों में आते हैं।

इसी बीच बरसात के मौसम में घूमते हुए शेरों को मोबाइल कैमरे में कैद किया गया है। बता दें कि शेर जंगल छोड़कर रिहायशी इलाकों की ओर बढ़ रहे हैं। इस बीच इस इलाके में दो या तीन शेर नहीं बल्कि 10 शेरों का झुंड एक साथ देखा गया है। हालांकि यह पहली बार नहीं जब इस तरह का वीडियो देखने को मिला है। अमरेली जिले के ग्रामीण इलाकों में अक्सर शेरों के वीडियो वायरल होते रहते हैं। बता दें कि भारत में शेरों की आबादी पिछले कुछ वक्त में बढ़ी है। बीते दिनों 'मन की बात' कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी ने इसका जिक्र भी किया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि गुजरात के गिर वन में एशियाई शेरों की आबादी सिर्फ पांच साल में 674 से बढ़कर 891 हो गई है और यह "बहुत उत्साहजनक" वृद्धि है।

# 4 लीटर पेंट की पुताई में लगे 168 मजदूर

### मध्यप्रदेश में भ्रष्टाचार का अजब- गजब मामला

शहडोल, 5 जुलाई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में इन दिनों भ्रष्टाचार के एक के बाद एक कई मामले सामने आ रहे हैं। पिछले दिनों सूबे की मंत्री संपतिया उइके पर 1 हजार करोड़ की घूसखोरी का आरोप लगा था।

अब एक और भ्रष्टाचार का अजग-गजब मामला सामने आया है। इस बार शहडोल जिले के ब्योहारी विधानसभा क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में हुई मरम्मत कार्य में भारी गड़बड़ी उजागर हुई है। शहडोल जिले के ग्राम सकंदी के शासकीय हाई स्कूल में सिर्फ 4 लीटर ऑयल पेंट की पुताई के लिए 168 मजदूर और 65 राज मिस्त्री दिखा दिए गए। इसका भुगतान भी कर दिया गया, जिसकी राशि 1,06,984 बताई जा रही है। इस पूरे काम का एक बिल इन दिनों सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इसी तरह, निपानिया ग्राम के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 20 लीटर पेंट की पुताई, 10 खिड़कियां लगाने और 4 दरवाजों की फिटिंग के लिए 275 मजदूर और 150 मिस्त्री दर्शाए गए हैं।



इसके एवज में कुल 2,31,685 की राशि आहरित की गई है।

यह सारा काम अनुरक्षण मद के अंतर्गत करवाया गया है। दिलचस्प बात यह है कि बिल बनाने वाली एजेंसी सुधाकर कंस्ट्रक्शन की तरफ से बिल 5 मई 2025 को तैयार किया गया, लेकिन स्कूल प्राचार्य ने उसी बिल को 4 अप्रैल 2025, यानी एक माह पहले ही सत्यापित कर दिया। इस एक महीने की विसंगति ने पूरे मामले की नींव को ही हिला दिया है। सरकारी नियमानुसार अनुरक्षण कार्यों के पहले और बाद की तस्वीरें देयक के साथ अनिवार्य रूप से लगानी ही पड़ती हैं, लेकिन दोनों ही मामलों में न तो कोई फोटोग्राफ संलग्न किए गए, न ही काम की कोई स्पष्ट जानकारी दी गई। इसके बावजूद ट्रेजरी ऑफिसर ने भुगतान पारित कर दिया। इस पूरे मामले में जब जिला शिक्षा अधिकारी फूल सिंह मरपाची से सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा, यह मामला मेरे संज्ञान में सोशल मीडिया के माध्यम से आया है। मैं जल्द ही जांच करवा कर आवश्यक कार्रवाई कराऊंगा।

## सुखबीर बादल फिर तनखइया घोषित तख्त श्री पटना साहिब ने दिए आदेश

चंडीगढ़, 5 जुलाई (एजेंसियां)। तख्त श्री पटना साहिब ने शिरोमणि अकाली दल के प्रधान सुखबीर बादल को तनखइया घोषित कर दिया है। तख्त के इस फैसले से सुखबीर बादल की मुसीबतें बढ़ गई हैं। तख्त पटना साहिब की ओर से बीस दिनों के भीतर सुखबीर को पेश होने के आदेश दिए गए थे। सुखबीर ने आदेशों का पालन नहीं किया था। जानकारी के अनुसार तख्त श्री पटना साहिब ने सुखबीर बादल को एक मुद्दे पर दो बार स्पष्टीकरण के लिए बुलाया था, लेकिन वह पेश नहीं हुए। बाद में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी के आग्रह करने पर उन्हें 20 दिन का अतिरिक्त समय दिया गया, परंतु सुखबीर बादल फिर भी तख्त के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। इस पर तख्त ने उन्हें तनखइया घोषित कर दिया।

इससे पहले पिछले साल अगस्त में श्री



अकाल तख्त साहिब की ओर से सुखबीर सिंह बादल को तनखइया घोषित किया गया था। अकाल तख्त साहिब की ओर से सुखबीर बादल को अपनी सरकार के कार्यकाल के दौरान हुई पंथक गलतियों के लिए दोषी माना गया था। धार्मिक सजा के तौर पर उन्हें सेवादार और जूते-बर्तन साफ करने को कहा गया था। दिसंबर 2024 में जब सुखबीर श्री अकाल तख्त साहिब की तरफ से दी गई धार्मिक सजा भुगतने श्री हरमंदिर साहिब पहुंचे थे तो एक व्यक्ति ने उन पर गोली चला दी थी। हालांकि वे बाल बाल बच गए थे। पुलिस ने आरोपी नारायण सिंह चौड़ा को गिरफ्तार कर लिया था।

## दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था में होगा सुधार, शिक्षा मंत्री ने लंदन के प्राइमरी स्कूल का किया दौरा

नई दिल्ली, 5 जुलाई (एजेंसियां)। दिल्ली सरकार अपने स्कूलों की शिक्षा गुणवत्ता और तकनीक सुधारने के लिए देश और विदेश के बेहतरीन मॉडल से सीख ले रही है। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने लंदन के ब्रिटानिया विलेज प्राइमरी स्कूल का दौरा किया। यह स्कूल 1:1 क्रोमबुक क्लासरूम, लचीली कक्षाएं और छात्रों की भलाई पर केंद्रित शिक्षा के लिए जाना जाता है। एक बयान में सूद ने बताया कि इस स्कूल से मिले अनुभवों को सीएम श्री स्कूलों में लागू किया जाएगा।

उन्होंने लंदन में गूगल एक्सेसिबिलिटी डिस्कवरी भी देखा, जहां उन्होंने दिव्यांग बच्चों के लिए सहायक तकनीक जैसे आई-ट्रैकिंग गेम्स, स्क्रीन रीडर और लाइव कैप्शनिंग के बारे में जाना।



इससे पहले सूद ने गुजरात के सूरत में स्कूलों का दौरा किया। जहां स्मार्ट बोर्ड्स और एआई-रोबोटिक्स लैब्स का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की तकनीकी सुविधाएं अब जल्द ही दिल्ली के स्कूलों में भी लागू की जाएंगी। अपने स्कूलों की शिक्षा गुणवत्ता व तकनीक सुधारने के लिए, दिल्ली सरकार देश-विदेश के बेहतरीन मॉडलों से सीख ले रही है

### बारिश का तांडव! रसोई गैस सिलेंडर से भरा ट्रक देखते ही देखते बह गया, पूरा मंजर कैमरे में कैद

जबलपुर, 5 जुलाई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के कई जिलों में मूसलाधार बारिश हो रही है। वहीं जबलपुर और आसपास के जिलों में लगातार हो रही बारिश से अब जनजीवन प्रभावित होने लगा है। नदी नाले उफान पर आ गए हैं और हर तरफ पानी का सैलाब ही नजर आ रहा है। इस बीच परियट नदी के पुल पर एलजीपी से भरा सिलेंडर और भूसे से भरी एक ट्रॉली नदी में समा गई। जबलपुर के बरेला थाना इलाके के कुंडम मार्ग पर तो परियट नदी का रौद्र रूप दिखाई दे रहा है। यहां परियट नदी का पानी पुल के ऊपर तक बह रहा है। इसी दौरान सिलेंडर से भरा एक ट्रक और भूसे भरी एक ट्रॉली पुल पर से गुजर रही थी।

धीरे-धीरे नदी का पान बढ़ने लगा जिसके चलते पहले भूसे से भरी ट्रॉली नदी में समा गई और फिर देखते ही देखते एलपीजी सिलेंडरों से भरा ट्रक भी सैलाब में समा गया। पानी की रफ्तार इतनी तेज थी कि गैस से भरे सिलेंडर भी तिनके की तरह बहने लगा। दरअसल, एलजीपी गैस सिलेंडर से भरा हुआ ट्रक बरेला इलाके से कुंडम तहसील के लिए रवाना हुआ था लेकिन तलिया गांव के पास परियट नदी के पुल पर पहुंचते ही पानी इस कदर बढ़ने लगा कि ट्रक में बैठे ड्राइवर और सहायक दहशत में आ गए और उन्होंने गाड़ी को वहीं छोड़ा और अपनी जान बचाकर भाग निकले। कुछ ही पलों में पानी का सैलाब आया और पल भर में ही गैस सिलेंडरों से भरे ट्रक को बहा ले गया।

## एनआईए ने दिल्ली और हिमाचल प्रदेश में की छापेमारी



नई दिल्ली, 5 जुलाई (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश और दिल्ली में दो अलग-अलग ठिकानों पर की छापेमारी की। इस दौरान डंकी रूट के जरिये विदेश भेजने और मानव तस्करी के गंभीर आरोपों में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सन्नी उर्फ सन्नी डोंकर और शुभम संधाल उर्फ दीप के रूप मे हुई है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बताया कि शुक्रवार को दिल्ली और हिमाचल प्रदेश में कई जगहों पर छापमारी की गई।

इस दौरान दो लोगों को पकड़ा है, जो 'यूएस डंकी रूट' मानव तस्करी से जुड़े एक बड़े रैकेट में शामिल हैं। आरोपियों की पहचान धर्मशाला, जिला कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश) निवासी सन्नी उर्फ सन्नी डोंकर और रोपड़ (पंजाब) निवासी शुभम संधाल उर्फ दीप हुंडी के रूप में हुई है, जो वर्तमान में पीरागढ़ी (दिल्ली) में रह रहे हैं। ये दोनों मार्च में गिरफ्तार किए गए गगनदीप सिंह उर्फ गोल्डी के सहयोगी थे। जांच में सामने आया है कि सन्नी ने मास्को निवासी एक युवती से विवाह किया। उनकी एक छह वर्षीय बेटी है। करीब सात साल से सन्नी कई बार अपनी पत्नी के साथ विदेश आता-जाता रहा है।

आरोप है कि सन्नी ने पत्नी के साथ मिलकर डंकी रूट से कुछ लोगों को विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये एकत्रित किए हैं। सन्नी पर मानव तस्करी के साथ ही मनी लॉड्रिंग के भी आरोप हैं। जिस पर एनआईए ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 143 मानव तस्करी, धारा 238 अपराध के साक्ष्य गायब करने या अपराधी को छिपाने के लिए, गलत जानकारी, धारा 318 धोखाधड़ी, धारा 61(2) आपराधिक साजिश रचना और पंजाब ट्रेवल प्रोफेशनल रेगुलेशन एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

## पूर्व बर्धमान में देसी बम फटने से एक युवक की मौत, दूसरा घायल

कोलकाता, 5 जुलाई (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के पूर्व बर्धमान जिले में शनिवार को एक देसी बम विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। यह घटना कटवा अनुमंडल के रजोआ गांव में रात करीब 8.30 बजे हुई, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। निवासियों ने बताया कि विस्फोट इतना तेज था कि जिस घर में बम बनाने का काम चल रहा था, उसकी टिन की छत उड़ गई। उन्होंने कहा कि विस्फोट एक खाली मकान में हुआ। उनका कहना है कि यहां अक्सर असामाजिक तत्व आते रहते हैं, जो कथित तौर पर देशी बम बनाते हैं। एक निवासी ने बताया कि लगातार दो जोरदार विस्फोट हुए, जिससे पूरा इलाका हिल गया। विस्फोट से आस-पास के घरों के दरवाजे और खिड़कियां हिल गईं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घर के अंदर से एक जला हुआ शव बरामद किया। एक अन्य व्यक्ति, जिसकी पहचान तूफान चौधरी के रूप में हुई है, गंभीर रूप से घायल पाया गया और उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया।

जांच से पता चलता है कि एक स्थानीय व्यक्ति ने घर के अंदर देशी बम बनाने के लिए कुछ बदमाशों को बुलाया था, तभी विस्फोट हो गया।पुलिस यह जांच कर रही है कि क्या उस घर का इस्तेमाल केवल बम बनाने के लिए किया जा रहा था या अन्य कोई संबंध था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और फोरेंसिक टीम घटना स्थल की जांच कर सकती है।

## आतंकी ठिकाना ध्वस्त, तीन हैंडग्रेनेड समेत हथियारों का जखीरा बरामद



पुंछ, 5 जुलाई (एजेंसियां)। पुंछ में सुरनकोट तहसील के बैहराम गल्ला के डैर क्षेत्र में पुलिस और सेना के संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान एक आतंकी ठिकाना ध्वस्त किया गया। इस कार्रवाई में सुरक्षा बलों को भारी मात्रा में हथियार और सामान बरामद हुए हैं सुरक्षाबलों ने बताया कि इस ठिकाने से तीन हैंडग्रेनेड, गोलियां, चार्ज लीड, सरिया रड, वायर कटर, चाकू, पेंसिल सैल, लाइटर सहित कई अन्य सामग्री बरामद की गई है। यह तलाशी अभियान इलाके में सुरक्षा हालात की समीक्षा और आतंकवादियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के तहत चलाया गया था। सुरक्षा बलों की सतर्कता और कड़ी मेहनत के चलते यह महत्वपूर्ण सफलता हासिल हुई है।

## अमरनाथ यात्रा रूट पर हादसा, पांच बसों के आपस में टकरा जाने से 36 श्रद्धालुओं को आई चोटें

जम्मू, 5 जुलाई (एजेंसियां)। शनिवार को रामबन जिले में पांच बसों के आपस में टकरा जाने से करीब 36 अमरनाथ तीर्थयात्री घायल हो गए। ये बसें जम्मू भगवती नगर से दक्षिण कश्मीर के पहलगाम आधार शिविर की ओर जा रहे काफिले का हिस्सा थीं। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चंद्रकूट के पास सुबह करीब आठ बजे हुई। उन्होंने बताया कि टक्कर काफिले की एक बस के ब्रेक फेल हो जाने के कारण हुई। रामबन के उपायुक्त मोहम्मद अलयास खान ने कहा,



पहलगाम काफिले का अंतिम वाहन नियंत्रण खो बैठा और चंद्रकोट लंगर स्थल पर फंसे वाहनों से टकरा गया, जिससे चार वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और 36 यात्री मामूली रूप से घायल हो गए। उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर पहले से मौजूद सरकारी अधिकारियों ने घायलों को रामबन जिला अस्पताल पहुंचाया। रामबन, जम्मू-कश्मीर जिला अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मोहम्मद रफी ने कहा, 'अमरनाथ यात्रा पर जा रहे तीर्थयात्रियों की एक बस दूसरी बस से टकरा गई। हमारे पास कुल 36 घायल मरीज आए थे। सभी मरीजों का यहीं इलाज किया गया है, हमने किसी को किसी अन्य अस्पताल में रेफर नहीं किया। 10 मरीजों को छुट्टी दे दी गई है और अगले 1 घंटे में लगभग सभी मरीजों को छुट्टी दे दी जाएगी।'

## ग्वालियर में गिरफ्तार केंद्रीय पर्यटन मंत्री का फर्जी भतीजा

### 12वीं पास आरोपी ने पुलिस को सुनाई फिल्मी कहानी

ग्वालियर, 5 जुलाई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के ग्वालियर से धोखाधड़ी का एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां पुलिस ने केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के एक फर्जी भतीजे को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ करने पर आरोपी ने फिल्मी कहानी सुनाई और पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। हालांकि, पुलिस के आगे उसका झूठ ज्यादा देर तक टिक नहीं पाया। पुलिस ने इस 12वीं पास जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। यह मामला जनकगंज थानाक्षेत्र का है। इस मामले में जांच कर रही पुलिस ने बताया कि आरोपी का नाम मोहित शेखावत नहीं बल्कि मनोज श्रीवास है, जो भिंड जिले के गोहद का रहने वाला है। 12वीं पास मनोज श्रीवास खुद को केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का भतीजा मोहित शेखावत बताकर लोगों के साथ ठगी करता था। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस को आरोपी के पास से सीबीआई और गृह मंत्रालय के फर्जी आईकार्ड भी मिले। 12वीं पास इस ठग ने ग्वालियर के अमित रावत के साथ धोखाधड़ी की, जिसकी शिकायत अमित ने जनकगंज पुलिस थाने में की है।

## 'भारत माता' धार्मिक प्रतीक कैसे हो सकती हैं केरल हाई कोर्ट ने क्यों किया ये सवाल?

कोच्चि, 5 जुलाई (एजेंसियां)। केरल विश्वविद्यालय में 2 जुलाई को आयोजित हुए कार्यक्रम के बाद विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार को सस्पेंड कर दिया था। कार्यक्रम में विवादित तस्वीर दिखाए जाने और बिना इजाजत आयोजन करने पर राज्यपाल नाराज हो गए थे। कार्यक्रम में भारत माता को भगवा झंडा लिए हुए दिखाया गया। इस पर राज्यपाल ने नाराजगी जाहिर करते हुए कुलपति से रिपोर्ट मांगी थी, जांच के बाद रिपोर्ट सौंपी गई थी और रजिस्ट्रार को सस्पेंड कर दिया गया था। इसी मामले में रजिस्ट्रार ने हाईकोर्ट का रुख किया था। केरल विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार के निलंबन को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए केरल हाईकोर्ट ने सवाल किया कि कैसे भारत माता एक धार्मिक प्रतीक हो सकती है और उसके चित्र को प्रदर्शित करने से कानून-व्यवस्था की समस्या कैसे पैदा हो सकती है।

हाईकोर्ट ने रजिस्ट्रार के अंतरिम निवेदन का सुनवाई करते हुए पुलिस से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। विश्वविद्यालय के कुलपति की तरफ से रजिस्ट्रार के निलंबन पर भी अदालत ने सवाल उठाए हैं। कोर्ट ने कहा कि फोटो में ऐसा क्या था जो उत्तेजक था? और इसको लगाने से केरल में कानून व्यवस्था की समस्या क्यों खड़ी हो सकती थी? केरल हाईकोर्ट ने रजिस्ट्रार से साफ शब्दों में कहा कि जब कार्यक्रम में राज्यपाल खुद मौजूद थे, जो कि यूनिवर्सिटी के चांसलर होते हैं। उनकी बिना इजाजत के ये कार्यक्रम किया गया और उनके बिना अनुमति के कैंसिल किया? रजिस्ट्रार ने आरोप को खारिज करते हुए कहा कि राज्यपाल के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने से पहले नोटिस जारी किया गया था और उनके पास इसे साबित करने के लिए सबूत हैं। मामले की अगली सुनवाई 7 जुलाई को होगी।

## 'हममें नहीं न्याय में भगवान देखें'

### सुप्रीम कोर्ट के जज ने वकील से क्यों कहा ऐसा?

नई दिल्ली, 5 जुलाई (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट अक्सर अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहता है। वहीं, बीते दिन एक सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस ने वकील को गजब की नसीहत दे डाली। एक मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के जज ने वकील से कहा कि न्यायाधीश की बजाए न्याय में भगवान दिखे, तो ज्यादा बेहतर होगा। दरअसल सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान एक वकील ने कहा था कि जज में उन्हें भगवान दिखते हैं, जिसके जवाब में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस ने वकील पर टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट में दो जजों की पीठ, जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस के विनोद चंद्रन उत्तर प्रदेश में एक मंदिर से जुड़े मामले की सुनवाई कर रहे थे। इस मामले की पैरवी करने वाले वकील ने अदालत से आग्रह किया कि उनका मुवक्किल ही उनपर जजों के साथ मिलीभगत करने का आरोप लगा रहा है।

यह मेरे लिए बेहद अवमाननापूर्ण बात है। मेरा मुवक्किल मेरी बात नहीं मान रहा है। मैं खुद को इस केस से अलग करना चाहता हूं। हम तो जजों में हमेशा भगवान को देखते हैं। वकील की बात पर प्रतिक्रिया देते हुए जस्टिस सुंदरेश ने कहा, जजों में भगवान देखने की बजाए न्याय में भगवान को देखें। हम सिर्फ एक विनम्र सेवक हैं। जजों में नहीं न्याय में आस्था रखना जरूरी है। आप भावुक न हों।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता



सुविचार: इंसान मोतियों के हार से भी ज्यादा खूबसूरत पसीने में दिखता है ।

# महिला सशक्तिकरण के लिए तेलंगाना आदर्श बने: भट्टी

## डिप्टी सीएम ने इंदिरा महिला शक्ति समारोह में भाग लिया



हैदराबाद, 5 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि तेलंगाना को महिला सशक्तिकरण के लिए आदर्श बनना चाहिए, उन्होंने महिला समूहों से सरकार द्वारा दिए जा रहे प्रोत्साहन का पूरा लाभ उठाने का आग्रह किया ताकि पूरा देश तेलंगाना को एक उदाहरण के रूप में देखे। उपमुख्यमंत्री ने शनिवार को यहां प्रगति भवन में इंदिरा महिला शक्ति समारोह में भाग लिया।

बाद में उन्होंने समारोह के हिस्से के रूप में महिला समूहों को आरटीसी किराये के चेक वितरित किए। इस अवसर पर बोलते हुए भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में पूरा मंत्रिमंडल महिलाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है और महिलाओं को रानी के रूप में मानने की प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सरकार महिला समूहों को इस दृष्टिकोण से समर्थन दे रही है कि वे लाभ कमाएं, अपने परिवारों को आर्थिक रूप से स्थिर करें और महत्वपूर्ण रूप से प्रगति करें। उपमुख्यमंत्री ने राज्य गठन के बाद 10 साल के शासन के दौरान महिला समूहों के लिए ब्याज मुक्त ऋण और प्रोत्साहन की उपेक्षा करने के लिए पिछली बीआरएस सरकार की आलोचना की। भट्टी विक्रमार्क ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता संभालने के बाद ब्याज मुक्त ऋण को फिर से लागू किया और विशेष व्यवसायों में उनकी भागीदारी को सुविधाजनक बनाकर महिला समूहों को प्रोत्साहित कर रही है।

उन्होंने याद दिलाया कि हैदराबाद के मध्य में पहले ही दो विशाल सभाएं आयोजित की जा चुकी हैं जहां ब्याज मुक्त ऋण चेक वितरित किए गए थे। भट्टी विक्रमार्क ने घोषणा की कि सरकार ने अब उत्सव के रूप में ब्याज मुक्त ऋण का एक और वितरण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने सुझाव दिया कि 7 से 9 जुलाई तक जिला, मंडल और गाँव स्तर पर महिला समूहों को मिलना चाहिए और चर्चा करनी चाहिए कि ऋण निधि का प्रभावी ढंग से उपयोग कैसे किया जाए, कौन से व्यवसाय किए जाएं और सरकार से ब्याज मुक्त ऋण की उपलब्धता के बारे में व्यापक रूप से जागरूकता फैलाई जाए। उपमुख्यमंत्री ने इस बात पर खुशी जताई कि सरकार ने महिला समूहों को बसें खरीदने और उन्हें आरटीसी को पट्टे पर देने में सक्षम बनाया है और शनिवार को पहले चरण में, किराए के रूप में 1 करोड़ रुपये आरटीसी के माध्यम से उन्हें सौंपे गए। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में, आरटीसी से होने वाली बड़ी कमाई महिला समूहों के साथ साझा की जाएगी, जिसकी औपचारिक घोषणा जल्द ही की जाएगी।

भट्टी विक्रमार्क ने यह भी खुलासा किया कि महिलाओं को उद्यमी बनाने के इरादे से, ऊर्जा विभाग ने सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए महिला समूहों के साथ समझौते किए हैं। उन्होंने कहा कि इन समूहों के माध्यम से कम से कम 1,000 मेगावाट बिजली पैदा करने के लिए समझौते किए गए हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिला समूहों को कैंटीन चलाने, स्कूल की मरम्मत और स्कूल की वर्दी सिलने जैसे काम आवंटित करके आर्थिक रूप से समर्थन कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार महिला समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों को खरीदने की योजना पर विचार कर रही है, ताकि उनके निवेश के लिए गारंटीकृत बाजार सुनिश्चित हो सके।

मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के विजन का जिक्र करते हुए भट्टी विक्रमार्क ने कहा, हमारा लक्ष्य एक करोड़ महिलाओं को करोड़पति बनाना है। इस लक्ष्य के अनुरूप, पहले वर्ष में ही महिला समूहों को 21,000 करोड़ रुपये के ब्याज मुक्त ऋण वितरित किए गए और हर साल कम से कम 20,000 करोड़ रुपये ब्याज मुक्त ऋण के रूप में दिए जाएंगे। 12 से 18 जुलाई तक राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में सरकार बड़े पैमाने पर ब्याज मुक्त ऋण चेक का सार्वजनिक वितरण करेगी। सरकार महिलाओं को भी ऋण उपलब्ध कराएगी।

### यूट्यूब चैनल के खिलाफ शिकायत दर्ज

हैदराबाद, 5 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस नेताओं ने फोन टैपिंग मामले में पार्टी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के खिलाफ झूठे और अपमानजनक बयान देने के लिए आईड्रीम मीडिया यूट्यूब चैनल प्रबंधन, इसकी एंकर सौम्या रेड्डी और वकील अरुण कुमार के खिलाफ बंजारा हिल्स पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

बीआरएस नेता चड्डा किशन रेड्डी, वासुदेव रेड्डी, बोमेरा राममूर्ति, गांधी नाइक और अन्य सहित शिकायतकर्ताओं ने कहा कि अरुण कुमार ने 25 जून को प्रसारित एक साक्षात्कार के दौरान निराधार और भ्रामक आरोप लगाए थे, जबकि एंकर सौम्या रेड्डी और चैनल प्रबंधन ने दावों की पुष्टि किए बिना वीडियो अपलोड कर दिए थे। उन्होंने इस साक्षात्कार को चंद्रशेखर राव और बीआरएस की छवि खराब करने का जानबूझकर किया गया प्रयास बताया। उन्होंने इस संबंध में तत्काल कानूनी कार्रवाई की मांग की।

# हमें चिकित्सा के क्षेत्र में वाणिज्य से करुणा की ओर बढ़ना चाहिए : जिष्णु देव वर्मा

## राज्यपाल ने चिकित्सा उत्कृष्टता पुरस्कार-2025 में भाग लिया



हैदराबाद, 5 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी (आईआरसीएस), हैदराबाद जिला शाखा द्वारा आयोजित चिकित्सा उत्कृष्टता पुरस्कार-2025 में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। यह समारोह हैदराबाद के राजभवन सामुदायिक भवन, संस्कृति में आयोजित किया गया था। अपने संबोधन में राज्यपाल ने भारत रत्न डॉ.बी.सी. रॉय को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके द्वारा समर्थित करुणामयी और नैतिक स्वास्थ्य सेवा की विरासत को रेखांकित किया।

तेलंगाना भर के डॉक्टरों के अथक समर्पण की सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि एक डॉक्टर के लिए सच्चा पुरस्कार प्रदान करने से परे मानवता की निस्वार्थ सेवा में निहित है। स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे और स्वास्थ्य-केंद्रित दृष्टिकोण में भारत की प्रगति पर विचार करते हुए राज्यपाल ने चिकित्सा बिरादरी के सदस्यों से वंचितों के लाभ के लिए स्वेच्छा से अपनी विशेषज्ञता का विस्तार करने का आग्रह किया।

उन्होंने जोर देकर कहा, हमें चिकित्सा के क्षेत्र में वाणिज्य से करुणा की ओर बढ़ना चाहिए। राज्यपाल ने मोबाइल मेडिकल यूनिट, रक्तदान अभियान, सीपीआर प्रशिक्षण, बुजुर्गों की देखभाल के कार्यक्रम और दिव्यांगों के लिए सेवाओं सहित स्वास्थ्य सेवा के व्यापक दायरे के लिए भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की सराहना की। उन्होंने मसाब टैंक में एक नए रक्त केंद्र की स्थापना और जेनेरिक दवा दुकानों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य संबंधी पहल शुरू करने की आईआरसीएस की योजनाओं की सराहना की। इस अवसर पर तेलंगाना के प्रतिष्ठित डॉक्टरों को सार्वजनिक स्वास्थ्य में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

राज्यपाल ने चिकित्सा समुदाय से सप्ताह में कम से कम एक दिन स्वैच्छिक सेवा के लिए समर्पित करने और टीबी मुक्त भारत अभियान जैसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियानों में सक्रिय रूप से भाग लेने की भी अपील की। हैदराबाद की जिला कलेक्टर हरिचंदना दासारी, राजभवन के वरिष्ठ अधिकारी, आईआरसीएस राज्य और हैदराबाद जिले के पदाधिकारी, प्रतिष्ठित डॉक्टर और उनके परिवार कार्यक्रम में शामिल हुए।

### अधिकारियों ने मतदाता सूची से चेन्नामनेनी रमेश का नाम हटाया

हैदराबाद, 5 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार के सचेतक और वेमुलावाड़ा विधायक आदि श्रीनिवास ने पूर्व विधायक चेन्नामनेनी रमेश के खिलाफ लंबी कानूनी लड़ाई में एक और जीत हासिल की है। राज्य सरकार के अधिकारियों ने पूर्व विधायक चेन्नामनेनी रमेश का नाम वेमुलावाड़ा विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची से हटा दिया। अधिकारियों ने रमेश के आवास के गेट पर एक नोटिस लगाकर उन्हें मतदाता सूची से उनका नाम हटाए जाने की सूचना दी। यहां यह ध्यान देने योग्य है कि तेलंगाना उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा था कि चेन्नामनेनी रमेश भारतीय नागरिक नहीं हैं। इसके बाद विधायक आदि श्रीनिवास ने अधिकारियों से उच्च न्यायालय के फैसले के आधार पर चेन्नामनेनी रमेश का नाम मतदाता सूची से हटाने को कहा। अधिकारियों ने मतदाता सूची से उनका नाम हटाने के संबंध में नोटिस जारी किए। हालांकि, चेन्नामनेनी रमेश ने अधिकारियों के नोटिस का जवाब नहीं दिया। इसके बाद अधिकारियों ने रमेश का नाम मतदाता सूची से हटा दिया। देश में ऐसा पहली बार हुआ है कि चार बार विधायक रह चुके किसी पार्टी नेता का नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया है।

### सरकारी प्रमाण-पत्रों के जालसाजी के आरोप में पिता-पुत्र गिरफ्तार

आदिलाबाद, 5 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। सरकारी प्रमाण-पत्र और स्टाम्प की जालसाजी करके लोगों को ठगने वाले एक पिता-पुत्र गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने शनिवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसके पास से खाली दस्तावेज, नकली स्टाम्प, एक कंप्यूटर और एक हार्ड डिस्क जब्त की गई। एक अन्य आरोपी फरार है। पुलिस अधीक्षक अखिल महाजन ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि लाडवी बद्रीनाथ को फर्जी जन्म, समुदाय और निवास प्रमाण पत्र बनाकर लोगों को ठगने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इस रैकेट में शामिल उसका बेटा राहुल कुमार अभी भी फरार है। पूछताछ के दौरान बद्रीनाथ ने त्वरित धन कमाने के लिए राजस्व, पंचायत राज, नगरपालिका, पुलिस और पंजीकरण सहित विभिन्न सरकारी विभागों के जाली प्रमाण पत्र बनाने की बात कबूल की। महाजन ने रैकेट का भंडाफोड़ करने के लिए आदिलाबाद डीएसपी एल जीवन रेड्डी, सीसीआई इंस्पेक्टर बी चंद्रशेखर और आदिलाबाद I टाउन इंस्पेक्टर बी सुनील कुमार की सराहना की।

# अधिकारियों ने लापता पीड़ितों के डीएनए नमूने के लिए उनके रिश्तेदारों को बुलाया

संगारेड्डी, 5 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। सिगाची क्लोरो केमिकल्स लिमिटेड में दुर्घटना के बाद अज्ञात शवों की पहचान और अभी भी लापता लोगों का पता लगाने में तेजी लाने के लिए, संगारेड्डी जिला प्रशासन ने रविवार को रक्त के नमूने एकत्र करने की सुविधा के लिए लापता श्रमिकों के चार रक्त संबंधियों के लिए हवाई टिकट की व्यवस्था की है। प्रशासन अभी भी 9 व्यक्तियों का पता नहीं लगा पाया है और घटनास्थल से बरामद दो शवों की पहचान नहीं कर पाया है, जिन्हें फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शवगृह में रखा गया है। विशेषज्ञों की सलाह के बाद, अधिकारियों ने लापता नौ लोगों और दो अज्ञात मृतकों सहित 11 लापता व्यक्तियों में से प्रत्येक के दो रिश्तेदारों से रक्त के नमूने एकत्र करने का फैसला किया है। शुक्रवार तक केवल एक नमूना ही एकत्र किया गया था। 11 व्यक्तियों में से केवल छह के ही दो रक्त संबंधी पहले से ही जिले में मौजूद थे। आगे की देरी से बचने के लिए अधिकारियों ने पांच रिश्तेदारों के लिए हवाई यात्रा की व्यवस्था की। हालांकि, उनमें से एक ने पहले ही ट्रेन से हैदराबाद की यात्रा शुरू कर दी थी, जबकि बाकी चार की व्यवस्था जिला प्रशासन पर छोड़ दी गई थी।

संगारेड्डी के आरडीओ रविंदर रेड्डी ने बताया कि चिक्कन सिंह (मध्य प्रदेश), राहुल कुमार शर्मा (उत्तर प्रदेश), विजय कुमार निषाद (बिहार) और अखिलेश निषाद (बिहार) के परिजनों के लिए हवाई जहाज के टिकट की व्यवस्था कर दी गई है। जिला प्रशासन यात्रा का सारा खर्च उठा रहा है। रविवार सुबह उनके रक्त के नमूने एकत्र किए जाएंगे और उन्हें केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) भेजा जाएगा। दो अज्ञात शवों के अलावा, अधिकारियों ने पिछले तीन दिनों में 25 क्षत-विक्षत शव बरामद किए हैं। इन्हें भी सीएफएसएल को भेजा गया है, इस उम्मीद में कि डीएनए विश्लेषण से बाकी लापता लोगों का पता लगाने में मदद मिलेगी। दुर्घटना के समय घटनास्थल पर मौजूद 143 लोगों में से 61 सुरक्षित पाए गए, जबकि 40 को मृत घोषित कर दिया गया। नौ लोगों का पता नहीं चल पाया है और दो शव शवगृह में हैं। उन्नीस घायलों का इलाज चल रहा है, जबकि 12 को ठीक होने के बाद छुट्टी दे दी गई है।

### बाइक से गिरकर मेदक एसआई गंभीर रूप से घायल

मेदक, 5 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस उपनिरीक्षक दाराबोयिना विठ्ठल (59) शुक्रवार देर रात मेदक जिले के एडुपयाला मंदिर कामन में मोटरसाइकिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मेदक टाउन पुलिस स्टेशन में कार्यरत विठ्ठल को दुर्घटना में कई चोटें आईं। उनकी हालत गंभीर होने पर उन्हें स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया और बाद में उन्नत उपचार के लिए कॉरपोरेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। पपन्नापेट पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# डीएनए के जरिए सिगाची विस्फोट के तीन और पीड़ितों की हुई पहचान

## 11 परिवारों को अभी भी पुष्टि का इंतजार



संगारेड्डी, 5 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। सिगाची क्लोरो केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड विस्फोट के पीड़ितों के तीन और शवों की पहचान शनिवार सुबह केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) से डीएनए रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद हुई। इसके साथ ही, पहचाने गए पीड़ितों की कुल संख्या 39 हो गई है। दो और शव पठानचेरूवु के सरकारी अस्पताल के शवगृह में रखे हैं। अधिकारी शनिवार शाम तक कुछ और डीएनए रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं और उन्हें उम्मीद है कि बाकी दो शवों की भी पहचान हो जाएगी।

शनिवार को पहचाने गए तीनों व्यक्ति बिहार और ओडिशा के प्रवासी मजदूर थे। वे ओडिशा के पूर्णचंद्र साहू और बिहार के असलम अंसारी और शंभू राम विहार थे। उनके शवों को उनके पैतृक गांवों में भेजने के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था की जा रही है। इस बीच, 11 और परिवार अभी भी अपने लापता रिश्तेदारों का पता लगाने का इंतज़ार कर रहे हैं, जो विस्फोट के बाद लापता हो गए थे। डीएनए मिलान के लिए उनके रक्त के नमूने एकत्र किए गए थे। ये परिवार संगारेड्डी जिले के पाशमिलारम में औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित एक पुनर्वास केंद्र में रह रहे थे।

### जी सुरेन्द्र लोजपा श्रमिक शाखा का अध्यक्ष नियुक्त



संगारेड्डी, 5 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। भेल एससी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जी सुरेन्द्र को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास पासवान) श्रमिक प्रकोष्ठ के तेलंगाना जनशक्ति मजदूर सभा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सुरेन्द्र को शनिवार को नई दिल्ली कार्यालय से नियुक्ति पत्र मिला। सुरेन्द्र ने अपनी योग्यताओं पर भरोसा रखने के लिए पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उनके सहकर्मियों और एससी कर्मचारी संघ के सदस्यों ने सुरेन्द्र को उनकी नियुक्ति पर बधाई दी।

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पिकेट सिकंदराबाद
PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA PICKET SECUNDERABAD
TEL/FAX:040-29804096, 040-29804092
E-mail: principalkvpicket1521@gmail.com Website: kvpicket.edu.in
School No 59511 Affiliation No 100002
F.No.34(a)/KVP/2654.35 Dt.03.07.2025

साक्षात्कार/WALK-IN-INTER

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पिकेट में पीजीटी (अंग्रेजी), टीजीटी-अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, गणित एवं विशेष शिक्षक पदों के लिए, शुध्द रूप से संविदात्मक आधार पर नियुक्ति के लिए दि. 11-07-2025 को आयोजित साक्षात्कार में भाग लेने के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। साक्षात्कार के लिए प्रातः 8 बजे से 9 बजे तक पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए https://kvs.picket.ac.in देखें।

Applications are invited to participate in the interview for purely contractual appointment to the posts of PGT (English), TGT-English, Social Science, Science, Mathematics and Special Educator at PM SHRI Kendriya Vidyalaya Picket, which will be held on 11.07.2025. Registration for the interview is mandatory from 8.00 A.M.to 9 A.M. For more information, please visit: https://kvs.picket.ac.in

# टीजीएसडब्लूआरईआईएस ने लोगों को आगाह किया

## गुरुकुल में दाखिले के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले बिचौलियों का मामला

हैदराबाद, 5 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सोशल वेलफेयर रेजिडेंशियल एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस सोसाइटी (टीजीएसडब्लूआरईआईएस) हैदराबाद ने गुरुकुलम स्कूलों में दाखिले का दावा करने वाले बिचौलियों द्वारा धोखाधड़ी की चौंकाने वाली रिपोर्ट के बाद लोगों को आगाह किया है। ये अनधिकृत एजेंट कथित तौर पर गारंटीड एडमिशन के झूठे आश्वासन के तहत बेखबर अभिभावकों से पैसे वसूल रहे हैं, आर्थिक रूप से वंचित पृष्ठभूमि के परिवारों के भरोसे और आकांक्षाओं का फायदा उठा रहे हैं। टीजीएसडब्लूआरईआईएस के सूत्रों ने खुलासा किया है कि कुछ लोग विधायकों और सांसदों सहित निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के नाम और लोगो वाले फर्जी लेटरहेड का इस्तेमाल कर अभिभावकों को अपनी वैधता का भरोसा दिलाने की हद तक जा रहे हैं। ये हरकतें सोसाइटी के ध्यान में आई हैं, जिसके बाद उसने लोगों से इस तरह के धोखे का शिकार न होने का आग्रह किया है। अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से स्पष्ट किया है कि किसी भी गुरुकुलम संस्थान में कोई भी सीट सिफारिश या वित्तीय आदान-प्रदान के जरिए आवंटित नहीं की जाती है। सोसायटी ने दोहराया कि उसकी प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह से योग्यता आधारित है और पिछले वर्षों के विपरीत इस वर्ष पूरी पारदर्शिता के साथ काम कर रही है। इस वर्ष मेरिट सूची के साथ-साथ अंक भी सोसायटी की वेबसाइट पर प्रकाशित किए गए हैं। सभी आवेदनों को डिजिटल रूप से संसाधित किया जाता है और छात्र का चयन केवल फरवरी 2025 में आयोजित एक सामान्य प्रवेश परीक्षा में प्रदर्शन के माध्यम से योग्यता के आधार पर निर्धारित किया जाता है।

चयन होने के बाद, सफल उम्मीदवारों के नाम आधिकारिक वेबसाइट पर सूचीबद्ध किए जाते हैं, और आवेदन प्रक्रिया के दौरान दिए गए पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर सीधे एसएमएस सूचनाएं भेजी जाती हैं। इसके अलावा, अभिभावकों को वॉयस मैसेज के जरिए भी निर्देशित किया जाता है। पिछले वर्षों में, बिचौलियों या मौद्रिक सौदों के माध्यम से सीटों को प्रभावित करने की कई शिकायतें मिली थीं।

जवाब में, टीजीएसडब्लूआरईआईएस ने विवेकाधीन प्रवेशों को रोकने, भ्रष्टाचार को खत्म करने और यह सुनिश्चित करने के लिए 2024 में व्यापक सुधार लागू किए कि सबसे हाशिए पर और कम आय वाले पृष्ठभूमि के योग्य छात्रों को समान अवसर मिले। नतीजतन, धोखेबाज एजेंट अब गरीब परिवारों को लुभाने के लिए जाली दस्तावेजों और राजनीतिक नाम-गिरावट सहित अधिक परिष्कृत धोखे का सहारा ले रहे हैं।

CHANGE OF NAME

I, Chaya W/o. Umesh Kulkarni, Resident of H.No. 2-2-647/8/4, Flat No. 202, DMR Suryodaya, Street No.05, Near Anantha Sai School, Central Excise Colony, Bagh Amberpet, Hyderabad-500013, Telangana, I am the natural Mother of Anish Kulkarni who is aged about 17 years. In my son's Marks Memo, my name is mentioned Chaya henceforth known as Chayadevi Desai to be submitted in All Official Documents by way of Notarised Affidavit dated : 05-07-2025.

सावधान

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

।। श्री रामजी ।। ।। श्री रामगुरु देवाय नमः ।। ।। राघवदासाय नमः ।।

तेलंगाना की पावन धरा पर प्रथम गुरु पूर्णिमा महोत्सव

:आशीर्वाद से:



श्री श्री 1008 परम् पूज्य गुरुदेव श्री माधवरावजी महाराज



:सानिध्य में:



श्री सोहनरामजी महाराज
उत्तराधिकारी रामद्वारा निमाज

:शुभस्थल: आर.के.एम. फंक्शन हॉल, काचवानी सिंगारम, पीरजादीगुडा, हैदराबाद

आज रविवार दि. 6 जुलाई 2025

कलश यात्रा, पूज्य गुरुदेवजी का पुष्प-वर्षा व गाजे-बाजे के साथ बधावा
मध्यान् 2.15 बजे से गुरुवाणी का पाठ, पूजन व प्रवचन
सायं 6.15 बजे से भोजन-प्रसादी ; रात्रि 9.15 बजे से जागरण
(प्रमुख भजन गायकार: श्री हुक्मीचन्दजी पिपाड़ा, ओमप्रकाश मानणीया)

:भजन गायकार:



श्री आनन्दरामजी महाराज

: निवेदन : सभी गुरु भक्तों से निवेदन है कि समय पर सपरिवार पधार कर कार्यक्रम का लाभ लेवे

: निवेदक : समस्त गुरुभक्त मंडल हैदराबाद

: अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करे :

9490705738, 9000680122, 9700405311, 9032509407, 9949668187, 9000621983, 9000210083, 9928944377

P.Solankey

# पटना में बड़े कारोबारी की गोली मारकर हत्या

## कार से उतरते ही बदमाशों ने कर दी फायरिंग, कानून व्यवस्था पर उठे सवाल



पटना, 5 जुलाई (एजेंसियां)। बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान थाना इलाके में एक नामी बिजनेसमैन गोपाल खेमका की 4 जुलाई की रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस हत्या कांड से इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने उनके शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है और हत्यारों की तलाश शुरू कर दी है।

गोपाल खेमका की हत्या पर एसपी पटना दीक्षा ने कहा,"4 जुलाई की रात करीब 11 बजे हमें सूचना मिली कि व्यवसायी गोपाल खेमका की गांधी मैदान के दक्षिणी इलाके में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। घटनास्थल को सुरक्षित कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है। फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचे हैं और मामले की जांच शुरू कर दी है।

**बड़े बिजनेसमैन थे गोपाल खेमका**

गोपाल खेमका की बात करें तो वे पटना के बड़े बिजनेसमैन थे और मगध अस्पताल के मालिक भी थे। उनके बेटे गुंजन खेमका की हत्या वैशाली के औद्योगिक थाना क्षेत्र में अपराधियों ने 6 साल पहले हुई थी। इसको लेकर काफी बवाल मचा था और गोपाल खेमका की हत्या के बाद नए सिरे से कानून व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

**कार से उतरते ही मारी गोली**

जानकारी के मुताबिक गोपाल खेमका पटना क्लब से लौट रहे थे। वे जैसे ही अपने आवास पनास होटल के पास एक अपार्टमेंट में अपनी कार से उतरे, तैसे ही अपराधियों ने उन पर अंधाधुंध गोलियां बरसा दीं। इसके चलते उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस को सूचना मिलने पर अधिकारी पहुंचे तो शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**डीजीपी ने जांच के लिए बनाई एसआईटी**

पटना पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और बदमाशों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने कहा कि जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी कर ली जाएगी। न्यूज एजेंसी की खबर के अनुसार मामले की जांच के लिए बिहार डीजीपी विनय कुमार ने एसपी सिटी सेंट्रल के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया है।

# एक ही गांव की 3 नाबालिग लड़की लापता

## तीनों 2 दिन पहले बैंक केवाईसी करवाने गई थी; परिजनों ने अपहरण की आशंका जताई

मुजफ्फरपुर, 5 जुलाई (एजेंसियां)। मुजफ्फरपुर के मोतीपुर थाना क्षेत्र से एक ही गांव की तीन नाबालिग लड़की 2 दिन से लापता है। तीनों सेंट्रल बैंक में केवाईसी करवाने गई थी। काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों ने अपहरण की आशंका जताई है।

थाने में दिए लिखित आवेदन में एक लड़की के पिता ने बताया, 'गुरुवार को तीनों मोतीपुर चौक स्थित सेंट्रल बैंक में गई थी। देर शाम तक घर नहीं लौटी। रिश्तेदारों के यहां भी पूछा, लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। थक-हारकर बच्ची की बरामदगी के लिए थाना पहुंचा। हमलोग साधारण किसान परिवार से हैं। आशंका है कि अपहरण करके अप्रिय घटना को अंजाम दिया जा सकता है। किसी अनहोनी की आशंका से पूरा परिवार डरा हुआ है।'

**प्लानिंग करके भागी है**

पिंकी(16), कविता (13) और प्रिया(15), (काल्पनिक नाम) तीनों एक ही गांव के रहने वाली है। कविता नौवीं कक्षा में पढ़ती है। पिंकी और प्रिया चार साल पहले पढ़ाई छोड़ चुकी है। पिंकी की शादी तय हो गई है। अगले महीने उसकी शादी होने वाली थी।

पहचान नहीं बताने की शर्त पर ग्रामीण ने बताया कि पिंकी अपना मोबाइल साथ लेकर गई है। मोबाइल से अपने परिजनों से भी बात कर रही है। प्रिया घर से कपड़ा लेकर गई है। प्लानिंग करके ही तीनों घर से निकली है। प्रिया की बड़ी बहन ने लव मैरिज किया था। तीन साल पहले घर से भाग गई थी।

**बहला-फुसलाकर बेटी को लेकर गई है**

कविता के पिता ने बताया कि थाने में आवेदन दिया हूं। मेरी बेटी अपने दो दोस्तों के साथ गई है। 9वीं कक्षा में पढ़ती है। दोनों दोस्त उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ लेकर गई है।

**लड़की ने घरवालों को फोन करके जानकारी दी है**

मोतीपुर थानाध्यक्ष राजन कुमार पांडे ने बताया, 'एक लड़की के पास मोबाइल है। घरवालों को फोन करके कहा कि हम तीनों ट्रेन में हैं और राजस्थान जा रहे हैं। टेक्निकल तरीके से जांच चल रही है। जल्द ही बरामदगी कर ली जाएगी।'

**सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है**

वहीं, इस संबंध में ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर ने बताया कि तीन लड़की के लापता होने का आवेदन मिला है। आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। तीनों के सकुशल बरामदगी के लिए पुलिस जांच कर रही है।

मर्डर केस को लेकर विपक्ष का नीतीश सरकार पर हमला

# तेजस्वी ने पूछा-इसे जंगलराज नहीं कह सकते?




पटना, 5 जुलाई (एजेंसियां)। बिहार के बड़े उद्योगपति गोपाल खेमका की हत्या के बाद बिहार की सियासत गरमा गई है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने नीतीश सरकार पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने लोगों से पूछ भी लिया कि इसे जंगलराज क्यों नहीं कहा जा सकता है। तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर पूछा कि थाना से चंद कदम दूर पटना में बिहार के बड़े व्यापारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हर महीने बिहार में सैकड़ों व्यापारियों की हत्या हो रही है लेकिन जंगलराज नहीं कह सकते? क्योंकि इसे ही शास्त्रों में मीडिया प्रबंधन, परसेप्शन मैनेजमेंट और छवि प्रबंधन कहते है।

**बिहार में नरसंहार हो रहा है**

इतना ही नहीं तेजस्वी यादव ने सीवान में तीन लोगों की हत्या पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि बिहार में नरसंहार हो रहा है। सीवान में छह लोगों को गोली मारी गई। इसमें तीन लोगों की मौक़ा ए वारदात पर मौत हो गई। तेजस्वी ने तंज कसते हुए कहा कि अचेत मुख्यमंत्री की अगुआई में विधि व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख और बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने नीतीश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार में अब सुशासन नहीं, खुला राक्षसराज चल रहा है। वीआईपी के प्रमुख सहनी ने फेसबुक पर पोस्ट करते हुए लिखा, "पटना में नामी बिजनेसमैन गोपाल खेमका की सरेआम हत्या ने बिहार को दहला दिया है।

राज्य में हत्या, लूट, अपहरण आम हो गया है, लेकिन सुशासन सरकार गहरी नींद में है। आम आदमी तो दूर, अब तो बड़े कारोबारी भी सुरक्षित नहीं हैं।" उन्होंने कहा कि बिहार में अब सुशासन नहीं, खुला राक्षसराज चल रहा है।

**इस क्रूर एनडीए राज में कोई सुरक्षित नहीं है**

वहीं पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने गोपाल खेमका के बेटे के साथ अपनी तस्वीर शेयर करते हुए लिखा कि कहा कि इस बच्चे को क्या दिलासा दूं? सात साल पहले गोपाल खेमका जी के पुत्र गुंजन खेमका की हत्या हुई थी, उन्हें न्याय का भरोसा दिलाने गया था।

## कैंटर पर हाईटेंशन तार गिरा, कंडक्टर जिंदा जला

अमरोहा, 5 जुलाई (एजेंसियां)। अमरोहा में केमिकल से लदे कैंटर में आग लगने से कंडक्टर जिंदा जल गया। देर रात तेज रफ्तार कैंटर बेकाबू होकर सड़क किनारे पलट गया। ड्राइवर अपने घर चला गया। कंडक्टर गाड़ी के पास बैठा था। करीब 4 बजे ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गाड़ी पर गिर गया, जिससे गाड़ी में आग लग गई।

आग बुझाने की कोशिश कर रहे कंडक्टर का पैर हाईटेंशन तार पर पड़ गया और वह जिंदा जल गया। कंडक्टर का सिर्फ कंकाल ही बचा था। आसपास की दुकानें भी आग की चपेट में आ गईं। आग की लपटें देखकर आसपास के लोग भागकर मौके पर पहुंचे। आग इतनी भीषण थी कि कंडक्टर को बचाने कि किसी की हिम्मत नहीं हुई।

# अपराधियों को किसी कीमत पर बख्शा न जाए : सीएम नीतीश



पटना, 5 जुलाई (एजेंसियां)। बिहार के बड़े उद्योगपति गोपाल खेमका की हत्या के बाद सियासत गरमा गई है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बिहार सरकार को इस मामले पर घेरा। मामला बढ़ते देख सीएम नीतीश कुमार ने बिहार पुलिस के वरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बिहार के डीजीपी विनय कुमार और अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ विधि व्यवस्था की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि अपराध नियंत्रण में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतें। लापरवाही बरतनेवाले पदाधिकारियों और पुलिस कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

बैठक में सीएम नीतीश कुमार को पुलिस महानिदेशक ने अपराध नियंत्रण को लेकर किए जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने उद्योगपति गोपाल खेमका की हुई हत्या के संबंध में बिहार के डीजीपी से विस्तृत जानकारी ली। सीएम ने कहा कि यदि आपराधिक घटना के पीछे किसी प्रकार की साजिश है तो उसकी भी जांच की जाय और जांचोपरांत कठोर कार्रवाई करें।

**विधि व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता**

समीक्षा के दौरान सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि विधि व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराध करनेवाले कोई भी हों, उन्हें किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाय। उन्होंने कहा कि घटित आपराधिक घटनाओं के अनुसंधान कार्यों में तेजी लाये और इसे ससमय पूर्ण करें ताकि दोषियों पर त्वरित कार्रवाई हो सके।

# एक किलो का 'योगी' आम देखकर चौंके सीएम



लखनऊ, 5 जुलाई (एजेंसियां)। लखनऊ के शिल्पग्राम में 3 दिवसीय मैंगो फेस्टिवल का आगाज हुआ। इसमें आम की 800 से अधिक वैराइटी का प्रदर्शन किया जा रहा है। एक किलो का 'योगी' आम, ऊपर से कटहल जैसा दिखने वाला मोदी-3.0 आम, 4-5 किलो का वजनी भृगु आम लोगों को आकर्षित कर रहे हैं।

## अपराध समाचार

### 'मैं ससुराल वालों से दुखी होकर सुसाइड कर रहा हूं'

आगरा, 5 जुलाई (एजेंसियां)। आगरा में हलवाई का काम करने वाले 22 वर्षीय युवक ने खुदकुशी कर ली। युवक ने जान देने से पहले वीडियो बनाया। इस वीडियो में उसने कई चौंकाने वाले आरोप ससुराल पक्ष पर लगाए हैं। साथ ही पत्नी को लेकर भी कई बातें कहीं हैं। आगरा के थाना ट्रांस यमुना के पवन विहार इलाके में हलवाई का काम करने वाले 22 वर्षीय गौरव ने फंदा लगा लिया। शुक्रवार सुबह मृतक के जीजा के घर पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई। कुछ देर बाद ही वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस मामले की जांच में लगी है।

### चिमनी के गड्ढे में डूबे किशोर, 3 की मौत

सीवान, 5 जुलाई (एजेंसियां)। सीवान के भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के मोरा खास गांव से शनिवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। गांव के 3 मासूम किशोरों की एक चिमनी के गहरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान मोरा खास निवासी पंकज यादव का बेटा बृजेश कुमार (8), हरिकिशोर यादव का बेटा अमन कुमार और रंगीला यादव का बेटा अजित कुमार (10) के रूप में की गई है। इनमें अजित कुमार अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। घटना के संबंध में मृतक अमन के चाचा नंद किशोर यादव ने बताया कि गांव में ही एक चिमनी स्थित है, जहां ईंट निर्माण के लिए जेसीबी से गहरी मिट्टी की खुदाई की गई थी। उसी गड्ढे में बारिश का पानी भर गया था।

### पहले प्रेमिका फिर प्रेमी ने लगाई फांसी

भागलपुर, 5 जुलाई (एजेंसियां)। भागलपुर में प्रेमिका के सुसाइड के बाद प्रेमी ने भी खुदकुशी कर ली। कमरे में फंदे से लटका हुआ शव मिला है। मृतक माता-पिता का इकलौता बेटा था। बीए पार्ट वन में पढ़ता था। घटना रंगरा थाना क्षेत्र के पुवारी टोला की है। मृतक के परिजनों ने बताया, 'सोनू(22) का डुमरिया गांव की लड़की से एक साल से अफेयर चल रहा था। बुधवार रात दोनों के बीच मोबाइल पर लंबी बातचीत हुई थी। बातचीत के दौरान किसी बात पर बहस हो गई। गुस्से में लड़की ने फोन काट दिया।

कुछ देर बाद गले में फंदा डालकर खुदकुशी कर ली। घटना के समय घर में अकेली थी। उसके माता-पिता शादी समारोह में गए थे। गुरुवार को आत्महत्या की जानकारी सोनू और उसके परिवार को मिली। जिसके बाद घरवालों ने सोनू की पिटाई कर दी। रात में खाना खाकर वो कमरे में सोने चला गया। सुबह काफी देर तक नहीं जगा। घरवालों ने दरवाजा खटखटाया, लेकर कोई जवाब नहीं मिला। खिड़की से झांककर देखा तो फंदे से लटका हुआ था। दरवाजा तोड़कर घर के सदस्य अंदर गए। उसे नीचे उतारा तब तक उसकी मौत हो गई थी।

## 25 साल के युवक को कोर्ट ने सुनाया 21 साल का सश्रम कारावास



सुपौल, 5 जुलाई (एजेंसियां)। सुपौल जिले के निर्मली थाना क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में कोर्ट ने आरोपी 25 वर्षीय अजय कुमार को दोषी करार देते हुए 21 साल का सश्रम कारावास सुनाया है। फैसला शुक्रवार को जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश षष्ठम सह विशेष न्यायाधीश पॉक्सो संतोष कुमार दुबे की अदालत ने सुनाया। दुष्कर्म मामले में दोषी अजय कुमार निर्मली प्रखंड के ही मझारी वार्ड 8 का रहने वाला है। कोर्ट ने उसे भारतीय दंड संहिता की धारा 376(2)(जे)(एन) के तहत 21 साल की सश्रम कैद और 50 हजार रुपए जुर्माना सुनाया। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे 6 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

कोर्ट ने धारा 363 के तहत 5 साल की कैद और 10 हजार रुपए जुर्माना, धारा 366 के तहत 6 साल की कैद और 10 हजार रुपए जुर्माना भी सुनाया गया। दोनों मामलों में जुर्माना नहीं देने पर 1-1 महीने की अतिरिक्त सजा तय की गई। अजय कुमार ने 30 नवंबर 2023 को कोर्ट में आत्म समर्पण किया था। तभी से वह जेल में है। घटना 1 अगस्त 2023 से 19 अगस्त 2023 के बीच हुई थी। वही मामले में एफआईआर 12 अक्टूबर 2023 को दर्ज हुआ।

# यूपी में दूल्हे समेत आठ की मौत

> दीवार से चिपक गई थी बोलेरो...बुरी तरह फंसे थे लोग > इस वजह से हुआ दर्दनाक हादसा



संभल, 5 जुलाई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के संभल में दर्दनाक सड़क हादसा बोलेरो चालक की लापरवाही से हुआ है। बोलेरो रफ्तार बेकाबू थी। इसके चलते ही चालक ने स्टेयरिंग से नियंत्रण खो दिया और अचानक से गाड़ी पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि दूर तक आवाज पहुंची, लोग मौके पर आए, लेकिन मदद नहीं कर सके क्योंकि क्षतिग्रस्त बोलेरो दीवार से चिपक जैसी गई थी। पुलिस के पहुंचने पर शव और घायल बोलेरो से बाहर निकाले गए। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि वह हादसे के बाद मौके पर पहुंच गए थे। उन्होंने पुलिस के साथ आम लोगों से भी हादसे की जानकारी ली। एसपी ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा चालक की लापरवाही से हुआ है। बोलेरो की रफ्तार तेज थी। अचानक से ही कॉलेज की दीवार से जा भिड़ी। इस भीषण हादसे में आठ लोगों की जान चल गई है, एक घायल का उपचार चल रहा है, जिसकी हालत गंभीर है। तीन वर्षीय बालिका की हालत ठीक है। मौके पर पांच लोगों ने दम तोड़ा था। घटनास्थल पर पुलिस को आधार कार्ड मिले थे। उसके माध्यम से सूचना पीड़ित परिवार तक पहुंचाई गई। एसपी ने बताया कि हादसे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो क्रेन से बोलेरो को दीवार से दूर किया गया। इसके बाद मशीन से बोलेरो के दरवाजे काटे गए। तब शव और घायलों को निकाला गया। पहले सीएचसी भर्ती कराया और बाद में अलीगढ़ के लिए रेफर कराया गया।

**तत्काल मिलता उपचार तो शायद बच सकती थी कई की जान**

घटनास्थल और थाने की दूरी करीब 400 मीटर है। हादसा करीब 7:30 बजे हुआ है। सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के पहुंचने तक राहगीर मदद करने के प्रयास में लगे रहे। जब पुलिस पहुंची तो घायल सीएचसी ले जाए गए। पांच लोगों की तो मौके पर ही मौत हो गई थी। पांच लोग तड़प रहे थे।

हादसा होने और उपचार मिलने में करीब 40 मिनट का समय लग गया। ग्रामीणों ने कहा कि यदि इन घायलों को तत्काल उपचार मिल जाता तो शायद कई लोगों की जान बच सकती थी। हादसा भीषण होने के कारण सभी का खून ज्यादा बह गया। ज्यादा खून बहना और गहरे जख्म होने को ही लोग मौत का कारण मान रहे हैं।

# यूपी की आस्था बनीं नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट

## बागपत की बेटी को मिला 'विंग्स ऑफ गोल्ड', पिता नवोदय विद्यालय में टीचर



बडौत, 5 जुलाई (एजेंसियां)। यूपी के बागपत की बेटी आस्था पूनिया में भारतीय नौ सेना की पहली महिला फाइटर पायलट बनी। आस्था पूनिया को विंग्स ऑफ गोल्ड सम्मान दिया गया। अब वह भारतीय नौसेना की लड़ाकू विमानों की पायलट बन गई हैं। आस्था के माता-पिता सरकारी टीचर हैं। परिवार में एक छोटा भाई भी है। फैमिली पिछले 12 साल से मेरठ में रह रही है। शुरुआत से ही आस्था का सपना भारतीय नौसेना में जाने का था।

आस्था के पिता अरुण पूनिया मेरठ के सरधना स्थित नवोदय विद्यालय में अध्यापक हैं। मां संयोगिता चौधरी भी प्राथमिक विद्यालय में सरकारी शिक्षिका हैं। छोटा भाई अनमोल अभी पढ़ाई कर रहा है। आस्था ने मेरठ से ही अपना ग्रेजुएशन पूरा किया। इसके बाद राजस्थान में रहकर डिफेंस की तैयारी की थी।

**3 जुलाई को मिली उपलब्धि**

3 जुलाई को विशाखापत्तनम में स्थित आईएनएस डेगा में द्वितीय बेसिक हाक कन्वर्जन कोर्स का समापन हुआ, जिसमें आस्था को विंग्स ऑफ गोल्ड सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें रियर एडमिरल जनक बेवली ने सौंपा। यह सम्मान सिर्फ नौसेना के लड़ाकू विमानों के पायलटों को प्राप्त होता है।

**एक साल पहले हुआ था चयन**

पिता अरुण पूनिया ने बताया-आस्था ने इंटरमीडिएट के बाद से ही डिफेंस की तैयारी शुरू कर दी थी। वह बचपन से ही नौ सेना में जाना चाहती थी। एक साल पहले उसका चयन नौ सेना में ऑफिसर ग्रेड पर हुआ था। इसके बाद उसने फाइटर पायलट बनने के लिए अटैचमेंट कोर्स किया।

**बागपत से ही मैट्रिक और इंटर किया**

आस्था की शुरुआती पढ़ाई बागपत से हुई थी। मैट्रिक गिरधारी लाल पब्लिक स्कूल और इंटरमीडिएट एसडी पब्लिक स्कूल से किया था। 12वीं के बाद दो साल पहले नौसेना के लिए आवेदन किया था।

मां संयोगिता चौधरी का कहना है- बच्चों का सपना पूरा करना ही हमारी सबसे बड़ी खुशी है। आस्था ने अपनी मेहनत से यह साबित किया कि लड़की भी किसी से कम नहीं है।

चाचा अजय पूनिया और विकास पूनिया ने बताया- यह हमारे परिवार और गांव के लिए गर्व की बात है। हम सभी आस्था की सफलता से बहुत खुश हैं। वहीं आस्था के नाना नाना राजेंद्र सिंह और जयकरण सिंह ने भी ननिहाल में इस खुशी को धूमधाम से मनाया।

## लॉटरी-जुए के अड्डे पर छापेमारी, 12 बाइक और नकदी के साथ एक गिरफ्तार

**भगोड़ों की तलाश में जुटी पुलिस**

पटना, 5 जुलाई (एजेंसियां)। जिले के बिहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत महादेव फुलवारी में पुलिस ने अवैध लॉटरी और जुए के अड्डे पर देर रात बड़ी कार्रवाई की। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस छापेमारी में पुलिस ने मौके से 18 हजार 800 रुपये नकद और 12 मोटर साइकिलें जब्त की हैं, जबकि एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार युवक की पहचान छोटू उर्फ छोटू सिंह, निवासी विशनपुरा गांव के रूप में हुई है। वहीं छापेमारी की भनक लगते ही अंधेरे का फायदा उठाकर कई अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए। महादेव फुलवारी में करकट की छत वाले एक अस्थायी मकान में यह गेसिंग अड्डा संचालित हो रहा था। छापेमारी का नेतृत्व कर रहे थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध लॉटरी व जुए के कारोबार की सूचना मिल रही थी। इसके बाद विशेष टीम का गठन कर घेराबंदी करते हुए कार्रवाई की गई। पुलिस मौके से जब्त 12 मोटर साइकिलों को थाने लेकर आई है और उनकी वैधता व मालिकों की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी गई है। थानाध्यक्ष राणा के अनुसार गिरफ्तार युवक से पूछताछ जारी है और अन्य फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

गौरतलब है कि छापेमारी की खबर फैलते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। कई लोग घटनास्थल से भागने में कामयाब रहे, जबकि स्थानीय लोगों में पुलिस की अचानक कार्रवाई को लेकर खलबली मच गई।

### समस्तीपुर में पंचायत समिति सदस्य के पति को मारी गोली

समस्तीपुर, 5 जुलाई (एजेंसियां)। समस्तीपुर में अपराधियों ने रंगदारी नहीं देने पर पंचायत समिति सदस्य मंजू देवी के पति को गोली मार दी। एक बुलेट लगी है, जो गर्दन के पास फंस गई है। गंभीर हालत में परिजनों ने अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना रोसड़ा थाना क्षेत्र के बटहा वार्ड नंबर-10 की है। घायल सुरेश प्रसाद सिंह(48) ने बताया, 'मोहल्ले में मनरेगा के तहत नाली उड़ाही का काम चल रहा था। साइड पर काम देखने के लिए सुबह 9 बजे पहुंचा था। लौटते समय बाइक सवार चार अपराधियों ने घेर लिया। टारगेट करके गोलीबारी शुरू कर दी। एक गोली कंधे के पास लगी है।'

### कुंवारे लवर ने शादीशुदा प्रेमिका को काट डाला

आजमगढ़, 5 जुलाई (एजेंसियां)। आजमगढ़ के पवई थाना क्षेत्र में हुई महिला की हत्या का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी और मृतका का मोबाइल फोन भी बरामद किया है। पकड़ा गया आरोपी विकास पवई थाना क्षेत्र के दावनपारा गांव का निवासी है।

एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि तीन जुलाई को दावनपारा गांव निवासी संजय ने थाने पर तहरीर दी कि उसकी पत्नी अमरावती (30) की हत्या धारदार हथियार से कर दी गई है। तहरीर में विकास समेत चार लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने चार जुलाई को शाम 6.10 बजे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे सर्विस लेन हमीरपुर तिराहे के पास से आरोपी विकास को गिरफ्तार कर लिया।

# बागवानों के लिए खुशखबरी, सेब का न्यूनतम आयात मूल्य 80 रुपये तय, अधिसूचना का इंतजार



शिमला, 5 जुलाई (एजेंसियां)। सेब बागवानों के लिए राहत की खबर है। केंद्र सरकार ने सेब का न्यूनतम आयात मूल्य 50 रुपये प्रतिकिलो से बढ़ा कर 80 रुपये प्रतिकिलो तय कर दिया है। बागवान संगठनों का दावा है कि एक-दो दिन में इसकी अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। सेब उत्पादकों के हितों की रक्षा के लिए केंद्र ने आयात नीति में संशोधन कर न्यूनतम आयात मूल्य में बढ़ोतरी की है।

विदेशी सेब के कारण हिमाचल के सेब उत्पादकों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। न्यूनतम 80 रुपये आयात मूल्य लागू होने से आयात शुल्क जुड़ने के बाद भारत में विदेशी सेब न्यूनतम 130 रुपये प्रतिकिलो के दाम पर पहुंचेगा। साउथ एशियन फ्री ट्रेड कंट्रीज (साफ्ता) के जरिये सेब के अवैध आयात पर यदि रोक लगे तो केंद्र सरकार का यह फैसला हिमाचल के सेब बागवानों के लिए अधिक लाभप्रद साबित होगा।

भारी मात्रा में ईरान का सेब अफगानिस्तान के नाम पर पाकिस्तान होते हुए बिना आयात शुल्क भारत पहुंचता है। प्रोग्रेसिव ग्रोवर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह बिष्ट का कहना है कि उनका संगठन लंबे समय से एमआईपी बढ़ाने की लड़ाई लड़ रहा है। केंद्र सरकार ने बीते सप्ताह की एमआईपी 50 से 80 रुपये करने के लिए आश्वस्त कर दिया था, लेकिन बागवानों के हित में हमारी मांग इसे 100 रुपये प्रतिकिलो करने की है। हालांकि 30 रुपये की बढ़ोतरी से भी हिमाचल के सेब बागवानों को बड़ी राहत मिलेगी। हिमाचल एप्पल ग्रोवर्स सोसाइटी के अध्यक्ष राजीव चौहान ने बताया कि एमआईपी में बढ़ोतरी का मामला उन्होंने केंद्रीय वाणिज्य और कृषि मंत्रालय से उठाया था। उन्होंने कहा कि मंत्रालय की ओर से आयात मूल्य 50 से बढ़कर 80 रुपये करने को लेकर लिखित सूचना प्राप्त हुई है। फैसले से बागवान लाभान्वित होंगे। उधर, बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि इस संबंध में उनके पास कोई आधिकारिक सूचना नहीं है।

संयुक्त किसान मंच के संयोजक हरीश चौहान का कहना है कि सेब का न्यूनतम आयात मूल्य 2023 में 50 रुपये किया गया था लेकिन जमीनी स्तर पर यह लागू नहीं हुआ। तुर्किये का सेब 58 रुपये प्रतिकिलो के दाम पर भारत पहुंच रहा है। केंद्र सरकार को 9 जुलाई से लागू होने वाले ट्रंप टैरिफ पर स्थिति साफ करनी चाहिए, क्योंकि चर्चा है सेव पर आयात शुल्क शून्य करने की तैयारी है।

**चेतन बरागटा ने फैसले को ऐतिहासिक बताया**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता चेतन सिंह बरागटा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश समेत देशभर के सेब उत्पादकों के लिए केंद्र सरकार ने बड़ी राहत की घोषणा की है।

मोदी सरकार ने बागवानों के हित में ऐतिहासिक और निर्णायक कदम उठाते हुए सेब आयात का न्यूनतम आयात मूल्य 50 से बढ़ाकर 80 रुपये प्रति किलो कर दिया है। शुक्रवार को शिमला में प्रेस वार्ता कर चेतन बरागटा ने फैसले को मोदी सरकार की किसान-बागवान हितैषी सोच और मजबूत इच्छाशक्ति का परिचायक बताया। बरागटा ने कहा कि इस निर्णय से न केवल विदेशी सेबों की अंधाधुंध घुसपैठ पर रोक लगेगी, बल्कि स्थानीय सेब उत्पादकों को उचित मूल्य मिलने का मार्ग भी प्रशस्त होगा। उन्होंने इसे एक दूरदर्शी और साहसिक फैसला करार दिया।

## करोल बाग के विशाल मेगा मार्ट में लगी भीषण आग, लिफ्ट में फंसने से एक शख्स की मौत



नई दिल्ली, 5 जुलाई (एजेंसियां)। मध्य दिल्ली के करोल बाग इलाके में विशाल मेगा मार्ट शोरूम में लगी आग में 25 साल के युवक की मौत हो गई है। शनिवार सुबह उसका शव लिफ्ट के अंदर मिला। मृतक की शिनाख्त धीरेंद्र प्रताप के रूप में हुई है। शुक्रवार शाम यहां आग लगी थी। 15 गाड़ियों की मदद से दमकलकर्मियों ने करीब 12 घंटे में आग पर काबू पाया। पुलिस, अग्निशमन और आपदा प्रतिक्रिया टीमों द्वारा संयुक्त रूप से चलाए गए खोज अभियान के दौरान युवक का शव लिफ्ट में मिला। दमकलकर्मी अभी कूलिंग का काम कर रहे है। करोलबाग थाना पुलिस ने लापरवाही से मौत का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, करोल बाग के पदम रोड स्थित विशाल मेगा मार्ट की दूसरी मंजिल पर शुक्रवार शाम अचानक आग लग गई। मामले की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के अलावा दमकल की 15 गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं और आग बुझाने का काम शुरू कर दिया।

हालांकि वहां मौजूद सभी लोग सुरक्षित बाहर निकल आए। लेकिन एक व्यक्ति इमारत की लिफ्ट में फंस गया। दिल्ली पुलिस के अनुसार, कुमार धीरेंद्र प्रताप सिंह (25) लिफ्ट में फंसे पाए गए। अस्पताल पहुंचने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। करोल बाग थाने में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## दक्षिणपुरी इलाके में एक घर से 3 लोगों के शव मिले एक का इलाज जारी, मौके पर पहुंची पुलिस

नई दिल्ली, 5 जुलाई (एजेंसियां)। दिल्ली के दक्षिणपुरी इलाके से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आई है। यहां के एक घर में 3 शव मिलने से हड़कंप मच गया है। एक शख्स का इलाज चल रहा है। तीनों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। आशंका है कि तीनों की मौत सफोकेशन की वजह से हुई है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई है। मिली जानकारी के मुताबिक, तीनों शव पुरुषों के हैं और ये एसी मैकेनिक का काम करते थे। पुलिस का कहना है कि मौत की वजह का पता लगाया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक आज एक पीसीआर कॉल मिली थी जिसमें कॉलर ने बताया कि उसका भाई फोन नहीं उठा रहा और घर का दरवाजा अंदर से बंद है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने देखा कि दक्षिणपुरी इलाके में एक घर में फर्स्ट फ्लोर पर चार लोग बेहोशी की हालत में पड़े हुए थे,

## फोरलेन प्रोजेक्टों की प्रगति पर नड्डा ने अधिकारियों के साथ की बैठक, प्रदेश सरकार पर साधा निशाना



बिलासपुर, 5 जुलाई (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को बचत भवन बिलासपुर में राज्य में चल रही एनएचएआई की परियोजनाओं की प्रगति के संबंध में अधिकारियों की बैठक की। इसके बाद पत्रकार वार्ता में उन्होंने बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी दी। नड्डा ने कहा कि कैथलीघाट से ढली तक के फोरलेन निर्माण का कार्य 2026 तक पूरा होगा। सोलन से कैथलीघाट तक इस साल के अंत तक पूरा किया जाएगा। किरतपुर से नेरचौक के फोरलेन तक काम पूरा है। नेरचौक से पंडोह तक अगस्त के दूसरे सप्ताह तक पूरा हागा। टकोली तक अगले साल तक पूरा होगा। शिमला-मटौर फोरलेन का निर्माण 2028 तक पूरा होगा। शिमला से शालाघाट तक डीपीआर बन रही है। शालाघाट से बिलासपुर के निर्माण के लिए टेंडर हो रहे हैं। इसके आगे हमीरपुर तक डीपीआर बन रही है।

भंगवार तक का कार्य दिसंबर तक पूरा होगा। पठानकोट-मंडी फोरलेन मंडी में मनाली वाले फोरलेन से जुड़ जाएगा। इसमें 13 टनल हैं। मोह से सिहुणी तक कार्य पूरा हो चुका है। नड्डा ने कहा कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का एक पत्र आया है जिसमें नेशनल हाईवे के काम को भी उद्योग की श्रेणी में शामिल किया गया है और हर साल एनओसी लेनी पड़ती है। इस संबंध में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को पत्र लिखेंगे।

कहा कि ब्यास नदी में ड्रेजिंग का मुद्दा भी राज्य सरकार ने उठाया जाएगा, क्योंकि इससे फोरलेन परियोजनों को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि नदियों में ड्रेजिंग को रोकने की पहली जिम्मेदारी राज्य सरकार की है। नड्डा ने शिमला के भट्ठाकुफर में एनएचएआई अधिकारियों से मारपीट के मामले पर कहा कि यह चिंताजनक है। इस तरह की घटनाओं से एक तो देवभूमि संस्कृति को धक्का लगता है। दूसरा जिस सरकार में रक्षक की भक्षक हो जाए तो उससे क्या आशा की जा सकती है।

## शौचालय में बैठकर वीडियो कॉल से कार्यवाही में शामिल हुआ था युवक, हाईकोर्ट ने दर्ज किया अवमानना का केस

अहमदाबाद, 5 जुलाई (एजेंसियां)। गुजरात हाईकोर्ट ने एक व्यक्ति के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए कोर्ट की अवमानना की कार्रवाई शुरू कर दी है। यह कार्रवाई तब की गई जब वह व्यक्ति 20 जून को चल रही एक वर्चुअल सुनवाई में शौचालय में बैठे-बैठे शामिल हुआ। यह मामला सामने आने के बाद उस व्यक्ति का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो में दिखा कि वह व्यक्ति पीले रंग की टी-शर्ट पहने हुए था और मोबाइल फोन को नीचे रखकर सुनवाई में शामिल हुआ। 30 जून को जस्टिस एएस सुपेहिया और आरटी वछानी की डिवीजन बेंच ने आदेश दिया कि उस व्यक्ति के खिलाफ कोर्ट की अवमानना का केस दर्ज किया जाए। 3 जुलाई को कोर्ट का मौखिक आदेश वेबसाइट पर अपलोड किया गया। कोर्ट ने कहा, 'ऐसे अनुशासनहीन और अपमानजनक व्यवहार की घटनाएं अब आम हो गई हैं, जिन्हें रोकने के लिए आईटी विभाग को एक तंत्र विकसित करना चाहिए।' कोर्ट ने यह भी कहा कि, 'इस बदनाम करने वाले वीडियो को सोशल मीडिया से तुरंत हटाया जाना चाहिए।' जानकारी के मुताबिक, वीडियो में व्यक्ति का नाम 'समद बैटरी' लिखा दिखा। जांच के बाद उसकी पहचान अब्दुल समद के रूप में हुई, जो सूरत जिले के किम गांव का रहने वाला है। अब्दुल समद एक हमले के मामले में शिकायतकर्ता था और उसके वकील ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया है। कोर्ट ने उससे पूछा क्या वह एफआईआर रद्द करने के लिए सहमत है,

# 'अब आई हिमाचल की याद'

## कंगना रनौत ने कहा विजिट करूंगी तो भड़के लोग; बोले- तबाही के बाद किस काम का दौरा



मंडी, 5 जुलाई (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के मंडी संसदीय क्षेत्र से सांसद बनी फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत आखिरकार प्रदेश की भीषण आपदा पर जागीं, जब उनकी चुप्पी को लेकर चारों ओर से तीखी आलोचना शुरू हो गई। सदी की सबसे भीषण बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने जैसी आपदा से तबाह हुए सराज, थुनाग, जंजैहली और मंडी के अन्य क्षेत्रों में जब लोग मदद के लिए तड़प रहे थे, तब सांसद कंगना न तो सामने आईं, न कोई संवेदना प्रकट की और न ही किसी प्रकार की मदद की घोषणा की। इस चुप्पी को लेकर मीडिया में तीखे सवाल उठने लगे। प्रदेश के युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और कांग्रेस नेताओं ने भी उनकी चुप्पी पर सवाल खड़े किए। ऐसे में कंगना ने एक इंटरनेट मीडिया पोस्ट के माध्यम से कहा कि लेकिन लोगों का गुस्सा अब भी शांत नहीं हो रहा। आम जनता पूछ रही है कि जब चार दिन तक लोग मलबे में दबे रहे, सड़कें टूट गईं, घर उजड़ गए, परिवार बह गए, तब उनकी सांसद कहां थीं? इंटरनेट मीडिया पर कई लोगों ने लिखा- अब सब बह गया, तो दौरा किस काम का? चुनाव के समय खुद को "पहाड़ की बेटी बताने वाली कंगना आपदा के समय पूरी तरह नदारद रहीं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, अन्य मंत्री, केंद्रीय प्रतिनिधि और स्थानीय प्रशासन जहां मौके पर राहत कार्यों में जुटा रहा, वहीं कंगना की गैर-मौजूदगी ने जन भावनाओं को आहत किया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह बयान और प्रस्तावित दौरा केवल आलोचना को शांत करने और छवि सुधारने की कोशिश भर है।

हालांकि अब सभी की निगाहें इस बात पर हैं कि कंगना का यह दौरा केवल औपचारिकता बनकर रहेगा या वे वास्तव में प्रभावितों के लिए कोई ठोस मदद लेकर आएंगी।

### काले जादू के नाम पर हैवानियत

## युवक ने पत्नी और सास से कराए अश्लील टोटके

मुंबई, 5 जुलाई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के नवी मुंबई में एक युवक ने इंसानियत को शर्मसार करने वाली हरकत की है। उसने अपनी पत्नी और सास को काले जादू के नाम पर निर्वस्त्र होकर अजीबो-गरीब टोटके करने के लिए मजबूर किया। इतना ही नहीं, उसने दोनों की अश्लील तस्वीरें भी खींचीं और बाद में इन्हें सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, यह शर्मनाक घटना अप्रैल से जुलाई के बीच नवी मुंबई में आरोपी के घर पर हुई। आरोपी उत्तर प्रदेश के देवरिया का रहने वाला है। 15 अप्रैल को उसने अपनी पत्नी और सास को कहा कि उसके साले की शादी में अड़चनें आ रही हैं, जिनसे छुटकारा पाने के लिए काले जादू जैसा टोटका करना जरूरी है।

इसके तहत उसने दोनों महिलाओं को कपड़े उतारने के लिए मजबूर किया। टोटका करवाने के दौरान आरोपी ने दोनों महिलाओं की अश्लील तस्वीरें भी खींच लीं। बाद में उसने अपनी पत्नी को धमकाया कि इन तस्वीरों को कहीं भी वायरल कर देगा। महिला डरी हुई थी, लेकिन आरोपी की हैवानियत यहीं नहीं रुकी। उसने आगे और घिनौनी हरकतें कीं। आरोपी ने पत्नी को अजमेर बुलाया और कहा कि वह वहां इन तस्वीरों को लेकर पहुंचे। जब महिला अजमेर पहुंची तो आरोपी ने ये अश्लील तस्वीरें उसके पिता और भाई को व्हाट्सएप पर भेज दीं। महिला के परिवार को जब यह सब पता चला तो उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

# कोर्ट की टिप्पणी के बाद एमपी में ओबीसी आरक्षण पर सियासत

### पटवारी बोले-ओबीसी से सिर्फ वोट लेना चाहती है भाजपा



भोपाल, 5 जुलाई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में ओबीसी को 27% आरक्षण देने के मामले में कोट की टिप्पणी के बाद प्रदेश में सियासत गरमाई गई है। मामले को लेकर प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जीतू पटवारी ने कहा कि जुलाई के आखिरी में राहुल गांधी एमपी आएंगे। वे बुंदेलखंड का दौरा और ओबीसी के लोगों से संवाद करेंगे। जीतू पटवारी ने कहा कि ओबीसी को 2019 में कमलनाथ ने आरक्षण 27% लागू किया था। बीजेपी ने सरकार की चोरी की, ओबीसी के भविष्य की चोरी की, बीजेपी सरकार ने प्रयास किया कैसे आरक्षण रुके, स्टे लगाकर बीजेपी ओबीसी के साथ धोखा कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कानून बन गया है तो लागू क्यों नहीं किया गया। 4 जुलाई को कोर्ट ने पूछा तो वकीलों ने कहा हम 27% आरक्षण के विरोध में है। आपके कंधे में बैठकर ओबीसी का गला घोट रहे है। अपनी अंतिम बूंद तक कांग्रेस ओबीसी के लिए लड़ेगी। प्रेस वार्ता में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा प्रदेश के अंदर ओबीसी के लिए शिवराज सिंह आरक्षण की लड़ाई नहीं लड़ पाए। मोहन यादव पीएम को पिछड़े वर्ग का बताते है। पिछड़ों को पिछड़ा कर रहे हैं। ओबीसी छात्र मेहनत करते लेकिन उन्हें आरक्षण का लाभ नहीं मिल पाता है। एससी ने कहा था 50% से ज्यादा नहीं होगा। तुषार मेहता सरकार की बात कर रहे, ये सरकार का मत था। सरकार को तत्काल इस पर निर्णय लेना चाहिए।

रिजल्ट होल्ड हो गए। ओबीसी के छात्र खेतों में काम कर रहे हैं। ये भविष्य सरकार ने ओबीसी का तय किया है। सिंघार ने कहा कि राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना की बात की है। जनगणना के अनुसार आरक्षण का प्रतिशत तय हो जाएगा। तेलंगाना में ओबीसी आरक्षण 42% बढ़ाने का रखा गया है। घर घर सर्वे में 57% से ज्यादा निकले। केंद्र की सरकार ओबीसी वर्ग के आरक्षण को रोककर रखना चाह रही है। मंडल कमीशन ने 27% आरक्षण की कई राज्यों में बात की थी। बीजेपी भाषण देने वाली पार्टी है। ये नीति लागू करने वाली पार्टी नहीं है। सीएम हमेशा कोर्ट के पाले में डाल देते हैं। बीजेपी को बहुमत मिला है, पिछड़ों के लिए निर्णय लें।

# भाषा विवाद पर भड़के रामदास आठवले

### 'मुंबई में जो दादागिरी शुरू हुई है, वह तुरंत रुकनी चाहिए'



मुंबई, 5 जुलाई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में एक बार फिर हिंदी बनाम मराठी भाषा विवाद ने तूल पकड़ लिया है। इसके चलते राज्य की राजनीति में बयानबाजी भी तेज हो गई है। इसी बीच केंद्रीय मंत्री और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई) के अध्यक्ष रामदास आठवले ने इस विवाद पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर बयान जारी करते हुए कहा, मुंबई में इन दिनों भाषा के नाम पर जो दादागिरी शुरू हुई है, वह तुरंत रुकनी चाहिए। रामदास आठवले ने मराठी भाषा को लेकर सम्मान प्रकट करते हुए कहा कि मराठी भाषा का सम्मान हम सबका गर्व है। साथ ही उन्होंने यह भी जोड़ा कि किसी को कोई भाषा नहीं आती, इसलिए उसे सताना या डराना अपराध है।

केंद्रीय मंत्री ने अपने ट्वीट में आगे लिखा, "यहां अलग-अलग भाषाएं बोलने वाले, गरीब व्यापारी और मेहनतकश कामगार रहते हैं। उन पर हो रहा अन्याय तत्काल बंद होना चाहिए।" उन्होंने महाराष्ट्र सरकार से अपील करते हुए कहा कि भाषा के नाम पर हो रही ऐसी घटनाओं पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि समाज में एकता, सम्मान और समानता बनी रहे। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की घटनाएं मुंबई की सदियों पुरानी 'सर्वधर्म समभाव' और 'सांस्कृतिक एकता' की पहचान को चुनौती देती हैं।

आठवले ने अपने बयान का अंत 'जय भीम, जय महाराष्ट्र' के नारों के साथ किया और कहा कि समाज को जोड़ने की जरूरत है, तोड़ने की नहीं। गौरतलब है कि हाल के दिनों में मुंबई और महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों में भाषा के मुद्दे पर कई घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें हिंदी बोलने वाले लोगों से बदसलूकी या मारपीट की खबरें आईं।

## खटीमा के खेतों में उतरे सीएम पुष्कर सिंह धामी, धान रोपा और किसानों को किया नमन



शिमला, 5 जुलाई (एजेंसियां)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को अपने खेत में धान की रोपाई की। धामी खटीमा के नगरा तराई क्षेत्र में पहुंचे और खेतों में जुताई भी की। सोशल मीडिया पर उनकी किसानी की तस्वीरें शेयर की गई हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यह किसानों के परिश्रम, त्याग और समर्पण को एक प्रकार से हमारा नमन है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि खेतों में उतरकर पुराने दिनों की यादें ताजा हो गईं।

उन्होंने कहा कि अन्नदाता न केवल हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, बल्कि वे हमारी संस्कृति और परंपराओं के संवाहक भी हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत हुड़किया बौल के माध्यम से भूमि के देवता भूमियां, जल के देवता इंद्र और छाया के देवता मेघ की वंदना भी की। मुख्यमंत्री के इस सांस्कृतिक जुड़ाव और कृषकों के साथ आत्मीय सहभाग ने क्षेत्रीय जनता को गहरे स्तर पर प्रेरित किया। मुख्यमंत्री धामी की यह पहल उत्तराखंड की ग्रामीण संस्कृति, कृषकों की अहमियत और पारंपरिक लोककलाओं के संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम माना जा रहा है। समझा जा रहा है कि इससे किसानों को प्रेरणा और शक्ति मिलेगी।

## खाना खाते-खाते बच्ची को थाली में दिखी मरी छिपकली मिड-डे मील खाकर कई बच्चों की बिगड़ी तबीयत

शहडोल, 5 जुलाई (एजेंसियां)। ब्यौहारी के शासकीय माध्यमिक विद्यालय चरका में एक बड़ी लापरवाही सामने आई। यहां मिड-डे मील खाने के बाद बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। सभी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों का कहना है कि उनके बच्ची की थाली में छिपकली मिली थी। ब्यौहारी के शासकीय माध्यमिक विद्यालय चरका में उस समय हड़कंप मच गया, जब मिड-डे मील खा रही एक बच्ची के थाली में मरी हुई छिपकली दिखाई दी। घटना के बाद से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

शुरुआत में जिन बच्चों ने मध्यान भोजन को खाया उनकी तबीयत बिगड़ गई। कुछ ने तो वहीं उल्टियां शुरू कर दीं और कुछ बच्चे घर पहुंचने के बाद बीमार पड़े। इसमें तीन का इलाज सिविल हॉस्पिटल ब्यौहारी में जारी है।

# भाषा विवाद को लेकर निवेशक केडिया के कार्यालय में तोड़फोड़

### 'एक्स' पर कहा था- नहीं सीखूंगा मराठी



मुंबई, 5 जुलाई (एजेंसियां)। मुंबई के वर्ली इलाके में शनिवार को अज्ञात लोगों ने निवेशक सुशील केडिया के कार्यालय में तोड़फोड़ की। साथ ही, मनसे प्रमुख राज ठाकरे के समर्थन में नारे लगाए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कुछ लोग सुबह केडिया के कार्यालय पहुंचे और पथराव किया। हमलावर मराठी के समर्थन में नारे लगा रहे थे और राज ठाकरे की प्रशंसा कर रहे थे। पुलिस ने इस मामले में पांच मनसे समर्थकों को हिरासत में लिया है।

**केडिया के पोस्ट के बाद मिली रही थी धमकी**

दरअसल, केडिया ने राज ठाकरे को चुनौती दी थी और कहा था कि वह मराठी नहीं सीखेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा था कि मुंबई में 30 साल रहने के बाद भी मुझे मराठी नहीं आती है । जब तक आप जैसे लोगों को मराठी मानुष के बचाव का दिखावा करते रहेंगे, तब तक मैंने प्रतिज्ञा ली है कि मैं मराठी नहीं सीखूंगा।

एक्स हैंडल पर अपनी पोस्ट को लेकर केडिया को धमकी मिलने के बाद उन्होंने पुलिस से संपर्क किया था। इसके बाद पुलिस ने उनके सेंचुरी बाजार स्थित कार्यालय को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराई थी।

## शादी का झांसा देकर सात साल तक किया दुष्कर्म युवती ने दिया बच्चे को जन्म, आरोपी गिरफ्तार

दमोह, 5 जुलाई (एजेंसियां)। दमोह जिले के एक थाना क्षेत्र में सात साल से दुष्कर्म का शिकार हो रही एक युवती ने बच्चे को जन्म दिया। आरोपी बाहर भागने की फिराक में था, तभी युवती की शिकायत पर पटेरा थाना पुलिस ने उसे देहात थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। पटेरा थाना प्रभारी सरोज ठाकुर ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली एक युवती से कुम्हारी थाना क्षेत्र के देवरी रतन गांव निवासी चरन पिता यशवंत सिंह चौहान 45 ने शादी की बात कहकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

साल 2018 में उसने शादी की बात कही और तब से लगातार वह युवती का शारीरिक शोषण करता था। इसी दौरान युवती गर्भवती हो गई और उसने आरोपी से शादी के लिए कहा तो वह इंकार करने लगा। इसी दौरान युवती ने एक बालक को जन्म दिया और आरोपी के खिलाफ पटेरा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने धारा 69, 115(2), 351(3)बीएनएस का मामला दर्ज किया है।

# सिंगल लड़कियों के लिए कोई जगह नहीं

### गुजरात में पड़ोसी की शिकायत पर युवती को फ्लैट से निकाला

अहमदाबाद, 5 जुलाई (एजेंसियां)। गुजरात के गांधीनगर में एक युवती को सिर्फ इसलिए किराए का फ्लैट नहीं मिल पाया क्योंकि वह अविवाहित है। युवती के भाई ने सोशल मीडिया पर पूरी घटना साझा की, जिसमें बताया गया कि किस तरह उसकी बहन ने दोस्तों के साथ मिलकर फ्लैट किराए पर लिया था, लेकिन पड़ोसी की आपत्ति के कारण उन्हें फ्लैट छोड़ना पड़ा। साझा की गई पोस्ट के मुताबिक युवती ने अपने दो अन्य दोस्तों के साथ तीन बीएचके फ्लैट किराए पर लिया था। उन्होंने दलाल को पैसे भी दे दिए और अपना सामान फ्लैट में शिफ्ट कर दिया। दलाल ने भरोसा दिया था कि अविवाहित लड़कियों को कोई समस्या नहीं होगी। लेकिन तभी पड़ोसी ने बिल्डर से शिकायत कर दी कि सिंगल लड़कियों को फ्लैट नहीं देना चाहिए। बिल्डर ने बिना कुछ सोचे समझे फ्लैट 'नोटिस' पर डाल दिया और रहने की अनुमति नहीं दी। रेडिट की पोस्ट में बताया गया कि युवती ने पड़ोसी से बात करने की कोशिश की ताकि उन्हें यकीन दिलाया जा सके कि वे कोई परेशानी नहीं पैदा करेंगी। लेकिन पड़ोसी ने बात सुनने से इनकार कर दिया। उसने युवती की कॉल काट दी और बाद में हर जगह से ब्लॉक कर दिया। इससे युवती और उसके परिवार को दोबारा घर ढूंढने और शिफ्टिंग में खर्च उठाना पड़ा। युवती के भाई ने लिखा कि यह सिर्फ निराशाजनक नहीं बल्कि भेदभावपूर्ण भी है।

सब कुछ पूरा होने के बाद सिर्फ अविवाहित होने के आधार पर किसी को घर से निकाल देना सामाजिक संकीर्णता को दिखाता है। इस पोस्ट पर कई लोगों ने प्रतिक्रिया दी और बताया कि भारत में अभी भी अविवाहित लड़कों-लड़कियों के लिए किराए का मकान ढूंढना कितना मुश्किल है। कुछ लोगों ने सुझाव दिया कि युवती को दलाल और बिल्डर से खर्च और एडवांस रकम वापस लेनी चाहिए। कई लोगों ने लिखा कि भारत में लोग पड़ोसी के घर में ज्यादा दखल देते हैं, चाहे वह परिवार हो या बैचलर। इसी वजह से अकेले रहने वाले लड़कों और लड़कियों को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ती है।

# श्रावण मास और भगवान शिव की महिमा



अतुल कुमार

भारतीय आध्यात्म में श्रावण मास को सबसे शुभ ,कल्यांणकारी और मनमोहक माना गया. प्रकृति इसी महीने में अपने रूप स्वरूप का श्रंगार करती है . अत; इस अवधि में पेड पौधों को रोपने को फलदायी माना गया . इस वर्ष श्रावण मास का शुभारंभ 11 जुलाई से हो रहा है . भगवान भोले नाथ का सबसे प्रिय मास है इसलिये श्रावण मास में भगवान शिव और पार्वती की विशेष पूजा अर्चना होती है .शास्त्रों द्वारा सप्ताह के पहले दिन यानी सोमवार को शिव जी का दिन माना गया इसलिये इस मास के श्रावण सोमवार को शुभ मान साधकों द्वारा इस दिन व्रत रखा जाता है . मान्यतानुसार भोले भंडारी अपने भक्तों की मनोकामना पूरी करते हैं .इस दौरान जलाभिषेक ,रुद्राभिषेक ,और जप इत्यादि किया जाता है . कांवड यात्राओं को आयोजित किया जाता है .

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार श्रावण में ही माता पार्वती ने तपस्या कर भोलेनाथ को प्रसन्न किया और उन्हें पति रूप में प्राप्त किया .इसलिये इस मास को भगवान शिव का अत्यधिक प्रिय मास माना गया . संत तुलसी दास ने रामचरित मानस में इस मास की महत्ता पर लिखा " वरषा रितु प्रभु भगति तुलसी सालि सुदास / राम नाम बर बरन्न जुग सावन भादव मास // अत; श्रावण भक्ति और हरियाली का प्रतीक है . विवाहित महिलाएं अपने परिवार की समृद्धि पति और पुत्र की दीर्घ आयु के लिये व्रत रखती हैं . भगवान शिव परिवार के देवता हैं .घर बार की खुशहाली को हमेशा महत्व दिया भगवान शंकर की जटाओं को वायु मंडल माना गया अत; उसमें समाई गंगा को विद्वानों ने ब्रह्मांड की चेतना धारा माना . चेतना की अमृत धारा ,ज्ञान बुद्धी की गंगा कहा .

आज पर्यावरण संरक्षण को ले दुनिया में उथल पुथल मची है .ऐसा लगता है कि जन सामान्य प्रकृति से बिल्कुल कट गया है . परिणाम स्वरूप जलवायु परिवर्तन ,ग्लोबल वार्मिंग , और प्राकृतिक आपदाएं देखने मिल रही हैं . शिव को भूतनाथ भी कहा जाता है .और देवाधिपति भी . भूतनाथ का अर्थ है संसार पंच भूतों से बना है . पृथ्वी ,वायु ,जल , अग्नि और आकाश इन पंच महाभूतों के नाथ शिव ही हैं .इसलिये पूरे संसार और प्रकृति के संरक्षण को असली शिव भक्ति माना गया . यही शिवोपासना है .जैसे शिव को सबसे प्रिय जल है . वह जल के महत्व को जानते हैं .जलाभिषेक को अपनी अर्चना बना जल को पूजनीय बनाया और सिखलाया कि इसकी बरबादी से बचें . भगवान शंकर को इसलिये महादेव कहा जाता है क्यों कि वह देव ,दानव ,यक्ष किन्नर ,नाग और मनुष्य सभी के द्वारा पूजे जाते हैं .

विशाल ह्रदय इतने कि प्रकृति के सबसे उपेक्षित धतूरे को अपनी पूजा में स्वीकारा बेल पत्री को शिव लिंग पर चढाने का विधान है .जबकि अन्य देवताओं को सुंदर फूल ,मालाएं और फल आदि चढाए जाते हैं . शास्त्रों ने रोग, शोक,और दुख निवारण के लिये शिवार्चन को सर्वोपरि माना कहा भी गया " बाबा सब कहे / मैया कहे न कोई / बाबा के दरबार में मैया कहे सो होय // सिंह चढी दुर्गा मिली ,गरुढ चढे भगवान / बैल चढे बाबा मिले पूरण होय सब काम //

शिव को आदि योगी कहा जाता है अर्थात दुनिया के पहले योगी योग और ध्यान के माध्यम से मनुष्यों के कल्याण के लिये ऐसी साधना को प्रतिपादित किया जिससे तनावा यानी स्ट्रेस का निदान कर सकें . आज के भाग दौड और कंपीटीटिव वातावरण में इसे अपना कर कोई भी व्यक्ति तनाव मुक्त और स्वस्थ रह सकता है . इससे शांति और स्थिरता को पा वह चिंतन शक्ति , कार्य शक्ति को बढा मनचाहे परिणामों को हासिल कर सकता है . यह पहलू लोगों को दूसरों के प्रति दयालु और सह्रदयी बनने के लिये प्रेरित करता है . आज के जीवन में यह बहुत प्रासंगिक है . शिव अनादि और अनंत हैं . सृष्टि के रचयिता और संहारक हैं . यानी सृजन , सुरक्षा और संहार के देवता हैं .

शिव को भारतीय आध्यात्म का सर्वोच्च देवता माना गया . इसलिये उनको महादेव कहा जाता है . शिव का अर्थ कल्याण कारी भी होता है लेकिन वह लय और प्रलय दोनों को अपने अधीन रखते हैं . इसलिये कहा भी गया कि ' अच्छे कर्मों से बडी राहत क्या होगी / नेकी से बडी इबादत भी क्या होगी / जिस इंसान के सर पर साया हो महाकाल का /तो उसे ज़िंदगी से शिकायत क्या होगी // मनुष्यों के हित में वह सारे गुण बताये जो उसे भ्रमित, अभिमानी और मानवीय दोषों से बचा सकें. वह सबसे बडे टीचर हैं ,ग़ाइड हैं और फिलासफर हैं . सृष्टि के हर छोटे बडे प्राणी में वही तो हैं इसलिये कहा भी गया " हर हर महादेव "

भगवान शिव की तपस्वी जीवन शैली ने 7 नियमों को बताया जो मनुष्यों को आत्म साक्षात्कार , सद्भाव , जीवन में संतुलन , कारण और प्रभाव ,सिधांतों – मूल्यों का संरक्षण , आध्यात्मिक विकास ,और सद कर्म की ओर अग्रसर होने को प्रेरित करती हैं . वह सिखाते हैं कि व्यक्ति के कर्म अच्छे हों या बुरे उसे वापस मिलेंगे . यह नियम नैतिक कार्यों और निर्णय लेने में सावधानी को प्रोत्साहित करते हैं . शिव का विनाश का तांडव नृत्य क्रोध का नहीं बल्कि नवीनीकरण और संतुलन का कार्य सिखलाता है . यह नियम बताता है कि कभी – कभी प्रगति के लिये पुराने पैटर्न या हानिकारक संरचनाओं को नष्ट करना ज़रूरी होता है .कल्यांण कारी इतने कि एक लोटे जल से प्रसन्न हो जाते हैं अत; उनको आशुतोष भी कहा गया . पुराणों के अनुसार वह जहां – जहां प्रकट हुए वहां – वहां उनका स्वरूप विराजमान है . उनके दर्शन करने से कोई दुख नहीं होता . मनुष्य जिस – जिस कामना की अपेक्षा कर स्तुति करता है वह उस मनोरथ को प्राप्त कर लेता है . भक्त वत्सल इतने

कि प्रेम पूर्वक भक्त की आराधना को स्वीकार करते हैं . इसलिये उनको सर्व व्यापी मान विश्वेश्वर कहा गया. वही " सत्यम शिवम सुंदरम " का मनोहारी रूप हैं . इसलिये कहा भी गया " अनंत अखंड अमर अविनाशी / कष्ट हरण हे शंभू कैलाशी ।।



# काव्य कुंज

## अगर तुम



संजुला सिंह
जमशेदपुर

अगर तुम हो नहीं हम से
तो हम भी हैं नहीं तुमसे,
कोई खुशियां नहीं तुमसे
कोई गम भी नहीं तुमसे ।
विवेकों से पगों को खुद
बढ़ाना जानते हैं हम,
अगर ज्यादा नहीं तुमसे
तो कम भी हैं नहीं तुमसे ।
कोई शिकवा नहीं तुमसे शिकायत भी नहीं तुमसे
कोई आशा नहीं तुमसे उम्मीदें भी नहीं तुमसे।
विवेकों से पगों को खुद बढ़ाना जानते हैं हम
अगर ज्यादा नहीं तुमसे तो कम भी हैं नहीं तुमसे।
कोई तकलीफ ना तुमसे कोई गम भी नहीं तुमसे
कोई राहें नहीं तुमसे और मंजिल भी नहीं तुमसे।
विवेकों से पगों को खुद बढ़ाना जानते हैं हम
अगर ज्यादा नहीं तुमसे तो कम भी हैं नहीं तुमसे ।
कोई चाहत नहीं तुमसे कोई राहत नहीं तुमसे
रही जज्बात ना तुमसे रही अब बात ना तुमसे
विवेकों से पंगों को खुद बढ़ाना जानते हैं हम
अगर ज्यादा नहीं तुमसे तो कम भी हैं नहीं तुमसे।

## समुद्र से बहे चलो



आचार्य दीप चन्द
भारद्वाज

उलाहनो के द्वन्द्व में
सुख दुख के प्रतिबिम्ब में
कर्तव्य पथ पर बढे चलो
शांत समुद्र से बहे चलो।।
उपेक्षाओं के समर में
जीवन की इस डगर में
नूतन पथ पर चढे चलो
शांत समुद्र से बहे चलो।।
बाधाओं के भीषण रण में
व्यथित न हो विकट क्षण में
पग नित्य आगे धरे चलो
शांत समुद्र से बहे चलो।।
त्यज फल की आशा पुरूषार्ध से लिख गाथा
कर्तव्य कर्म करे चलो शांत समुद्र से बहे चलो।।
संबंधों के हैं बिखरे चमन करें पुष्पित सदैव स्नेह सुमन
स्नेह के दीप बन जले चलो शांत समुद्र से बहे चलो।।


## चातुर्मास



गीता अग्रवाल
हैदराबाद

हिन्दू धर्म में उत्साह उमंग संग,
हैं वैज्ञानिक संचार।
हर प्राणी की रक्षा हेतु
शुभ संदेश से भरे त्यौहार।।
शेष नाग वासुकि नाग,
सहारे दुनिया टिकी हुई,
देवतुल्य पवित्र आत्मा,
चाहे किसी योनि में बसी हुई,
विवेकशील मनु प्राणी का, शत्रु -मित्र बन सकता है
संतुलन बना रहे धरा का, भिन्न प्राणियों से भरी हुई,
योग निद्रा में विष्णु चले जब, शिव महिमा अपरम्पार।
हिन्दू धर्म में उत्साह उमंग संग हैं वैज्ञानिक संचार।।
देवों के देव महादेव सृष्टि पालक, गरल धारण करते,
श्रावण शिव आराधना मास, गंगा जल कांवर भरते,
चातुर्मास मास में गीली धरती, नाग देव बाहर निकलते
शुक्लपक्ष नागपंचमी दिन, हम नागों की पूजा करते ।
पंचमी में नाग पूजन, जीवन आत्मा के अदृश्य आधार ।
हिन्दू धर्म में उत्साह उमंग संग, हैं वैज्ञानिक संचार।।
हर ऋतु का विशेष महत्व, प्रकृति की छटा निराली,
सर्दी,गर्मी, वर्षा, बसंत, सभी हमारी हैं मिताली,
हर मौसम के जलवे सुहावने, खान पान निराले
जल ही जीवन,चौमासे में पूरे वर्ष की भर लो प्याली,
देवी देवता रस बरसाएँ, ऐसे करने हैं उपचार।
हिन्दू धर्म में उत्साह उमंग संग वैज्ञानिक हैं संचार।।

## व्यक्ति - व्यक्तित्व



जे गंगाधर 'गंध'
हैदराबाद

व्यक्ति से श्रेष्ठ होता है व्यक्तित्व
व्यक्तित्व का आधार है कृतित्व ।
कृतित्व से ही निखरे अस्तित्व,
अस्तित्व का प्रमाण हो दायित्व।
दायित्व से ही संभव होता है नेतृत्व,
नेतृत्व का मूलाधार है सेवातत्व।
संयमित समर्पित साधना पथ ही,
सात्विक व्यवहार ही श्रेष्ठतम व्यक्तित्व।

## महि को सींचे धार



सुनिल चौरसिया,
उत्तरप्रदेश

है मिथुन राजकीय पशु,
देखन में खूंखार।
दहेज में दें बेटहा ,
भोजन का श्रृंगार।।
हिमगिरि पर चंचल मिथुन,
मैथुन सुरभी संग।
आवत-जात राही को,
करत रहत नित तंग।।
निशि, अपातानी, गालो,
मिथुन आदि के गेह।
अरुणाचल के अंचल में, गयाल से सुख स्नेह।।
गिरि की छाती चीरकर, महि को सींचे धार ।
'सावन' सोम रस सरिता, मलय हिमालय सार।।
खान-पान नृत्य गायन, मिलनसार त्योहार।।
रंगीन तन-मन व वसन, खान, रेह, लोसार।।
नेची, दोऊ, लोंगटे, द्री, मोपिन , लोसार।
रस में सरस अरुणाचल, खुशियों के त्यौहार।।

## ज़िन्दगी अजब पहेली है...!



संजय एम.
तराणेकर, इंदौर

यारों ये ज़िन्दगी भी अजब पहेली हैं,
दूध मुँहें बच्चों के साथ नई नवेली है।
बचपन के खेल-खेल में अठखेली है,
शिक्षा के द्वार पे दस्तक देती शैली हैं।
आओ के पाठशाला तुम्हारी सहेली है,
लो कॉपी-किताबें बस्ता रूपी थैली है।
यारों ये ज़िन्दगी भी अजब पहेली हैं,
दूध मुँहें बच्चों के साथ नई नवेली है।
बच्चे हुए हैं जवान नौकरी की देरी है,
यह न लगे तो संघर्षों की नई फेरी हैं।
दे दो साक्षात्कार जैसे कच्ची केरी है,
ये मांगते अनुभव ऐसे पोटली घेरी है।
यारों ये ज़िन्दगी भी अजब पहेली हैं,
दूध मुँहें बच्चों के साथ नई नवेली है।
बुजुर्गों के साथ बीमारियों की ढेरी है,
पास है पैसा इलाज में भी ना देरी है।
ये ज़िन्दगी बड़ी अनमोल जादूगरी है,
ख्वाब दिखाती सारे यह कोई परी हैं।

## हर कोई मुझे...



दर्शन सिंह
हैदराबाद

जाना था तो आए क्यों
झूठे ख़्वाब दिखाए क्यों
जिन राहों पर फिसलन थी
उन पर क़दम बढ़ाए क्यों
पाने की तलाश तो थी
राहों में रह गया
वरना संवरना मुझे भी आता है
हर कोई मुझे
जिंदगी जीने का तरीका बताता है
उन्हें कैसे समझाऊं
की कुछ ख़्वाब अधूरे हैं
वरना जीना मुझे भी आता है
यूं तो हर शाम दिल को
तड़पा जाती है
बस इक उम्मीद की लौ
दिल में थरथराती है
सारी कायनात सो जाती
याद तेरी में
मुझे नींद नहीं आती
सफर है तो लंबा सा
थक गया हूं
वरना
मचलना तो मुझे भी आता है
हर कोई मुझे...
बरसते पानी से
हमें ऐसा महसूस होता है
आसमां के दर्द
इन्हीं में बरसते होंगे
जो पत्थर हम से
कभी ठोकर खाते होंगे
शायद वो भी
हम सा ही दर्द पाते होंगे
हसीं तो थी शाम
लेकिन तबीयत बिगड़ गई
वरना इतराना मुझे भी आता है ।।

## धरती



टी तारासिंह
हैदराबाद

टिप टिप बरसे बारिश की बूंदे
ठण्डी हवाये चले दिये मधुरानंद
माटी की खुशबूदार से जी भर जाये
इंद्र देव भी खुश है धरती के मौसम से
सतरंगो से बिछा है सारा आसमान
नीला आसमान सजा है जैसे नई दुल्हन
चांद सितारे से जगमगाये जैसे हो दीप
धरती का हर मौसम हुआ सुहाना
खेते लहराये जैसे हो सावन का महीना
हस हस कर झूला खेले किशोरियां
आज धरती बनी है स्वर्ग से सुंदर
किसान ने काटी नई फसल
है जमी पर वास अन्नपूर्णा का
करते है नई फसल की पुजा
है वास लक्ष्मी जी का किसान के घर
ओर बन रहे है किसान धनवान ।।

## रंगीन कुर्ता...



डॉ डी डी देसाई

जिंदगी एक रंगीन कुर्ता
जिसकी जेब फटी हुई है।
कुछ ख़ुशी के पल...
कुछ खूबसूरत यादें..
जेब से गिर ही जाती है...
उछलते सिक्कों की तरह।
चावन्नी अठन्नी तो मील भी जाएंगी,
पर ये ख़ुशी के पल कभी मिले ही नहीं।
जिंदगी एक रंगीन कुर्ता....
जिसकी एक जेब फटी है...
दूसरी भरी पड़ी है....
दुखों का पहाड़ ...
दर्द का आसमान..
मुसीबतों का समंदर...
उपरसे मजबूरियों का ढक्कन,
इतना बोझ कि कमर झुक गयी...
पर जेब फटी नहीं....।
जिंदगी एक रंगीन कुर्ता...
जिसकी जेब फटी हुई है...।
हर एक को नये कुर्ते की आस...
घोर असंभव...।
साबकी जेब फटी है...
और दर्जी अकेला इस सृष्टी का...
कितने कुर्ते सी पायेगा....?
राशन दुकान सी कतार भी लगाएंगे...
तो इस जिंदगी में हमारी बारी न आएगी।
तो एकमात्र विकल्प है...
खुश रहो.... इसी कुर्ते में।
अनोखे रंग तो है.. इंद्रधनु सजालो,
फूल बने है आगे पीछे...जिंदगी महकालो।
जेब फटी ही सही...पर कुर्ता तो है,
कइयों के कुर्ते ही फ़टे गए ...
आधे सफर में......
हमारा सफ़र जारी तो है...
तो ज़ी लो अपनी जिंदगी,
कमी...और नमी के संग,
अपने...परायों के संग।
रूठना मनाना... एक रंग है जिंदगी का,
दर्द में भी मुस्कान आती रहनी चाहिए।
दस्तक देते रहो हर दरवाजे पर,
अपनों की आहट...आती रहनी चाहिए।

## फलसफ़ा



हेमंत सुराना,
उदयपुर

जिंदगी का फलसफ़ा
कौन समझ पाया,
आज कल की
कश्मकश में हर पल पिसता गया
काफिला साथ है और
सफर तन्हा देखा है,
जहाज को डूबते और कागज की नाव तैरते देखा है
लालच में लोगों को जमीर बेचते देखा है,
हालात बदलते नहीं मगर वक्त बदलते देखा है
रूठते मनाने का हिसाब करते देखा है,
अधूरी ख्वाहिशें का ताना-बाना बुनते देखा है
अपनी गलती छुपाने के लिए आईने को कोसते देखा है,
शांति चाहिए मगर पैसे के पीछे दौड़ते देखा है
समर्पण चाहिए मगर अहंकार के पीछे दौड़ते देखा है,
शाम कटती नहीं और साल गुजरते देखा है,
मूर्खों को दुनियादारी की बातें करता देखा है
जो लम्हा साथ है, उसे जी भर जी लो,
ख्वाहिशे बेइन्ताह,जरूरते कुछ कम कर लो
मुस्कराहटे जो मिले, थोड़ी-थोड़ी बांट लो,
कुछ खोना पाना ही,जिंदगी का फलसफ़ा मान लो ।

## हमारा शौक अंगारों पर चलने का



संजीव ठाकुर,
रायपुर

उसे थोड़ा जाना पहचाना बना दे
फिर चाहे तो उसे अंजाना बना दे।
शहर का यह चौराहा है यहीं पर
मेरे हिस्से का मयखाना बना दे।
शालिका ए जिंदगी जिसको न आये
इश्क उसको भी आज दाना बना दे।
(दाना-समझदार,बुद्धिमान,)
हुनर लफ़्ज़ों का उनको बहुत आता है
हकीकत को बड़ा अफसाना बना दे।
(अफसाना-कहानी,किस्सा,)
हमारा शौक है अंगारों पर चलने का
मौला मुझे गमों से अंजाना बना दे।
कह दो अब पुजारी से यह संजीव
तेरे हर रास्ते में बुत खाना बना दे।
(बुतखाना- मंदिर, पूजाघर,)

## आषाढ़ का महीना



रेणुका अग्रवाल
हैदराबाद

चले आषाढ़ का महीना।
झमाझम बारिश है ना।
तेज तेज हवाएं चल रही है।
भीगने की ख़्वाहिश है ना।
बादलों से ढका आसमान।
कैरियां बन चुकी है आम।
अचार भी डल रहे है न।
चाय संग पकोड़े भी है ना।
रथ यात्रा भी चली गई।
कान्हा गुंडीचा माता से मिले।
सुभद्रा राम बलराम भी घूमे।
मां बेटे से मिली है ना।
अपने कई त्यौहार।
तन्हाई दूर करे लाए प्यार।
हरेक पर्व अपना है निराला।
आता है आने वाला।
अब सिंहस्थ भी आयेगा।
शिप्रा नर्मदा में नहलाएगा।
फिर भीड़ होगी भक्तों की।
उज्जैन फिर से भर जाएगा।
अपने जीवन का हर दिन।
सच में एक त्योहार है।
मानो तो जिंदगी अपनी।
रिश्तों में प्यार से माला मॉल है।
सावन भी आयेगा,
राखी भी लाएगा।
झूले पड़ेंगे हर पेड़ों पर,
गूँजा भी खिलाएगा।
माता पार्वती की पूजा।
शिव सा नहीं कोई दूजा।
सावन का महीना।
शिव को अर्पण है ना।
आषाढी एकादशी।
सबके मन को है भाती।
विष्णु प्रिय सबके राम भी।
संग लक्ष्मी भी चली आती।

## जागीर



डॉ शोभा भंडारी
हैदराबाद

जागीर नहीं हूं मैं किसी की,
न ही किसी की बपौती हूं,
ममता का आंचल फैलाये, मैं,
धरती मां हूं, मैं सृष्टि हूं।
सामंती सोच, स्वार्थ व लोलुपता ने,
अहंकार को जन्म दिया,
लहूलुहान कर दिया मेरा आंचल,
भूमि को बंजर बना दिया।
बारूद और तोपों की नोंक से,
छलनी कर दिया मेरा अस्तित्व,
मेरे मासूम -बेकसूर बच्चों को, घर से बेघर कर दिया।।
बंद करो ये दानवता, नृशंसता -बर्बरता छोड़ो,
दरिंदगी का अध्याय लिखने वालों,
अब तो संभलो,अब तो रुको।
अत्याचार -अधर्म का अंत तो,
हर युग में होता आया, ऐसा कोई नहीं जन्मा अब तक,
जिसने अमृत्व को है पाया।
जागीरदारी के घमंड से, चूर -चूर हो जाओगे,
ऐसे होगे क्षत -विक्षत कि, दो गज जमीन भी न पाओगे।।।

## मै जिंदा हूं इसलिये



डॉ विजय पांढरीपांडे
हैदराबाद

मैं जिंदा हुं इसलिये
की मैं लिखता हुं अभी भी
मैं लिखता हुं इस लिये.
की मैं जिंदा हुं अभी भी
मैं मालक सात सुरोंका
गाता हुं अच्छा अभी भी
मैं गाता हुं इस लिये
जिंदा हुं अभी भी
हर पल मैने की गल्ती
हर पल लडाखडाया मैं
गलती सुधारने के लिये
मैं जिंदा हुं अभी भी
मैं खोज रहा हुं उसे
यहा वहा धरती अंबर
ये खोज जारी हैं इस लिये
मैं जिंदा हुं अभी भी ।।

## तुम शकुनि नहीं, पर बनते क्यों हो?



प्रियंका सौरभ

तुम शकुनि नहीं, पर बनते हो,
चलाते हो चालें, छुपते हो परछाइयों में।
अपने मन के युद्ध को समझो,
क्यों खुद से लड़ते हो?
आत्मनिरीक्षण की सबसे कठिन यात्रा है,
जहाँ हर कदम सवाल बन जाता है।
तुम्हारे भीतर की महाभारत,
अभी भी अधूरी है, जारी है।
जागो उस भीतर के युद्ध से,
और अपने साये को स्वीकारो।
क्योंकि यह लड़ाई अंतर्मन की है,
और इसे जीतना ही जीवन है।
तुम शकुनि नहीं,
पर बनते क्यों हो?
खुद को देखो,
और सच से मत भागो।

## यादों के सहारे



जीडी बजाज
हैदराबाद

आँखे भीग जाती है
आँसु टपकते है।
जब जब तुम्हारी
याद आती हैं
आपने तो संसार का
नियम निभाया है
जो इस संसार में आता हे
उसे वापिस तो जाना है
बस अब यादों के सहारे
जीवन पार करना हे
बिसरे हुए पल को
दिल में बसाते हुए
इंश्वार से यही प्रार्थना है
आपकी यादों में ही सहीं
पर आपका साथ बना रहे।।

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA, Publications, Ltd,
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

# ईसाई मिशनरीज को संतों के जरिए कंट्रोल करेगा संघ

बीजेपी का अगला अध्यक्ष कौन हो, देशभर में चल रहे ईसाई धर्मांतरण के खिलाफ क्या रणनीति हो, खासकर पंजाब में मिशनरीज के फैलाव को कैसे रोका जाए, इन मुद्दों पर बात करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, यानी आरएसएस के बड़े पदाधिकारी दिल्ली में जुटे हैं।

हर साल होने वाली प्रांत प्रचारक बैठक 4 जुलाई, शुक्रवार से दिल्ली में शुरू हो गई है। दिल्ली प्रांत के कार्यालय 'केशवकुंज' में हो रही ये बैठक तीन दिन, यानी 6 जुलाई तक चलेगी। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत लगातार बैठक में मौजूद है। बैठक में प्रांत प्रचारक, सह प्रांत प्रचारक और संगठन के सभी 6 सह सरकार्यवाह भी पहुंचे हैं।

आरएसएस की वेबसाइट पर बताया गया है कि इस बैठक में सिर्फ रणनीति तय होगी। कोई फैसला नहीं होगा।

बीजेपी ने 75 साल की उम्र को एक्टिव पॉलिटिक्स से विदाई का मानक बनाया था। इसी मानक के तहत लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, यशवंत सिन्हा जैसे बड़े नेता एक्टिव पॉलिटिक्स से बाहर हो गए थे। हालांकि, कर्नाटक में विधानसभा चुनाव के वक्त राज्य में 80 साल के बीएस येदियुरप्पा को चुनाव की कमान दी गई थी। पीएम मोदी समेत अन्य नेताओं पर यह नियम लागू होगा या नहीं, इस पर भी चर्चा होगी। पीएम 17 सितंबर को 75 साल के हो जाएंगे। अगर ये नियम लागू नहीं होगा, तो इसका जवाब आरएसएस को भी तैयार रखना होगा। हालांकि, महाराष्ट्र बीजेपी के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले कह चुके हैं कि पार्टी में 75 साल की उम्र में रिटायरमेंट का कोई नियम नहीं है। 2024 में लोकसभा चुनाव के दौरान भी पीएम मोदी के रिटायरमेंट पर विपक्ष की तरफ से बयान दिए गए थे। मई, 2024 में आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने कहा था, 'अगर बीजेपी चुनाव जीत गई तो मोदी अगले साल तक ही प्रधानमंत्री रहेंगे। उन्होंने खुद 75 साल की उम्र में रिटायरमेंट का नियम बनाया है।' इसके जवाब में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था, 'मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि बीजेपी के संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। मोदी जी 2029 तक देश का नेतृत्व करेंगे।' पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी कहा था कि बीजेपी के संविधान में कहीं भी उम्र को लेकर प्रावधान नहीं है।

सूत्र बताते हैं, 'फिलहाल पीएम मोदी के कार्यकाल को बीच में खत्म करने की कोई योजना नहीं है। लिहाजा आरएसएस पहले से जवाब तैयार रखेगा। 75 साल में रिटायरमेंट वाली पॉलिसी बीजेपी की है। सोर्स के अनुसार 'आरएसएस के अपने मुद्दे हैं। उम्र आरएसएस के लिए कभी बाधा नहीं रही।

ये पार्टी की पॉलिसी है, वही तय करे।' यानी मोदी पीएम बने रहेंगे, क्योंकि अभी उनकी जरूरत भी है।

इस महीने बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का ऐलान हो सकता है। पार्टी ने 22 राज्यों में संगठन के चुनाव करा लिए हैं। इसके बाद जल्द ही राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने के लिए 19 राज्यों में चुनाव होना जरूरी हैं। जून 2019 से जेपी नड्डा पार्टी के अध्यक्ष हैं। पार्टी के संविधान के मुताबिक, एक व्यक्ति 3-3 साल के दो कार्यकाल यानी 6 साल ही अध्यक्ष रह सकता है। नड्डा को जनवरी 2023 से लगातार एक्सटेंशन मिल रहा है। अब लगता है बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के ऐलान की घड़ी आ गई है? लगता है घोषणा और घड़ी दोनों का मिलन हो ही जाएगा। नाम के नाम पर अभी बात नहीं बन पाई है। हालांकि, अब भी दो नाम हैं। ये तो घोषणा के वक्त ही पता चलेगा, किस नाम पर मुहर लगी।'

मिशनरीज के सामने सिख-हिंदू धर्म प्रचारक

इस बार मीटिंग के एजेंडे में पंजाब सबसे अहम है। इसमें मिशनरीज के फैलते जाल और सिख से ईसाई बन रहे लोगों पर बात होगी। इस पर पंजाब में भी बैठक हो चुकी है। तब धर्म-मत परिवर्तन के संकट से निपटने के लिए शुरुआती रणनीति बनाई गई थी। मिशनरीज के काम करने के तरीके में चमत्कार से बीमारियों के ठीक होने के दावे और विदेशों में बच्चों को बसने का लालच सबसे खास हैं। मिशनरीज धर्म प्रचारकों के सामने सिख-हिंदू धर्म प्रचारकों का नेटवर्क तैयार किया जाएगा। धर्म बदल चुके लोगों को वापस लाने के लिए उनसे बात की जाएगी। दलित समाज के बीच सिख-हिंदू आदर्शों के बारे में बताया जाएगा। गांव-गांव में कार्यक्रम किए जाएंगे, जिनमें इस समाज की गौरवशाली संस्कृति के किस्से सुनाए जाएंगे। गुरुद्वारों और मंदिरों में पाठ और सत्संग किए जाएंगे।'

'पंजाब में गरीब और दलित तबके के बीच मिशनरी धर्म प्रचारकों का सबसे बड़ा हथियार आस्था है। ये लोग चमत्कारों का प्रचार और भ्रामक किस्से सधी रणनीति के साथ फैलाते हैं। मिशनरीज की इस मोडस ऑपरेंडी के सामने सिख और हिंदुओं के बड़े संतों को खड़ा किया जाएगा। महान गुरुओं के जीवन की कहानियों को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा।

धर्म प्रचारकों के जत्थे गांव-कस्बों में रुकेंगे। घरों, चौपालों और पंचायतों में इस पर बातें होंगी। पंजाब के छोटे-बड़े डेरों से संपर्क किया जाएगा। देशभर के साधु-संतों के कार्यक्रम कराएंगे।

'सरकारी योजनाओं को लोगों के बीच पहुंचाएंगे, ताकि लोगों की बुनियादी जरूरतें पूरी हो सकें। सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोअर्स और सैकड़ों एकड़ जमीनों के मालिक पादरियों के खिलाफ लड़ाई दूसरी तरह से लड़ी जाएगी। इसमें समाज के साथ सरकार की अहम जिम्मेदारी होगी। इन सब पर बैठक में चर्चा संभव है।

बैठक में शामिल प्रांत प्रचारक स्तर के सोर्स ने बताया, 'बैठक में सभी सहयोगी संगठनों के कामकाज की समीक्षा के साथ ही आगे की रणनीति तैयार होगी। देश में कई ऐसी ताकतें हैं, जो देश को तोड़ने और विदेशी एजेंडे पर काम कर रही हैं।

हमारी एक टीम है, जो ऐसी ताकतों के खिलाफ और देश हित में नरेशन बनाने का काम कर रही है। ये टीमें कश्मीर से कन्याकुमारी तक काम कर रही हैं। एक और सोर्स ने बताया, 'इस वक्त दूसरे देश की सीमाओं से लगने वाले राज्यों के खिलाफ कई तरह के अभियान चल रहे हैं। नशा, हथियार तस्करी के साथ हिंदुत्व के खिलाफ माहौल बनाया जा रहा है। देश की संस्कृति के खिलाफ अभियान चल रहे हैं।

'नॉर्थ ईस्ट, लेह-लद्दाख, उत्तराखंड और पंजाब हमारे फोकस एरिया हैं। इन राज्यों में लोगों के बीच हमारी टीम नरेशन बिल्डिंग का काम और तेज करेगी। हिंदू राष्ट्र के इतिहास और संस्कृति के लिए अभियान चलाए जाएंगे। सीमा पर विदेशों के एजेंडे को तोड़ने के लिए कुछ टीमें अलग से काम कर रही हैं। इनका काम सीमा पर चल रहे देश विरोधी एजेंडे के बारे में जानना और उसके खिलाफ अभियान चलाना है। ये अभियान सोशल मीडिया से लेकर जमीन पर चल रहे हैं। इनके लिए संगठित प्रयास करने की रणनीति पर काम होगा।'

इंदिरा गांधी सरकार ने संविधान की प्रस्तावना में बदलाव कर सेक्युलर और समाजवादी शब्द जुड़वाए थे। आरएसएस इन्हें हटाने की मांग कर रहा है। इस मांग को देशव्यापी कैसे बनाया जाए, इस पर भी चर्चा होगी। आपातकाल के 50वें साल में इसे बड़ा मुद्दा बनाया जाएगा। आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले लगातार इस पर बयान दे रहे हैं। उन्होंने 26 जून को दिल्ली में कहा था कि मूल संविधान में सोशलिस्ट और सेक्युलर शब्द नहीं थे। इमरजेंसी के समय इन्हें जोड़ दिया गया था।

बैठक में 233 आरएसएस कार्यकर्ता, जिनमें प्रांत प्रचारक, सह प्रांत प्रचारक और क्षेत्र प्रचारक, सह क्षेत्र प्रचारक शामिल हैं। आरएसएस के संगठन में 11 क्षेत्र और 46 प्रांत हैं। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के साथ सभी 6 सहकार्यवाह जुटे हैं।

बैठक में आरएसएस की तरफ से कोई प्रतिनिधि शामिल नहीं हो रहा। बैठक को पूरी तरह से संगठन के कामकाज पर फोकस रखने का फैसला लिया गया है। सोर्स बताते हैं कि इस बैठक में संगठन की रणनीति और एजेंडे पर चर्चा होनी है। अगर किसी तय एजेंडे पर सरकार के प्रतिनिधि से चर्चा की जरूरत होगी, तो अलग से बात होगी। खासतौर पर पंजाब के मुद्दे पर सरकार के प्रतिनिधि के लिए कुछ पॉइंट्स पर चर्चा के लिए बैठक के आखिर में प्रस्ताव भेजा जा सकता है।

27 सितंबर को आरएसएस की स्थापना के 100 साल पूरे होंगे। आरएसएस इसकी तैयारियों पर भी चर्चा करेगा। शताब्दी वर्ष के लिए देशभर में हिंदू सम्मेलन और डोर टु डोर अभियान जैसे कार्यक्रम किए जाएंगे। आरएसएस के शताब्दी वर्ष की शुरुआत नागपुर में 2 अक्टूबर को विजयादशमी से होगी।

इसके तहत अगली विजयादशमी यानी 2026 तक कार्यक्रम होंगे। देशभर में शाखा, मंडल, बस्ती लेवल पर उत्सव होगा। स्वयंसेवक घर-घर जाकर लोगों से मिलेंगे। चार बड़े शहरों दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु में आरएसएस चीफ मोहन भागवत के कार्यक्रम होंगे। इसमें समाज के प्रमुख लोगों को बुलाया जाएगा।




# भारत में किडनी बेच रहे बांग्लादेशी

### तस्करी का शिकार हुआ पूरा गांव; पैसा भी पूरा नहीं मिला लोग सिर्फ एक किडनी के सहारे जिंदा

बांग्लादेश के उत्तर-पश्चिमी जिले जॉयपुरहाट का एक छोटा-सा गांव बाइगुनी अब 'वन किडनी विलेज' के नाम से कुख्यात हो चुका है। यहां हर 35 में से एक व्यक्ति अपनी किडनी बेच चुका है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक भारत और बांग्लादेश के बीच चल रही इस अवैध अंग तस्करी ने कई परिवारों की जिंदगियों को बर्बाद कर दिया है।

45 वर्षीय सफीरुद्दीन इसी गांव के निवासी हैं। 2024 की गर्मियों में उन्होंने भारत आकर 2.5 लाख रुपए में अपनी किडनी बेच दी थी। उनका मकसद गरीबी से निकलना और अपने तीन बच्चों के लिए घर बनाना था, लेकिन अब उनका मकान अधूरा है, शरीर में लगातार दर्द है और काम करने की ताकत नहीं बची।

सफीरुद्दीन कहते हैं, दलालों ने कहा था सब आसान होगा। मैंने सब कुछ बच्चों के लिए किया। लेकिन ऑपरेशन के बाद मेरा पासपोर्ट, मेडिकल पर्चियां और दवाइयां सब गायब हो गईं।

भारत में मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम 1994 के मुताबिक , किडनी का दान सिर्फ नजदीकी रिश्तेदारों के बीच या सरकारी मंजूरी से ही किया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक दलाल नकली दस्तावेजों और रिश्तेदारी के फर्जी सबूतों के जरिए इस नियम को चकमा दे देते हैं।

अल जजीरा की रिपोर्ट में WHO के विशेषज्ञ मोनिर मनीरुज्जमां के हवाले से बताया गया है कि फर्जी पहचान पत्र, नोटरी सर्टिफिकेट और डीएनए रिपोर्ट तक बनवाई जाती हैं। अस्पतालों को अक्सर शक ही नहीं होता या वे जानबूझकर नजरअंदाज कर देते हैं। बिनाई गांव की विधवा जोशना बेगम और उनके दूसरे पति बेलाल को 2019 में एक दलाल ने भारत ले जाकर कोलकाता के एक अस्पताल में ट्रांसप्लांट करवाया। पहले 7 लाख टका (बांग्लादेशी करेंसी) का वादा किया गया, लेकिन ऑपरेशन के बाद सिर्फ 3 लाख मिले। जोशना कहती हैं कि, दलाल ने पासपोर्ट तक नहीं लौटाया। बाद में बेलाल भी मुझे छोड़कर चला गया। ई-कॉमर्स धोखाधड़ी में सब कुछ गंवाने के बाद ढाका के कारोबारी मोहम्मद सजल (बदला हुआ नाम) ने 2022 में दिल्ली में अपनी किडनी बेची। उन्होंने 8 लाख रुपए में किडनी बेच दी। लेकिन जब वादा किए गए 8 लाख रुपए नहीं मिले, तो उन्होंने खुद दलाल बनकर अन्य बांग्लादेशियों के लिए ट्रांसप्लांट का इंतजाम करना शुरू कर दिया।

सजल बताते हैं ये गिरोह दोनों देशों के डॉक्टर्स, अस्पतालों और दलालों से जुड़ा है। मैं अब उनकी बंदूक के साए में हूं। बांग्लादेश पुलिस ने दावा किया है कि उन्होंने अंग तस्करी के नेटवर्क पर कार्रवाई तेज कर दी है और कई दलाल गिरफ्तार किए गए हैं। दिल्ली पुलिस ने जुलाई 2024 में एक महिला सर्जन को गिरफ्तार किया, जिन पर 15 बांग्लादेशी मरीजों के अवैध ट्रांसप्लांट कराने का आरोप है। हालंकि, यह कार्रवाई नाकाफी है। भारत में हेल्थ टूरिज्म एक 7.6 अरब डॉलर का उद्योग है और अधिक ट्रांसप्लांट का मतलब अधिक कमाई। ऐसे में अस्पतालों की चुप्पी भी इस व्यापार को बढ़ावा दे रही है।

रिपोर्ट में दलालों के हवाले से बताया गया है कि मरीज एक किडनी के लिए 18 से 22 लाख रुपए तक चुका देते हैं, जबकि किडनी बेचने वालों को सिर्फ 2.5 से 4 लाख रुपए मिलते हैं। बाकी पैसा अस्पतालों, दलालों, दस्तावेज बनाने वालों और डॉक्टरों में बंट जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक कुछ मामलों में तो लोगों को भारत में नौकरी का झांसा देकर ले जाया गया और बाद में जबरन या धोखे से ऑपरेशन करवा दिया गया।

बांग्लादेश ग्रामीण उन्नति समिति के अधिकारी शरिफुल हसन के मुताबिक, कुछ लोग गरीबी के चलते खुद अंग बेचते हैं, लेकिन कई बार उन्हें धोखा देकर फंसाया जाता है।

किडनी हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण ऑर्गन्स में से एक है। ये ब्लड से अपशिष्ट पदार्थ, एक्स्ट्रा पानी, शुगर और हर उस चीज को बाहर निकालने का काम करती है, जिसकी शरीर को जरूरत नहीं है। ये टॉक्सिन्स ब्लैडर यानी मूत्राशय में जमा हो जाते हैं और फिर पेशाब के साथ शरीर से बाहर निकल जाते हैं।

# उद्धव-राज ठाकरे साथ-साथ: मराठी मानुषों पर सियासी नजर

**अजय कुमार**

महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा खेला हुआ है। दशकों से सियासत की दुनिया में एक-दूसरे के दुश्मन बने दो भाई एक हो गये हैं। बात राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के साथ आने की हो रही है। दोनों भाइयों ने एक साथ आने पर एक सुर में प्रतिक्रिया व्यक्त की। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने कहाकि जो बाल साहब ठाकरे नहीं कर सके, वह आज देवेंद्र फडणवीस ने कर दिया। उन्होंने हम दोनों भाइयों को साथ खड़ा कर दिया। वहीं, इस मौके पर उद्धव ठाकरे ने भी राज ठाकरे के सुर में सुर मिलाया। उन्होंने कहा कि हम क्या कहते हैं, इससे ज्यादा जरूरी है यह है कि हम साथ हैं। हम साथ आए हैं और साथ ही रहेंगे। हमें इस्तेमाल करके फेंकने वालों को अब हम फेंकेंगे।

इस मौके पर दोनों ने कई मुद्दो पर अपनी प्रतिक्रिया दीं। उद्धव ठाकरे ने एकनाथ शिंदे पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आपने हमें बहुत इस्तेमाल कर लिया है। अगर आपके पास बालासाहेब ठाकरे का समर्थन न होता तो आपको महाराष्ट्र में कौन जानता? आप हमें हिंदुत्व सिखाने वाले हैं कौन? उद्धव ने कहा कि जब मुंबई में दंगे हो रहे थे मराठा लोगों ने महाराष्ट्र में सभी हिंदुओं को बचाया था, चाहे वो कोई भी होंगे। अगर आप विरोध के लिए, न्याय पाने के लिए लड़ रहे मराठी लोगों को गुंडा कह रहे हैं तो ठीक है, हम गुंडा हैं।इससे पहले इस मौके पर राज ठाकरे ने कहा कि हिंदी अच्छी भाषा है। हमें हिंदी अच्छी लगती है। सारी भाषाएं अच्छी हैं। लेकिन हिंदी भाषा को थोपा जाना बर्दाश्त नहीं। राज ठाकरे



ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने मराठी लोगों की मजबूत एकता के कारण त्रिभाषा फार्मूले पर फैसला वापस लिया। त्रिभाषा फार्मूला पर फैसला मुंबई को महाराष्ट्र से अलग करने की साजिश का मुख्य हिस्सा था।महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने केंद्र सरकार पर कथित रूप से देशभर में हिंदी थोपने को लेकर जमकर निशाना साधा। उन्होंने न सिर्फ शिक्षा व्यवस्था में बदलाव की आलोचना की, बल्कि भारतीय जनता पार्टी ( को भी उसकी हिंदुत्व की परिभाषा पर सवालों के घेरे में खड़ा किया। राज ठाकरे ने लाल कृष्ण आडवाणी का उदाहरण देते हुए कहा, एलके आडवाणी मिशनरी स्कूल में पढ़े हैं। क्या वह कम हिंदू हो गए?

राज ठाकरे ने आगे कहा कि भाषा का व्यक्ति से क्या लेना-देना? उन्होंने कहाकि बालासाहेब ठाकरे और मेरे पिता श्रीकांत ठाकरे ने इंग्लिश मीडियम में पढ़ाई की। बालासाहेब ठाकरे ने अंग्रेजी स्कूल में पढ़ाई की, अंग्रेजी अखबार में काम किया लेकिन मराठी को लेकर कभी समझौता नहीं किया। दक्षिण भारत के कई राजनीतिक नेता और फिल्मी हस्तियां अंग्रेजी विद्यालयों में पढ़ी, लेकिन उन्हें तमिल और तेलुगु भाषा पर गर्व है। लालकृष्ण आडवाणी ने सेंट पैट्रिक हाईस्कूल में पढ़ाई की, जो एक मिशनरी स्कूल था, लेकिन उनके हिंदुत्व पर शक कर सकते हैं? मनसे प्रमुख ने कहाकि महाराष्ट्र से बड़ा कोई मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के लिए जो कर सकते हैं करेंगे। राज ठाकरे ने इस दौरान कहा कि भाषा के बाद यह लोग जाति की राजनीति करेंगे। उन्होंने कहा कि ये मराठी लोगों को कभी एक साथ नहीं आने देंगे। राज ठाकरे ने कहाकि हिंदी बोलने वाले राज्य आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं। लोग वहां से भागकर गैर हिंदी भाषी प्रदेशों की तरफ आ रहे हैं।

राज ठाकरे ने आगे कहा कि यह लोग बस वोट के लिए ऐसा कर रहे हैं। अगर हिंदी लागू करने का यह फैसला चुपचाप स्वीकार कर लिया जाता तो आगे यह लोग अगले कदम के रूप में मुंबई को महाराष्ट्र से अलग कर देते। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषी राज्यों पर कई साल तक मराठा शासन रहा। लेकिन क्या वहां पर कभी हमने मराठी लागू करने की कोशिश की? राज ठाकरे ने तंज करते हुए कहाकि मंत्रियों की हिंदी सुनोगे तो गिर पड़ोगे। कुल मिलाकर दोनों नेता हिन्दी और महाराष्ट्र में काम धंधा करने वाले यूपी-बिहार के हिन्दी बोलने वाले लोगों का विरोध करके मराठी मानुष के वोट को साधने की कोशिश करते नजर आये।

# मोहर्रम के दौरान ईरानी नेता खामनेई के कसीदे क्यों

**-संजय सक्सेना**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित कई जिलों और जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में हाल ही में दो घटनाएं एक जैसी घटीं, जिन्होंने देशभर में एक नई बहस छेड़ दी है। दरअसल, भारत में मोहर्रम के दौरान शिया समुदाय द्वारा इमाम हुसैन की शहादत को याद करने के लिए जुलूस, ताज़िया और मातम का आयोजन किया जाता है। इस पवित्र महीने में मुसलमानों की धार्मिक भावनाएँ प्रबल होती हैं, और विशेष रूप से शिया समुदाय अपने धार्मिक गुरुओं को सम्मान देता है। ऐसे मौके पर अक्सर राजनीति को धर्म से दूर रखा जाता है,लेकिन हाल ही में, उत्तर प्रदेश के उन्नाव, लखनऊ सहित देश के कई राज्यों में मोहर्रम के दौरान ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के बैनर-पोस्टर लगाए गए,जिसको लेकर विवाद खड़ा हो गया है। सवाल पूछा जा रहा है कि जब इजरायल और ईरान के बीच संबंध बेहद तनावपूर्ण हैं और भारत दोनों देश के नेताओं को समझा-बूझा रहा है तब समाज का एक वर्ग किसी एक देश की सरकार के पक्ष में क्यों खड़ा दिखाई देता है। वह भी ऐसे मौके पर जब शिया मुलसमान इमाम हुसैन की शहादत को याद करके मातम बना रहे है।।यह तर्क दिया जा सकता है कि खामेनेई एक धार्मिक शख्सियत हैं,लेकिन इसके साथ-साथ सच्चाई यह भी है के वह इस समय सियासी रूप में नजर आ रहे हैं।

बहराल, उत्तर प्रदेश में तमाम जिलों के स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने इन पोस्टरों को हटाने का आदेश दिया, क्योंकि सार्वजनिक स्थानों पर विदेशी नेताओं की तस्वीरें लगाना नियमों के खिलाफ माना जाता है। कई लोगों का मानना है कि यह भारत की संप्रभुता और सामाजिक सौहार्द के लिए खतरा हो सकता है, खासकर जब ईरान-इज़रायल संघर्ष की पृष्ठभूमि में इसे राजनीतिक समर्थन के रूप में देखा जाता है। उन्नाव में पुलिस ने शांति बनाए रखने के लिए पोस्टर हटवाए, जिस पर शिया संगठनों ने नाराज़गी जताई। मौलाना यासूब अब्बास जैसे धर्मगुरुओं ने इसे धार्मिक भावनाओं पर हमला बताया, जबकि प्रशासन का कहना था कि यह कदम सामुदायिक तनाव को रोकने के लिए ज़रूरी था।

गौरतलब हो, धर्म के नाम कुछ शिया मुसलमान जो कर रहे हैं उसके चलते भारत-इजरायल के पुराने संबंधों भी प्रभावित हो सकते हैं। कुछ लोग इसे वैचारिक प्रदर्शन मानते हैं, जो इमाम हुसैन के अन्याय के खिलाफ संघर्ष को दर्शाता है। फिर भी, भारत जैसे बहु-सांस्कृतिक देश में ऐसी गतिविधियां सावधानी बरतने की मांग करती हैं, ताकि सामाजिक एकता बनी रहे। लखनऊ में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई का पोस्टर लगाए जाने और श्रीनगर में मुहर्रम के दौरान आतंकी संगठन हिज़्बुल्लाह के झंडे लहराए जाने की घटनाएं न केवल राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति के दायरे में भी चर्चा का विषय बन गई हैं। इन घटनाओं ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या धार्मिक आस्था की आड़ में भारत जैसे धर्मनिरपेक्ष देश में विदेशी एजेंडा पनप रहा है? लखनऊ के अवध पॉइंट स्थित शिया धर्मगुरु मौलाना यासूब अब्बास के आवास,शिया डिग्री कालेज, विक्टोरिया स्ट्रीट आदि कुछ स्थानों पर जब अयातुल्ला खामेनेई के बड़े-बड़े पोस्टर लगाये गये, तब कई लोगों ने इसे सामान्य धार्मिक परंपरा माना। मौलाना यासूब ने सफाई दी कि हर साल की तरह इस बार भी हैदरी टास्क फोर्स की ओर से ये पोस्टर लगाए गए हैं। बहरहाल, शिया धर्मगुरूओं को यही लगता है कि खामेनेई शिया समुदाय के लिए एक धार्मिक गुरु हैं, इसलिए इसमें कोई राजनीतिक एजेंडा नहीं है। लेकिन इस बार मामला इसलिए खास बन गया क्योंकि यह पोस्टर ऐसे समय लगाया गया, जब ईरान और इज़रायल के बीच 12 दिन तक भयंकर संघर्ष चला। ऐसे में जब भारत में किसी ऐसे देश के सर्वोच्च नेता की सार्वजनिक तस्वीरें सामने आती हैं, जो खुद को इज़रायल का शत्रु घोषित करता है, तो विवाद होना लाज़िमी था। इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रियाएं आईं। कई लोगों ने पूछा कि जब भारत की सरकार किसी भी वैश्विक संघर्ष में निष्पक्ष भूमिका अपनाने की नीति पर चल रही है, तब भारत की सड़कों पर विदेशी नेताओं के प्रचार की आवश्यकता क्या है?क्या यह धार्मिक भावनाओं की अभिव्यक्ति है या भारत में विदेशी राजनैतिक विचारधाराओं के लिए ज़मीन तैयार करने की एक कोशिश? यह सवाल और गंभीर हो जाता है कि क्या भारत की धार्मिक स्वतंत्रता का दायरा इतना बड़ा है कि उसके भीतर दूसरे देशों की राजनीति को भी छिपने की जगह मिल जाए? क्या धर्म के नाम पर कोई भी समूह किसी विदेशी नेता के लिए समर्थन जुटा सकता है, भले ही उसका भारत से कोई लेना-देना न हो? इस घटना के बाद उत्तर प्रदेश की खुफिया एजेंसियां सतर्क हो गईं।



# आज से शुरू हो रहा है चातुर्मास

## देवशयनी एकादशी पर भगवान विष्णु और महालक्ष्मी का अभिषेक

### चातुर्मास क्या होता है?



चातुर्मास का अर्थ है "चार महीने"।

यह आषाढ़ शुक्ल एकादशी (देवशयनी एकादशी) से शुरू होकर कार्तिक शुक्ल एकादशी (देवउठनी एकादशी) तक चलता है।

इस साल चातुर्मास 6 जुलाई से 1 नवंबर तक रहेगा।

**इस दौरान क्या होता है विशेष?**

- भगवान विष्णु योग निद्रा में चले जाते हैं।
- भगवान शिव सृष्टि का संचालन करते हैं।
- इस समय को धार्मिक दृष्टि से बेहद पवित्र और पुण्यदायी माना जाता है।

### मांगलिक कार्य क्यों नहीं होते हैं चातुर्मास में?



भगवान विष्णु पंचदेवों में से एक हैं और हर शुभ कार्य की शुरुआत पंचदेव पूजा से होती है।

जब विष्णु जी विश्राम करते हैं, तो वे शुभ कार्यों में उपस्थित नहीं हो पाते।

इसी कारण विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश, जनेऊ आदि शुभ कार्यों के लिए कोई शुभ मुहूर्त नहीं निकलते।

अभी आषाढ़ मास का समय चल रहा है और इस महीने की शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवशयनी एकादशी कहा जाता है। इस साल ये तिथि 6 जुलाई को पड़ रही है। इस एकादशी पर भगवान विष्णु और महालक्ष्मी का अभिषेक करना चाहिए। इसी दिन से चातुर्मास की शुरुआत होती है।
देवउठनी एकादशी के बाद फिर से होंगे शुभ कार्य
देवउठनी एकादशी (1 नवंबर) के दिन भगवान विष्णु योगनिद्रा से जागते हैं। इसके बाद फिर से विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन जैसे शुभ कार्य शुरू होते हैं

### चातुर्मास में कौन-कौन से शुभ काम करें?



विष्णु जी या उनके अवतारों की पूजा करें। श्रीमद्भागवत, विष्णु पुराण का पाठ करें। रोज "ॐ नमो भगवते वासुदेवाय" मंत्र का जप करें।

तांबे के लोटे में जल भरें और "ॐ सूर्याय नमः" मंत्र बोलते हुए सूर्य को जल चढ़ाएं। यदि सूरज के दर्शन न हो पा रहे हों तो पूर्व दिशा की ओर मुंह करके जल अर्पित करें।



शिवलिंग पर जल और दूध अर्पित करें। चंदन का लेप करें, बिल्व पत्र और आंकड़े के फूल चढ़ाएं। "ॐ नमः शिवाय" मंत्र का जप करें। शिव पुराण या शिवजी की कथाओं का पाठ करें।

बाल गोपाल का पंचामृत से अभिषेक करें। लड्डू गोपाल को पीले वस्त्र पहनाएं, हार-फूल से श्रृंगार करें। तुलसी के साथ माखन-मिश्री का भोग लगाएं। "कृं कृष्णाय नमः" या राधाकृष्ण मंत्र का जप करें।

# कितने दिनों तक रहती है शनि की महादशा

## ये कैसे करती है काम: इस दशा में कैसे मिलेगा आराम?

वैदिक ज्योति के अनुसार शनि महादशा 7.5 वर्षों तक यानि 2800 दिनों की होती है। इस दौरान जातक को कई परेशानियों और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में इस दौरान घबराने से नहीं, संयम से काम लेना होता हैं। अगर आपकी महादशा, साढ़ेसाती या ढैय्या चल रही है तो ये आपको कैसे प्रभावित करेगी और क्या उपाय करके आप इससे सुधार कर सकते हैं
अक्सर देखा गया है कि शनि की साढ़ेसाती आने पर लोग घबरा जाते हैं, परेशान हो जाते हैं, लेकिन शनि की महादशा में सबसे जरूरी है संयम और मेहनत। उसी से आप इस महादशा को पार लगा सकते हैं। शनि हमेशा बुरा प्रभाव नहीं छोड़ते इस महादशा में अलग-अलग पड़ाव आते हैं और उनके अलग-अलग तरीके से प्रभाव होते हैं।
शनि देव केवल उन्हीं को दंड देते हैं जो अधर्म के मार्ग पर होते हैं। जो सच्चा, परिश्रमी और धर्मयुक्त जीवन जीते हैं, उनके लिए शनि "कर्म संरक्षक" की भूमिका निभाते हैं। शनि की महादशा का ये समय हमें जीवन की गहराई से जुड़ने और भटकाव से बचने का मौका देता है। जानते हैं ज्योतिषाचार्य **नर्सीकर पं. पंढरीनाथ** से कि शनि की साढ़ेसाती के प्रभाव कितने दिन रहता है और कैसे-कैसे प्रभाव छोड़ता हैं।
शास्त्रों के अनुसार शनि की साढ़ेसाती के प्रभाव पाराशर जी, जो ज्योतिष के जनक कहलाते हैं उनके अनुसार, शनि के प्रभाव जातक की साढ़ेसाती में दिनों के हिसाब से प्रभाव दिखाते हैं।

पहले 100 दिन बीमारी : पराशर जी के अनुसार शनि की साढ़ेसाती के पहले 100 दिन शनि बीमारी देते हैं। आपकी वाणी को खराब कर देते हैं।
**अगले 400 दिन :** शनि के साढ़ेसाती के 100 बाद के 400 दिनों में दाहिने हाथ पर असर ज्यादा होगा लेकिन लाभ भी ज्यादा हो सकता है।



फिर 600 दिनः फिर 600 दिन पैरों पर असर होगा। यात्रा ज्यादा होगी, धन हानि होगी।
उसके बाद के 400 दिनः इन दिनों में बाएं हाथ पर प्रभाव आएगा,निर्धनता आने लगेगी, जैसे तनख्वाह में कटौती होगी, हानि की संभावना अधिक हो जायेगी।
फिर 500 दिनः इनदिनों में लाभ तो हो सकता है लेकिन पेट में अल्सर की संभावना या पेट से संबंधित परेशानियां हो सकती हैं।
फिर 300 दिनः ये 300 दिन आपके सिर में असर होने लगेगा,कभी ना बनने वाले काम जैसे विवाह, संतान, मकान खरीद, मकान निर्माण हो सकता है।
**300 दिनः** ये 300 दिन दोनों आंखों में परेशानी हो सकती है,मरंतुल्य कष्ट हो सकता है।
**200 दिनः** फिर 200 दिन गुर्दे में समस्या हो सकती है और कष्ट बहुत ज्यादा बढ़ सकते हैं।
इस प्रकार लगभग 2800 दिन के शनि के साढ़ेसाती के प्रभाव क्या होंगे यह पाराशर जी ने बताये लेकिन जातक एक बात अवश्य ध्यान रखें ज्योतिष का विश्लेषण परिस्थितियों के अनुरूप ही किया जाना चाहिए। शनि की साढ़ेसाती के बारे में आंख बंद करके यह कहना गलत है कि हमेशा शनि के साढ़ेसाती सिर्फ अशुभ फल देगी।
शनि की साढ़े साती के लाभ
पुराने कर्मों का परिशोधन
अनुशासन और आत्मविश्वास
आध्यात्मिक उन्नति
संयम और धैर्य की प्राप्ति
शनि की साढ़े साती आने पर क्या उपाय करें ?
"ॐ शं शनैश्चराय नमः" का जप करें।
शनिवार को तेल का दान, गरीबों को भोजन दें।
अपने कर्मों में निष्ठा और सच्चाई बनाए रखें।
भगवान हनुमान जी की उपासना करें क्योंकि हनुमान भक्तों से शनि भयभीत रहते हैं।

# चातुर्मास : 4 माह शिव के हाथ में है सृष्टि की बागडोर

चातुर्मास 2025ः आज से चातुर्मास का आरंभ हो रहा है. ये वो 4 महीने होते हैं जब भगवान विष्णु योग निद्रा में चले जाते हैं. देवशयनी एकादशी के बाद से भगवान विष्णु शयन के लिए क्षीरसागर में चले जाते हैं, और इन चार महीनों में पृथ्वी का कार्यभार भगवान शंकर यानी कि भोलेनाथ के हाथ आ जाता है.
चातुर्मास की शुरुआत भी सावन से ही होती है और सावन शिव का प्रिय महीना है. इस माह में शिव ने हलाहल विष को पिया था. आप भी अपने दोषों को दूर करने के लिए इन चार माह में शिव की भक्ति और आराधना कर सकते हैं.
जैसा कि नाम से ही विदित है भोलेनाथ यानी की ऐसे भगवान जो भोले हैं, जो अपने भक्तों पर शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं. तो इन चार महीनों में आपके पास मौका है कि आप भगवान शिव को प्रसन्न करके उनसे अपने मनचाहे वरदान की प्राप्ति कर सकते हैं.
शिव को प्रसन्न करना भी बहुत सरल है. माना जाता है की वो भक्तों की पूजा से जल्द ही पसीज जाते हैं. अब ऐसे में यह जानना जरूरी है कि भगवान शिव को क्या पसंद है, क्या है उनकी प्रिय वस्तुएं जिनको अर्पित करके आप मनचाहा वरदान प्राप्त कर सकते हैं. तो चलिए जानते हैं.

**शिव को ये 10 चीजें चढ़ा कर करें प्रसन्न**

जल– शिवलिंग पर जल चढ़ाने से हमारा स्वभाव शांत होता है. आचरण स्नेही होता है.
दुग्ध/दूध– शिवलिंग को दूध चढ़ाने से हमें उत्तम स्वास्थ्य का वरदान मिलता है.
दही– भगवान शंकर को दही से स्नान कराने से स्वभाव में गंभीरता आती है
शक्कर– शक्कर चढ़ाने से सुख और समृद्धि बढ़ती है
शहद– भगवान को शहद अर्पण करने से हमारी वाणी में मधुरता आती है.
घी/घृत– शिवलिंग पर घी अर्पित करने से शक्ति में वृद्धि होती है.
इत्र– शिव को इत्र अर्पित करने से विचारों में शुद्धि आती है
चंदन– शिवजी को चंदन लगाने से मान-प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी होती है.
भांग– महादेव को भांग अति प्रिय है....भांग चढ़ाने से विकार और बुराईयों का अंत होता है.
केशर– भोलेनाथ को केशर अर्पित करने से सौम्यता मिलती है.



# रविवार को सूर्य-चंद्र करेंगे नक्षत्र गोचर

द्रिक पंचांग के अनुसार, 06 जुलाई को देर रात 09 बजकर 15 मिनट तक आषाढ़ माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि रहेगी, जिसके बाद द्वादशी तिथि का आरंभ होगा। नक्षत्र की बात करें तो इस दिन देर रात 10 बजकर 41 मिनट तक विशाखा रहेगा, जिसके बाद अनुराधा का आरंभ होगा। जबकि शाम में राहु काल 05 बजकर 32 मिनट से लेकर 07 बजकर 12 मिनट तक रहेगा।

**मेष राशि (अ, च, चू, चे, ला, ली, लू, ले)**
ऑनलाइन किसी से सिंगल जातकों की मुलाकात हो सकती है। लेकिन जल्दबाजी में फैसला न लें। जिन लोगों की शादी हो चुकी है, उनका मूड खराब रहेगा। जीवनसाथी से झगड़ा होगा, जिसके कारण उन्हें ठेस पहुंचेगी।
**शुभ रंग- ग्रीन**
**शुभ अंक- 16**
**लकी दिशा- उत्तर**
**उपाय- सूर्य यंत्र का दान करें।**
सावधानी- उधारी में कोई चीज न खरीदें।

**वृषभ राशि (उ, ए, ई, द, दी, वो, औ)**
विवाहित जोड़ों को अपने साथी की भावनाओं और जरूरतों को समझने का प्रयास करना होगा। अन्यथा रविवार को एक बार फिर घर में क्लेश होगा। अविवाहित लोग पूरे दिन किसी न किसी कार्य में फंसे रहेंगे, जिसके कारण दोस्तों से मिलने का प्लान भी कैंसिल करना पड़ेगा।
**शुभ रंग- हरा**
**शुभ अंक- 13**
**लकी दिशा- पूर्व**
**उपाय- सूर्य यंत्र की पूजा करें।**
**सावधानी- बड़ा निवेश करने से पहले बड़ों की सलाह लें।**

**मिथुन राशि (क, के, को, घ, छ, ह, ड)**
जिन जातकों की लव लाइफ में सब कुछ सही नहीं चल रहा है, उन्होंने अपने रिश्ते को मजबूत बनाने के लिए जल्द यदि कोई कदम नहीं उठाया तो उनका साथी उनसे अलग होने का फैसला कर सकता है। सिंगल लोगों की सच्चे प्यार की तलाश 06 जुलाई को भी जारी रहेगी।
**शुभ रंग- ग्रे**
**शुभ अंक- 17**
**लकी दिशा- दक्षिण**
**उपाय- घर में सूर्य यंत्र की स्थापना करें।**
**सावधानी- जल्दबाजी में जमीन का सौदा न करें।**

**कर्क राशि (ह, हे, हो, ही, डा, डो)**
सिंगल जातकों की जीवनसाथी की तलाश पूरी होगी। विवाहित जोड़ों के लिए ये दिन अच्छा नहीं रहेगा। पूरे दिन किसी न किसी कारण भागदौड़ करनी पड़ेगी, जिसकी वजह से थकान रहेगी और जीवनसाथी से बात करने का अवसर नहीं मिलेगा।
**शुभ रंग- भूरा**
**शुभ अंक- 12**
**लकी दिशा- पश्चिम**
**उपाय- हरी सब्जियों का दान करें।**



सावधानी- मसालेदार चीजों को खाने से बचें।

**सिंह राशि (म, मे, मी, टे, टा, टी)**
सिंह राशि के जातक यदि अपने जीवनसाथी के साथ खुश नहीं हैं तो इस बारे में उनसे बात करें। उन्हें अपनी भावनाओं के बारे में बताएं। उम्मीद है कि वो आपकी भावना को समझेंगे और गलतियों को सुधारने की कोशिश करेंगे। सिंगल जातकों को नए दोस्त बनाने के अवसर मिलेंगे, लेकिन अपनी सुरक्षा पर सबसे पहले ध्यान दें।
**शुभ रंग- गुलाबी**
**शुभ अंक- 15**
**लकी दिशा- पूर्व**
**उपाय- फलों का दान करें।**
**सावधानी- योगा करना न भूलें।**

**कन्या राशि (प, पे, पो, ष, ण)**
हाल के दिनों में जिन लोगों का रिश्ता पक्का हुआ है, उन्हें अपने साथी के साथ भावनात्मक जुड़ाव बढ़ाने का मौका मिलेगा। विवाहित जोड़ों के बीच झगड़ा होने की संभावना अधिक है।
**शुभ रंग- संतरी**
**शुभ अंक- 19**
**लकी दिशा- उत्तर**
**उपाय- सेब का दान करें।**
**सावधानी- शब्दों में नरमी लाएं।**

**तुला राशि (रे, रो, रा, ता, ते, तू)**
विवाहित जातकों का साथी के साथ विचारों का टकराव होगा। यदि सही समय पर आपने इस समस्या का समाधान नहीं तलाशा तो आप दोनों के बीच दूरियां बढ़ती जाएंगी। सिंगल लोगों का दिन प्यार के अलावा हर मामले में खास रहेगा।
**शुभ रंग- पिंक**
**शुभ अंक- 13**
**लकी दिशा- पूर्व**
**उपाय- चावल का दान करें।**
सावधानी- सोच-समझकर निर्णय लें।

**वृश्चिक राशि (लो, ने, नी, नू, या, यी)**
जो लोग अविवाहित हैं, उनके जीवन में ड्रीम बॉय की एंट्री होगी। जीवनसाथी के साथ संवाद में रहने और उनकी भावनाओं को समझने के कारण विवाहित जातकों का दिन बढ़िया रहेगा।
**शुभ रंग- काला**
**शुभ अंक- 10**
**लकी दिशा- उत्तर**
**उपाय- चावल से बनी खीर का दान करें।**
**सावधानी- गैर जरूरी यात्राओं से बचें।**

**धनु राशि (धा, ये, यो, भी, भू, फा, ढा)**
हाल के दिनों में जिन लोगों का ब्रेकअप हुआ है, उन्हें नए व्यक्ति से मिलने का अवसर मिलेगा। जिन लोगों की शादी को कई साल हो गए हैं, उनके रिश्ते में प्यार और आकर्षण बढ़ेगा।
**शुभ रंग- पीला**
**शुभ अंक- 19**
**लकी दिशा- पूर्व**
**उपाय- पीपल के पेड़ी की पूजा करें।**
**सावधानी- संपत्ति का सौदा न करें।**

**मकर राशि (जा, जी, खो, खू, ग, गी, भो)**
जो लोग लंबे समय से किसी के साथ रिलेशनशिप में हैं, उन्हें सावधान रहने की जरूरत है। रिश्ता खराब हो सकता है। रविवार को विवाहित जोड़ों के बीच समझदारी और प्यार बढ़ेगा।
शुभ रंग- नीला
शुभ अंक- 21
लकी दिशा- दक्षिण
उपाय- धन का दान करें।
सावधानी- जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**कुंभ राशि (गे, गो, सा, सू, से, सो, द)**
जिन लोगों का रिश्ता टूट चुका है और वो अपने लिए साथी की तलाश कर रहे हैं, उनकी पारिवारिक समारोह में किसी खास व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। विवाहित जातकों को अपने जीवनसाथी के साथ समय बिताने और उनके साथ जुड़ने का मौका मिलेगा।
**शुभ रंग- सफेद**
**शुभ अंक- 11**
**लकी दिशा- उत्तर**
**उपाय- तांबे के लोटे का दान करें।**
**सावधानी- अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें।**

**मीन राशि (दी, दो, दू, चा, ची, झ)**
हाल के दिनों में जो लोग रिश्ते में बंधे हैं, उनके जीवन में तीसरे व्यक्ति के कारण परेशानियां बनी रहेंगी। वहीं जिन लोगों की शादी को कई साल हो गए हैं, सूर्य और चंद्र देव की कृपा से उनके जीवन में एक बार प्यार फिर बढ़ेगा और मतभेद दूर होंगे।
**शुभ रंग- वाइट**
**शुभ अंक- 01**
**लकी दिशा- दक्षिण**
**उपाय- सूर्य मंत्रों का जाप करें।**
**सावधानी- कार चलाते समय सावधान रहें।**

# बेहद खूबसूरत व शानदार फिगर है संदीपा धर का



बेहद खूबसूरत चेहरे और शानदार फिगर की स्वामिनी संदीपा धर अभिनेत्री के साथ ही प्रशिक्षित नृत्यांगना भी है। 2010 में फिल्म 'इसी लाइफ में' से बॉलीवुड में डेब्यू करने के बाद उसने 'दबंग 2', 'हीरोपंती', 'गोलू और पप्पू', 'बारात कम्पनी', 'कार्टेल', 'कागज' जैसी फिल्मों में काम किया लेकिन उसे असली पहचान वैब सीरीज ने दिलवाई जिनमें सच्चे मायनों में उसे अपनी प्रतिभा दिखाने के मिले। उसने भी अपने हुनर के दम पर खुद को साबित किया ।-

हर कदम मायने रखता है, के सिद्धांत में भरोसा रखने वाली संदीपा करियर के सबसे कठिन दौर को याद करती है, जब उसने शुरुआत के बाद एक अपरंपरागत रास्ता अपनाया तुरंत और फिल्में करने के बजाय, उसने अपने हुनर को निखारने का विकल्प चुना। वह बताती है, ₹यह मेरे लिए एक बहुत ही अलग यात्रा रही है क्योंकि 2010 में मेरी पहली फिल्म 'इसी लाइफ में' रिलीज होने के ठीक बाद, मैंने तय किया कि मुझे थिएटर करना चाहिए, क्योंकि मैं यह सोचकर बड़ी नहीं हुई थी कि मैं एक अभिनेत्री बनना चाहती हूं इसलिए मैं तैयार नहीं थी। मैं किसी एक्टिंग या फिल्म स्कूल में नहीं गई । मैंने कोई वर्कशॉप नहीं किया, कुछ भी नहीं ।

5 साल तक, संदीपा ने खुद को थिएटर के लिए समर्पित कर दिया, लेकिन यह सुनिश्चित किया कि वह बॉलीवुड से जुड़ी रहे । वह कहती है, "मुझे याद है, मैं अपनी छुट्टियों के दौरान साल में एक बार भारत वापस आती थी क्योंकि मैं पढ़ाई कर रही थी। उन पांच सालों में जब भी मैं छुट्टियों के लिए आती थी, एक फिल्म जरूर करती थी इसलिए, जब मैं पहली बार आई, तो मैंने 'दबंग 2' (2012) की दूसरी बार जब मैं आई, तो मैंने 'हीरोपंती' (2014) की।

ओ.टी. टी. को अपने लिए वरदान बताने वाली संदीपा कहती है, " 2019 में मैं ऑस्ट्रेलिया से मुंबई वापस लौटी। यह वक्त था, जब ओ.टी. टी. चरम पर था। फिर कोविड का दौर आया । मैं सोच ही रही थी कि कैसे फिर से शुरू करूं, तभी मेरे पास ओ.टी. टी. प्रोजैक्ट्स आने लगे। मैं भगवान की शुक्रगुजार हूं कि मेरी फिल्में न चलने के बाद भी मुझे छोटे-मोटे रोल मिलते रहे। इंडस्ट्री के कई नामी डायरैक्टर प्रोड्यूसर ने मेरा टैलेंट और क्षमता देख, मुझे अपने प्रोजैक्ट में काम दिया। मुझे साजिद नाडियाडवाला, विक्रम भट्ट जैसे लोगों के साथ काम करने का मौका मिला। काम के मामले में कवि मेरे लिए सबसे बिजी समय रहा ।

मैंने 'अभय', 'मूम भाई' और 'बिसात' जैसी लगातार 3 वैब सीरीज कीं। इसी साल मेरी वैब सीरीज 'प्यार का प्रोफैसर आई है। अब मेरा मकसद है कि मैं इतनी अच्छी एक्ट्रैस बनूं कि लोग मुझे नजरअंदाज न कर पाएं। मैं अपने काम और क्राफ्ट में इतनी अच्छी बनूं कि उन्हें इस बात से फर्क न पड़े कि मैं स्टारकिड हूं या नहीं। उन्हें बस मेरा काम पसंद आए।

### विज्ञापनों से फिल्मों तक का सफर

संदीपा ने छोटी उम्र में ही अभिनय करना शुरू कर दिया था, स्कूल खत्म करने से पहले ही वह विज्ञापनों में काम करने लगी थी लेकिन उसकी पहली फिल्म का ऑडिशन पूरी तरह से अलग चुनौती थी । उसने कहा, "मैं पॉकेटमनी के लिए ऐड फिल्में करती थी। मैंने बहुत कम उम्र में ही विज्ञापन करना शुरू कर दिया था, शायद 8वीं या 9वीं कक्षा में इसलिए, मुझे अपना पहला विज्ञापन ऑडिशन याद नहीं है, लेकिन मुझे अपना पहला फिल्म ऑडिशन याद है । यह राजश्री बैनर की फिल्म, 'इसी लाइफ में' के लिए था। उसके बाद मेरी जिंदगी बदल गई ।

### पहले ऑडिशन की यादें

"कास्टिंग डायरैक्टर ने मुझे राजश्री की किसी पुरानी फिल्म का मोनोलॉग दिया। उसे सीखकर ऑडिशन के लिए जाना था। मैं माधुरी दीक्षित और उनकी फिल्म 'हम आपके हैं कौन' की बहुत बड़ी फैन हूं।

मैं यह सोचकर गई कि मैं जाकर राजश्री का ऑफिस देखूंगी। सूरज बड़जात्या सर से मिलूंगी, क्योंकि मेरा एक्टिंग में कुछ होने वाला नहीं है। मुझे याद है कि मैंने मोनोलॉग को रट लिया था लेकिन मैं पहले टेक में ही पूरा मोनोलॉग भूल गई।

मैं स्कूल में पढ़ाकू थी, क्योंकि मैं रेटकर सब याद कर लेती थी। रट्टा मारना मेरी खूबी थी, लेकिन कैमरे के सामने मेरी हालत खराब हो गई। मेरे पसीने छूट रहे थे।"

"जैसे-तैसे ऑडिशन देकर मैं इस बात भूल गई। कुछ हफ्ते बाद फोन आया कि उन्हें मेरा टैस्ट अच्छा लगा।

अब मुझे एक और टैस्ट देना होगा। उस रोल के लिए 600-700 लड़कियों का टैस्ट चल रहा था। मैंने टैस्ट खत्म किया और घर जाकर नॉर्मल लाइफ में बिजी हो गई। फिर एक दिन मुझे सूरज बड़जात्या का फोन आया कि मुझे चुन लिया गया है।"

# खुद के डर से हर दिन लड़ती हूं : समीरा रेड्डी



'मैंने दिल तुझको दिया', 'रेस' और 'मुसाफिर' जैसी फिल्मों में काम कर चुकी समीरा रेड्डी यूं तो कम ही फिल्मों में नजर आई लेकिन सभी में उन्होंने अपनी भूमिकाओं को बहुत खूबसूरती से दर्शकों के बीच उतारा। हालांकि, पिछले कुछ समय से समीरा अपनी फिल्मों से ज्यादा निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियां बटोर रही है । वह अपने फैंस के साथ जुड़ी रहने के लिए सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती है और अक्सर अपनी निजी जिंदगी की झलकियां भी दिखाती रहती है। अब समीरा ने अपनी एक पोस्ट में बताया है कि एक चीज है जिसने उसकी जिंदगी में कैसे संतुलन, ताकत और शांति ला दी है। समीरा ने बताया कि वह हर दिन खुद के डर से कैसे लड़ती है। उसने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करते हुए योग को लेकर अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कैप्शन में लिखा, " हर दिन मैं अपने डर से लड़ती हूं और योग मुझे इसके लिए ताकत देता है। योग मुझे केवल ताकत नहीं, बल्कि उम्मीद और जिंदगी में बैलेंस कैसे बनाएं, यह भी बताता है। योग मेरे दिमाग को शांत करता है और मुझे अपनी भावनाओं को समझने में मदद करता है ।

समीरा ने इसी पोस्ट में आगे बताया, जब मैं किसी से बात नहीं कर पाती, तब योग मेरी बात सुनता है । यह शोर को कम करता है और मुझे मेरे जवाब ढूंढने में मदद करता है । समीरा का मानना है कि योग एक ऐसा जरिया है, जो शरीर के साथ ही आत्मा के लिए भी बेहद जरूरी है। उसने कहा, "योग मेरी आत्मा और शरीर को ठीक करता है । दिमाग, दिल और योग अभ्यास सब आपस में जुड़े हुए होते हैं।

उसने अपने ट्रेनर्स का धन्यवाद देते हुए जैकी श्रॉफ के ट्रेंडिंग डायलॉग' सांस ले लंबा' भी जोड़ा । 46 वर्षीय समीरा सोशल मीडिया पर अक्सर वर्कआऊट के साथ ही मजेदार वीडियोज भी पोस्ट करती है, जिसमें उसकी मेहनत और अनुशासन के साथ ही मजाकिया अंदाज भी साफ दिखता है। इसके साथ ही वह फैंस को भी अक्सर फिट और फाइन रहने का मंत्र देती रहती है।

## करिश्मा ने सुनाई कहानी 'लोलो' और 'बेबो' की



कपूर बहनों करिश्मा और करीना दोनों ने ही बॉलीवुड में अपार सफलता हासिल की है। वे उन सितारों में गिनी जाती हैं जिन्होंने न केवल फिल्मों में शानदार भूमिकाएं निभाईं बल्कि अपना व्यवहार भी विनम्र रखा। करिश्मा को जहां सब 'लोलो' बुलाते हैं, वहीं करीना 'बेबो' के नाम से मशहूर है । यह बात भी दिलचस्प है कि कपूर परिवार में सभी के निकनेम बड़े मजेदार हैं। कम लोगों को पता होगा कि इनके पीछे भी मजेदार कहानी है।

करिश्मा ने खुद बताया कि वह कैसे 'लोलो' बन गई और करीना को 'बेबो' नाम कैसे मिला । यहां तक कि दादा राज कपूर के निकनेम के बारे में भी उसने बात की।

करिश्मा अपने दादा राज कपूर की 100वीं जयंती पर आयोजित एक श्रद्धांजलि एपिसोड के लिए 'इंडियन आइडल 15' में पहुंची थी। उससे उसके निकनेम 'लोलो' के बारे में पूछा गया तो उसने बताया कि यह नाम इटैलियन एक्ट्रैस जीना लोलोब्रिगिडा के नाम पर रखा गया है। इसके साथ ही उसकी मां ( बबीता कपूर) सिंधी थीं और 'मीठी लोली' नामक रोटी बनाती थीं जिसे 'लोलो' भी बुलाते हैं तो यही नाम उसके पिता (रणधीर कपूर) ने उसका रख दिया।

परिवार में हैं सबके दिलचस्प निकनेम अपनी छोटी बहन करीना के बारे में करिश्मा ने बताया कि जब उसका जन्म हुआ, तो परिवार चाहता था कि उसका भी कोई मजेदार और प्यारा निकनेम हो । ठीक वैसे ही जैसे कपूर खानदान के लोगों के नाम हैं जिसमें 'डब्बू' (रणधीर कपूर), 'चिंटू' (ऋषि कपूर), 'चिम्पू' (राजीव कपूर) शामिल हैं इसलिए, उसके पिता ने करीना का नाम 'बेबो' रखा।

### राज कपूर का निकनेम

करिश्मा ने अपने दादा राज कपूर के बारे में मजेदार किस्सा सुनाते हुए बताया कि उनका भी एक सरनेम था- 'राजे', क्योंकि सभी को लगता था कि वह बड़े गोरे हैं और उनकी नीली आंखों के कारण वह किसी शाही राजकुमार की तरह दिखते थे।

# मुझे कहीं सबकी नजर न लग जाए : कृति खरबंदा



फिल्म इंडस्ट्री में 16 साल पूरे कर चुकी कृति आज एक ऐसी बहुमुखी और लोकप्रिय अभिनेत्री के रूप में अपने लिए अलग स्थान पक्का कर चुकी है, जिसने बिना किसी गॉडफादर या गुरु के यह मुकाम हासिल किया। दक्षिण भारतीय सिनेमा से शुरू हुई उसकी यह यात्रा दृढ़ निश्चय, संघर्ष और अपने हुनर पर अटूट विश्वास की मिसाल है। ऑडिशन के लंबे सफर से लेकर कन्नड़, तेलुगु और हिंदी सिनेमा में लीड रोल्स तक, उसने बार-बार खुद को साबित किया है।

'शादी में जरूर आना', '14 फेरे' और 'हाउसफुल 4' जैसी बॉलीवुड फिल्मों में अपने अभिनय के जरिए लोकप्रियता पाने वाली कृति खरबंदा ने साऊथ फिल्म इंडस्ट्री में भी काफी नाम कमाया है । हाल ही में उसने वैब सीरीज 'राणा नायडू 2' के जरिए ओ.टी.टी. जगत में भी कदम रख दिए हैं।

हाल ही में उसने अपने बारे में कुछ दिलचस्प खुलासे किए लेकिन उसकी बात सुन कर कई लोग उसे अंधविश्वासी मान सकते हैं। दरअसल, उसने बताया कि वह नजर लगने जैसी बातों पर विश्वास करती है। कृति ने बताया कि वह बाएं पैर में काला धागा पहनती है। इसके अलावा वह कान पर काला टीका लगाती है। इतना ही नहीं, सोशल मीडिया पर भी इसीलिए कम एक्टिव रहती है क्योंकि उसे नजर लगने का डर लगता है।

### इंस्टाग्राम पर आते हैं आपत्तिजनक फोटोज

यह दौर सोशल मीडिया का है जहां लोग राय भी देते हैं और ट्रोल भी करते हैं। हालांकि, सोशल मीडिया यूजर्स कुछ नियमों को मानना भी जरूरी है और ऐसा न करने पर खामियाजा भी भुगतना पड़ सकता है।

क्या पब्लिक फिगर्स के लिए सोशल मीडिया जरूरी है, पूछने पर कृति ने जवाब दिया, "हां, बिल्कुल । बहुत जरूरी है क्योंकि मुझे लगता है कि कोई भी चीज बेचने के लिए, चाहे वह एक्टर है, जो काम की तलाश कर रहा है, तो उसके लिए सोशल प्रैजैंस होनी चाहिए। सोशल मीडिया बहुत अच्छा मीडियम है लोगों से जुड़ने के लिए।₹ वहीं कृति ने रोस्टिंग और इंसल्ट कॉमेडी पर अपनी राय देते हुए कहा, "मुझे लगता है कि मेरी खुद की लाइफ में इतने मसले हैं। देश में ऐसी बहुत-सी चीजें हो रही हैं, जो हमारा ध्यान डिजर्व करती हैं जो उन्हें नहीं मिल रहा। कई बार लोग आपको डी. एम. पर आपत्तिजनक फोटोज भेजते हैं, टैग करते हैं। कई बार आप इस तरह के कंटैंट में टैग होते हैं, जिसमें आप नहीं होना चाहते। बहुत परेशान करना वाला होता है यह सब । आप सबसे अच्छी चीज यह कर सकते हैं कि उसे इग्नोर करें। खामाखाह अटैंशन देकर आप उन्हें पावर देते हैं कि वे अहम हैं। वे इस काबिल नहीं हैं। जिसे एनर्जी की जरूरत है, आप वहीं अटैंशन दें।

### फिल्मों में 16 साल लम्बा सफर

फिल्म इंडस्ट्री में 16 साल पूरे कर चुकी कृति आज एक ऐसी बहुमुखी और लोकप्रिय अभिनेत्री के रूप में अपने लिए अलग स्थान पक्का कर चुकी है, जिसने बिना किसी गॉडफादर या गुरु के यह मुकाम हासिल किया। दक्षिण भारतीय सिनेमा से शुरू हुई उसकी यह यात्रा दृढ़ निश्चय, संघर्ष और अपने हुनर पर अटूट विश्वास की मिसाल है।

ऑडिशन के लंबे सफर से लेकर कन्नड़, तेलुगु और हिंदी सिनेमा में लीड रोल्स तक, उसने बार-बार साबित किया है कि असली प्रतिभा और मेहनत किसी भी कनैक्शन से अधिक असरदार होती है।

उसकी फिल्मोग्राफी उतनी ही विविधतापूर्ण है, जितनी उसकी अभिनय क्षमता। चाहे फिल्म 'गुगली' में भावनात्मक प्रदर्शन हो, 'ब्रूस ली : द फाइटर' में उसकी सादगी और आकर्षक स्क्रीन प्रैजेन्स, 'हाऊसफुल 4' में उसकी सहज कॉमिक टाइमिंग या 'शादी में जरूर आना' में आरती शुक्ला के रूप में उसका दमदार और दिल छू लेने वाला अभिनय, उसने हर बार खुद को नए तरीके से प्रस्तुत किया है ।

# लगता है बॉलीवुड 'बुला' रहा है : सीरत कपूर



इन दिनों 'साऊथ फिल्म इंडस्ट्री की क्वीन' कही जाने वाली सीरत कपूर का जलवा हर तरफ छाया हुआ है । अपनी पहली तेलुगु फिल्म 'रन राजा रन' (2014) के लिए तेलंगाना सरकार द्वारा पुरस्कार पाने के बाद, सीरत कपूर लगातार सफलता की सीढ़ियां चढ़ रही है और टॉलीवुड के साथ-साथ बॉलीवुड में भी फिर से अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार है ।

सूत्रों की मानें तो सीरत को 'पुष्पा' और 'पुष्पा 2' फेम फहाद फासिल के साथ एक नई बॉलीवुड फिल्म में कास्ट किया गया है। फहाद फासिल को 'पुष्पा' में इंस्पैक्टर शेखावत के किरदार में बहुत पसंद किया गया था ।

फिल्म से जुड़े एक करीबी ने बताया, "प्रोडक्शन हाऊस इस बार नई जोड़ियों को बड़े पर्दे पर लाने की तैयारी में है। सीरत को इस फिल्म के लिए अप्रोच किया गया है। स्क्रिप्ट बहुत दमदार है, जिसमें ढेर सारे ट्विस्ट और टर्न हैं। साऊथ के ये दो सुपरस्टार पहली बार किसी बॉलीवुड फिल्म में एक साथ नजर आएंगे। इसकी ऑफिशियल अनाऊंसमैंट जल्द होने वाली है।

सीरत ने भी इस खबर को लेकर सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरे शेयर कीं, जिसमें वह ऑरेंज ड्रैस में बेहद खूबसूरत लग रही थी लेकिन सबसे ज्यादा ध्यान कैप्शन ने खींचा। सीरत ने लिखा, वह आत्मविश्वास जब आप जानते हैं कि आगे क्या बड़ा होने वाला है । बॉलीवुड मुझे बुला रहा है। देखना दिलचस्प होगा कि सीरत और फहाद की इस नई जोड़ी को दर्शक कितना पसंद करते हैं।

'मारीच' से किया था बॉलीवुड में डेब्यू सीरत ने फिल्म 'मारीच' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। फिल्म उसे कैसे मिली के बारे में पूछे जाने पर उसका कहना था, मैं काफी सरप्राइज थी। मैं रहती तो मुंबई में ही हूं लेकिन मैंने साऊथ में इतना काम किया है तो यह नहीं कह सकती कि मैं इस इंडस्ट्री को नहीं जानती। मैं जिस तरह की एक्ट्रैस हूं, मुझे सही काम अपनी तरफ खींचता है । मेरा यह मानना नहीं है कि इसके लिए आपको हर जगह जाने की जरूरत है, बस आपको जो काम मिला है वही आप शिद्दत से करें। जब मुझे इस फिल्म के लिए पूछा गया तो मेरा पहला सवाल यही था कि आप मेरे बारे में कैसे जानते हैं तो उन्होंने कहा कि हमने आपका काम तेलुगु में देखा है। सौभाग्य से मुझे अपना अभिनय प्रूफ नहीं करना पड़ा और ऑडिशन्स नहीं हुए। आप जो काम करते हैं, वह वाकई में ट्रैवेल करता है। इस फिल्म में नसीरुद्दीन साहब के साथ काम करने का विशेष मौका मिला जो कि मेरे दादा जी (रोशन तनेजा) के स्टूडेंट रहे हैं।



# भारत के दुश्मन के साथ अजरबैजान ने की 17 हजार करोड रुपये की डील

## क्या है इस मुस्लिम देश का प्लान?



नई दिल्ली, 5 जुलाई (एजेंसियां)। भारत के दुश्मन पाकिस्तान के साथ अन्य मुस्लिम देश अजरबैजान ने एक बड़ा समझौता किया है। यह समझौता 2 बिलियन डॉलर (करीब 17 हजार करोड़ रुपये) का है। इसका मकसद पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। दोनों देशों के बीच पहले से ही अच्छे संबंध हैं। अब वे आर्थिक रूप से भी एक दूसरे का साथ देंगे। यह समझौता अजरबैजान में ईसीओ शिखर सम्मेलन के दौरान हुआ। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव ने मुलाकात की।

इसके बाद इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते पर पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार और अजरबैजान के अर्थव्यवस्था मंत्री मिकाइल जब्बारोव ने हस्ताक्षर किए। यह कार्यक्रम अजरबैजान के खंकेंडी में हुआ। राष्ट्रपति अलीयेव और प्रधानमंत्री शरीफ भी वहां मौजूद थे।

**बढ़ेगा व्यापार और निवेश**

रेडियो पाकिस्तान के अनुसार, इस समझौते से दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश बढ़ेगा। अजरबैजान के राष्ट्रपति जल्द ही पाकिस्तान आएंगे। तब इस समझौते से जुड़ी और भी बातें तय की जाएंगी। अभी उनकी यात्रा की तारीख तय नहीं है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि वे इस साल पाकिस्तान आएंगे।

**ऑपरेशन सिंदूर में दिया था पाकिस्तान का साथ**

सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान और अजरबैजान के रिश्ते पहले से बेहतर हुए हैं। अजरबैजान ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान का साथ दिया था। इस ऑपरेशन के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष हुआ था। पाकिस्तान और अजरबैजान के बीच रक्षा सहयोग भी अच्छा है। अब वे आर्थिक रूप से भी एक दूसरे को मजबूत करना चाहते हैं।

**रूस से पंगा ले रहा है अजरबैजान**

अजरबैजान ने न केवल भारत के साथ संबंध बिगाड़ लिए हैं, बल्कि रूस से भी पंगा ले रहा है। यह तब है जब अजरबैजान की भारत और रूस दोनों के साथ अच्छी दोस्ती रही है। लेकिन अब स्थिति बिगड़ गई है। रूस-अजरबैजान संबंधों के बिगड़ने का सिलसिला दिसंबर 2024 में शुरू हुआ, जब रूस में अजरबैजानी एयरलाइंस के विमान को गलती से मार गिराया गया। ग्रोज्नी के पास हुए इस हादसे में 38 लोग मारे गए।

# जीटीआरआई ने अमेरिका से जीएम कृषि उत्पादों के आयात पर किया आगाह, भारत का कृषि निर्यात हो सकता है प्रभावित



नई दिल्ली, 5 जुलाई (एजेंसियां)। भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते के तहत वहां से आनुवंशिक रूप से संशोधित (जीएम) कृषि उत्पादों को अनुमति देने से भारत पर प्रभाव पड़ेगा। ऐसा होने से यूरोपीय संघ जैसे क्षेत्रों में देश के कृषि निर्यात पर असर पड़ सकता है। आर्थिक थिंक टैंक जीटीआरआई ने शनिवार को इसे लेकर आगाह किया है। भारत और अमेरिका एक अंतरिम व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं।

इसकी आधिकारिक घोषणा 9 जुलाई से पहले होने की उम्मीद है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि पशु आहार के लिए सोयाबीन खली और घुलनशील आसुत सूखे अनाज (डीडीजीएस) जैसे जीएम उत्पादों के आयात की अनुमति देने से यूरोपीय संघ (ईयू) को भारत के कृषि निर्यात पर असर पड़ेगा। यह भारतीय निर्यातकों के लिए एक प्रमुख गंतव्य है। डीडीजीएस इथेनॉल उत्पादन के दौरान बनाया जाने वाला एक उप-उत्पाद है, जो आमतौर पर मक्का या अन्य अनाज से बनता है।

**यूरोपीय संघ में जीएम लेबलिंग के नियम सख्त**

यूरोपीय संघ में जीएम लेबलिंग के सख्त नियम हैं और जीएम से जुड़े उत्पादों के प्रति उपभोक्ताओं का कड़ा विरोध है। भले ही जीएम फ़ीड की अनुमति है, लेकिन कई यूरोपीय खरीदार पूरी तरह से जीएम-मुक्त आपूर्ति श्रृंखलाओं को प्राथमिकता देते हैं। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि भारत में कृषि-लॉजिस्टिक्स का बिखराव और पृथक्करण संबंधी बुनियादी ढांचे की कमी के कारण क्रॉस-संदूषण की संभावना बनी हुई है, जिससे निर्यात खेपों में जीएम की मौजूदगी का खतरा है।

**भारत की छवि को पहुंच सकता है नुकसान**

उन्होंने कहा, इससे शिपमेंट अस्वीकृत हो सकता है, परीक्षण लागत बढ़ सकती है। भारत की जीएमओ-मुक्त छवि को नुकसान पहुंच सकता है, खासकर चावल, चाय, शहद, मसाले और जैविक खाद्य पदार्थों जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में। मजबूत ट्रेसेबिलिटी और लेबलिंग सिस्टम के बिना, जीएम फ़ीड आयात यूरोपीय संघ में भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को नुकसान पहुंचा सकता है। आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलें, पौधे के डीएनए में विशिष्ट जीनों को सम्मिलित करके बनाई जाती हैं, जो अक्सर बैक्टीरिया, वायरस, अन्य पौधों या कभी-कभी जानवरों से प्राप्त होते हैं, ताकि नए गुण, जैसे कीट प्रतिरोध या शाकनाशी सहिष्णुता, उत्पन्न किए जा सकें। उदाहरण के लिए, बैसिलस थुरिंजिएंसिस नामक जीवाणु से प्राप्त बीटी जीन पौधे को कुछ कीटों के लिए विषैला प्रोटीन बनाने में सक्षम बनाता है। उन्होंने कहा कि मिट्टी के जीवाणुओं सहित अन्य जीनों का उपयोग फसलों को शाकनाशियों के प्रति प्रतिरोधी बनाने के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि हालांकि जीएम फसलें जैविक रूप से पौधों पर आधारित हैं और शाकाहारी भोजन के रूप में कार्य करती हैं, लेकिन तथ्य यह है कि उनमें से कुछ में पशु मूल के जीन होते हैं, जिसका अर्थ है कि वे उन समुदायों या व्यक्तियों को स्वीकार्य नहीं हो सकते हैं जो शाकाहार की धार्मिक या नैतिक परिभाषाओं का कड़ाई से पालन करते हैं।

# मुकेश अंबानी के घर में कितने नौकर काम करते हैं, कितनी मिलती है सैलरी



मुंबई, 5 जुलाई (एजेंसियां)। देश के सबसे अमीर उद्योगपति मुकेश अंबानी का घर एंटीलिया न केवल अपनी भव्यता और आलीशान निर्माण के लिए मशहूर है, बल्कि यहां काम करने वाले स्टाफ की संख्या और उन्हें मिलने वाली सुविधाएं भी उतनी ही चर्चा में रहती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं मुकेश अंबानी के घर एंटीलिया में कितने नौकर काम करते हैं और उन्हें कितनी सैलरी मिलती है? देश के सबसे अमीर उद्योगपति मुकेश अंबानी का घर एंटीलिया न केवल अपनी भव्यता और आलीशान निर्माण के लिए मशहूर है, बल्कि यहां काम करने वाले स्टाफ की संख्या और उन्हें मिलने वाली सुविधाएं भी उतनी ही चर्चा में रहती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं मुकेश अंबानी के घर एंटीलिया में कितने नौकर काम करते हैं और उन्हें कितनी सैलरी मिलती है?

**कितनी मिलती है सैलरी?**

एंटीलिया में काम करने वाले कर्मचारियों को मिलने वाला वेतन आम लोगों के लिए चौंकाने वाला हो सकता है। बताया जाता है कि यहां काम करने वाले कई कर्मचारियों को 1.5 लाख से 2 लाख रुपये तक मासिक सैलरी दी जाती है। यह सैलरी अनुभव, कार्य की जिम्मेदारी और पद के अनुसार तय होती है।

**कौन-कौन सी सुविधाएं मिलती हैं?**

सिर्फ ज्यादा सैलरी ही नहीं, अंबानी परिवार अपने स्टाफ को कई अन्य बेहतरीन सुविधाएं भी प्रदान करता है:

मेडिकल इंश्योरेंस और हेल्थ बेनिफिट्स
जीवन बीमा (Life Insurance)
बच्चों की शिक्षा के लिए सहायता
पेंशन और रिटायरमेंट बेनिफिट्स

**आरामदायक रहने और खाने-पीने की व्यवस्था**

इन सुविधाओं को देखकर यह साफ है कि अंबानी परिवार अपने कर्मचारियों के प्रति बेहद संवेदनशील और जिम्मेदार है। मुकेश अंबानी का घर एंटीलिया सिर्फ एक रिहायशी इमारत नहीं, बल्कि एक आत्मनिर्भर सिस्टम की तरह काम करता है।

यहां काम करने वाले सैकड़ों कर्मचारियों को न केवल अच्छा वेतन मिलता है, बल्कि उन्हें उच्च स्तरीय सुविधाएं भी प्रदान की जाती हैं, जो भारत में किसी भी निजी स्टाफ के लिए एक आदर्श उदाहरण बनाती हैं।

# मछली पालन में बन गया रेकॉर्ड

## चीन के बाद दूसरे स्थान पर पहुंचे हम, जानें कितना हुआ प्रोडक्शन



नई दिल्ली, 5 जुलाई (एजेंसियां)। भारत में अब मछलियों को पकड़ने के लिए समुद्र, नदी या किसी दूसरी जगह जाने की जरूरत कम पड़ रही है। अपने देश में मछली पालन का नया रेकॉर्ड बन रहा है। यानी लोग मछली पालन पर ज्यादा जोर दे रहे हैं। साल 2022 के आंकड़ों के मुताबिक ऐसा पहली बार हुआ है जब मछली पालन (एक्वाकल्चर) ने समुद्र या किसी दूसरी जगह से मछलियों के शिकार ( वाइल्ड कैच ) को पीछे छोड़ दिया है। खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) के आंकड़ों के अनुसार, दुनिया भर में 94 मिलियन टन फार्म की गई जलीय जीवों का उत्पादन हुआ, जो कुल वैश्विक उत्पादन का 51% है। इस क्षेत्र में भारत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और एशिया में दूसरा स्थान हासिल किया है। भारत ने 10.2 मिलियन टन मछली उत्पादन के साथ चीन (52.9 मिलियन टन) के बाद स्थान पाया, जबकि देश में 5.3 मिलियन टन जंगली मछली पकड़ी गईं। ऐसे में भारत में मछली पालन दोगुना हो गया।

**बाकी देशों की क्या स्थिति?**

अन्य प्रमुख देश जिनका योगदान उल्लेखनीय रहा, उनमें इंडोनेशिया (7.2 मिलियन एक्वाकल्चर, 7.3 मिलियन वाइल्ड कैच), वियतनाम (4.5 मिलियन एक्वाकल्चर, 3.6 मिलियन वाइल्ड कैच) और बांग्लादेश (2.7 मिलियन एक्वाकल्चर, 2.2 मिलियन वाइल्ड कैच) शामिल हैं। नॉर्वे जैसे देश अब भी वाइल्ड कैच पर अधिक निर्भर हैं।

**क्या कहते हैं एक्सपर्ट?**

एक्सपर्ट का मानना है कि यह बदलाव इस ओर इशारा करता है कि दुनिया अब मछली उत्पादन के लिए अधिक टिकाऊ और नियंत्रित तरीकों पर निर्भर हो रही है।

खासकर तब जब प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव बढ़ रहा है और वैश्विक खाद्य मांग तेजी से बढ़ रही है। यही कारण है लोग अब कारोबार के लिए मछली पालन पर ज्यादा फोकस कर रहे हैं न कि समुद्र, नदी या किसी दूसरी जगह शिकार करने में।

# सरसों का तेल और चावल हुआ महंगा

## टमाटर समेत कई सब्जियों के दाम भी बढ़े, मॉनसून ने बिगाड़ दिया घर का बजट



नई दिल्ली, 5 जुलाई (एजेंसियां)। राजधानी दिल्ली समेत उत्तर भारत में लोगों को एक बार फिर महंगाई की मार झेलनी पड़ सकती है। क्योंकि, सरसों के तेल में प्रति लीटर 10 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा चावल के दाम भी बढ़े हैं। जानकारी के मुताबिक, इस साल लगभग 111 लाख टन सरसों की फसल होने का अनुमान था, लेकिन अब तक करीब 95 लाख टन ही मार्केट में सप्लाई आई है। तेल के थोक कारोबारी हेमंत गुप्ता बताते हैं कि बीते एक महीने में सरसों के तेल में लगभग 10 रुपये की बढ़ोतरी हुई है।

**क्यों महंगा हुआ तेल?**

इसके पीछे कई कारण हैं। एक तो जून के महीने में सरसों के तेल की डिमांड बढ़ जाती है। जिसकी वजह से दाम में बढ़ोतरी होती है। इसके अलावा कई किसानों ने अभी फसल को मार्केट में नहीं उतारा है। जिससे इसकी कमी बनी हुई है। जिससे सरसों के तेल के दाम में उछाल आया है। चावल कारोबारी सचिन शर्मा बताते हैं कि इन दिनों ईरान में चावल की सप्लाई प्रभावित है। लेकिन देश में घरेलू चावल की डिमांड कुछ तेज हुई है। जिससे चावल कारोबारियों को थोड़ी राहत मिली है।

**बारिश से महंगी हुई सब्जियां**

राजधानी दिल्ली समेत उत्तर भारत में बारिश के कारण घर का बजट और बिगड़ गया है। बारिश के चलते सब्जियों के दाम में तेजी आई है।

दिल्ली-एनसीआर में टमाटर और हरी सब्जियों की कीमत आसमान पर पहुंच गई है। टमाटर की कीमत 15 रुपये से बढ़कर 50 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। वहीं शिमला मिर्च 80 किलो तक बिक रही है। बैंगन का भाव 80 रुपये प्रति किलो और भिंडी भी 80 रुपये किलो तक पहुंच गई है।

# इस हफ्ते सोने-चांदी में रही तेजी

## सोना 1237 बढ़कर 97021 पर पहुंचा, चांदी 2387 महंगी होकर 1.08 लाख किलो बिक रही



नई दिल्ली, 5 जुलाई (एजेंसियां)। इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार पिछले शनिवार यानी 28 जून को सोना 95,784 रुपए पर था, जो अब (5 जुलाई) को 97,021 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 1,237 रुपए बढ़ी है।वहीं, चांदी की बात करें तो ये पिछले शनिवार को 1,05,193 रुपए पर थी, जो अब 1,07,580 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इस तरह इस हफ्ते इसकी कीमत 2,387 रुपए बढ़ी है। 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत**

**दिल्ली** : 24 कैरेट सोने की कीमत 98,980 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,970

**मुंबई** : 24 कैरेट सोने की कीमत 98,830 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,600

**कोलकाता** : 24 कैरेट सोने की कीमत 98,830 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,600

**चेन्नई** : 24 कैरेट सोने की कीमत 98,830 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,600

**भोपाल** : 24 कैरेट सोने की कीमत 98,880 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,650

**इस साल अब तक 20,859 महंगा हुआ सोना**

इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 20,859 रुपए बढ़कर 97,021 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 21,563 रुपए बढ़कर 1,07,580 रुपए पर पहुंच गया है।

# दिवालियापन से गुजर रही जेएएल पर 12 हजार पांच सौ करोड रुपये लगाने के लिए तैयार अडानी ग्रुप, एडवांस पेमेंट के लिए भी राजी



नई दिल्ली, 5 जुलाई (एजेंसियां)। अडानी ग्रुप जल्दी ही एक और कंपनी खरीदने की तेयारी में है। इस बार अडानी ग्रुप ने दिवालियेपन के दौर से गुजर रही जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) पर 12,500 करोड़ रुपये दांव पर लगाने का फैसला किया है। बिजनेस स्टैंडर्ड की एक रिपोर्ट के मुताबिक, मामले से परिचित लोगों का कहना है कि अडानी ग्रुप जेएएल को खरीदने के लिए सबसे बड़ी बोली लगाने वाली कंपनी है।

**एडवांस्ड पेमेंट के लिए भी तैयार अडानी**

सूत्रों का यह भी कहना है कि अडानी ग्रुप ने एडवांस में 8,000 करोड़ रुपये से अधिक के पेमेंट का वादा कर एक मजबूत दावेदार बना हुआ है। बता दें कि जेएएल को खरीदने की दौड़ में डालमिया ग्रुप, जेएसपीएल (नवीन जिंदल), वेदांता और पीएनसी इंफ्राटेक भी शामिल हैं। इन सभी में अडानी ग्रुप सबसे अधिक बोली लगाकर दौड़ में सबसे आगे है।

**कई सेक्टरों में फैली है कंपनी**

जयप्रकाश एसोसिएट्स एक बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी है, जो रियल एस्टेट, सीमेंट, पावर और होटल जैसे कई अलग-अलग सेक्टरों में फैली हुई है। जेएएल के सीमेंट प्लांट की कैपेसिटी 10 मिलियन टन है। कंपनी के पास पांच होटल्स के साथ खाद का एक कारखाना भी है। इसके अलावा, नोएडा एक्सप्रेसवे पर 2500 एकड़ कह जमीन और बुद्ध नेशनल सर्किट भी जेएएल की ही है, जहां पहले फॉर्मूला वन रेस होती थी।

हालांकि, कंपनी फिलहाल वित्तीय संकट का सामना कर रही है और भारत के दिवाला और दिवालियापन संहिता (आईबीसी) के तहत दिवालियापन से गुजर रही है। इस पर कई सारे बैंकों का कर्ज है। टोटल 25 बैंकों ने मिलकर जेएएल को 48,000 करोड़ रुपये का लोन दिया था। इनमें पंजाब नेशनल बैंक और आईडीबीआई बैंक भी शामिल हैं। 12 मार्च को इन्हीं बैंकों ने कंपनी के टोटल 48,000 करोड़ रुपये के कर्ज को नेशनल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (एनएआरसीएल) को 12,700 करोड़ में बेच दिया था।

**क्यों जेएएल को खरीदना चाह रहा अडानी ग्रुप?**

जयप्रकाश एसोसिएट्स को खरीदने में कई बड़ी कंपनियां दिलचस्पी रखती हैं। अडानी ग्रुप सीमेंट, रियल एस्टेट जैसे सेक्टरों में अपना कारोबार बढ़ाना चाहती है इसलिए कंपनी को खरीदना चाह रहा है। जेएएल को खरीदने से मध्य और उत्तरी भारत में अडानी ग्रुप को अपनी पकड़ मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। आपको बता दें कि जेएल के शेयर की कीमत मात्र 3 रुपये है। इसके शेयर के सामने व्यापार प्रतिबंधित का मैसेज दिखता है। हो सकता है कि अडानी ग्रुप के अधिग्रहण से कंपनी के शेयरों में तेजी आए।


# नेशनल हाईवे पर अब आधा टोल लगेगा,सरकार ने इसमें 50% की कटौती की

नई दिल्ली, 5 जुलाई (एजेंसियां)। सरकार ने नेशनल हाईवे पर टोल टैक्स में 50% तक की कटौती की है। यह कटौती विशेष रूप से उन हाईवे पर हुई है जहां ब्रिज, टनल, फ्लाईओवर या एलिवेटेड स्ट्रेच मौजूद हैं। यहां यात्रा करने के लिए अब कम टोल चुकाना होगा। इससे सफर की लागत घटेगी।

सरकार ने नेशनल हाईवे पर उन हिस्सों के लिए टोल टैक्स को 50% तक कम कर दिया है, जहां पुल, सुरंग, फ्लाईओवर या एलिवेटेड रास्ते हैं। यानी अब इन रास्तों पर सफर करना पहले से सस्ता हो जाएगा। नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के एक सीनियर अफसर के अनुसार पुराने नियमों के चलते हर किलोमीटर में किसी स्पेशल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए सामान्य टोल फीस का 10 गुना चार्ज देना पड़ता था। यह तरीका उस इंफ्रास्ट्रक्चर की लागत पूरा करने के लिए बनाया गया था। अब नए नियमों में यह टोल टैक्स करीब 50% तक घट जाएगा। नए नियम के तहत, टोल की गणना दो तरीकों से होगी और जो कम होगा, वही लागू होगा। अगर राजमार्ग का कोई हिस्सा पुल या सुरंग जैसी संरचना है, तो टोल की गणना के लिए संरचना की लंबाई को 10 गुना करके सामान्य सड़क की लंबाई में जोड़ा जाएगा, या फिर पूरे हिस्से की लंबाई को 5 गुना किया जाएगा। इनमें से जो कम होगा, उसी के आधार पर टोल लिया जाएगा। उन लोगों को फायदा होगा जो ऐसे राजमार्गों पर सफर करते हैं, जहां 50% से ज्यादा हिस्सा पुल, सुरंग या फ्लाईओवर जैसे ढांचों का है। मिसाल के तौर पर, द्वारका एक्सप्रेसवे जैसे रास्तों पर टोल पहले 317 रुपए था, जो अब 153 रुपए हो सकता है। इससे आम यात्रियों और कॉमर्शियल वाहन वालों को काफी राहत मिलेगी। सरकार का मकसद यात्रियों की यात्रा लागत को कम करना है, खासकर उन रास्तों पर जहां ढांचों की लागत ज्यादा होने की वजह से टोल ज्यादा वसूला जाता था। यह कदम खासकर शहरों के आसपास के बाइपास और रिंग रोड्स पर सफर करने वालों के लिए फायदेमंद होगा। यह नियम सिर्फ उन राजमार्गों पर लागू होगा जहां 50% से ज्यादा हिस्सा संरचनाओं (जैसे पुल, सुरंग, फ्लाईओवर) से बना है। सामान्य सड़कों पर टोल पहले जैसा ही रहेगा। यह नियम अब लागू हो चुका है, और यात्रियों को जल्द ही इन रास्तों पर कम टोल देना शुरू करना होगा। खासकर द्वारका एक्सप्रेसवे जैसे हाई-प्रोफाइल रास्तों पर इसका असर साफ दिखेगा।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**



श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947, सूर्य दक्षिणायन ऋतु- वर्षा
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि-432000
भोग वृति वर्ष-426874
कलियुग संवत् -5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949126
सृष्टि प्रारंभ संवत्-1955885126

दिशाशूल - पश्चिम - पान खाकर घर से निकले
तिथि - एकादशी 21-15 तक उपरान्त द्वादशी
आषाढ़ शुक्ल, रविवार 06 July
नक्षत्र - विशाखा 22-41 तक उपरान्त अनुराधा
योग - साध्य 21-27 तक उप शुभ
करण - वणिज 08-09 तक उप विष्टि (भद्रा)
देवशयनी एकादशी व्रत नर्वे
चतुर्मास प्र. विष्णु शयनोत्सव

ग्रह स्थिति: सूर्य - मिथुन; चंद्र - तुला; मंगल - सिंह; बुध - कर्क; गुरु - मिथुन; शुक्र - वृष; शनि - मीन; राहु - कुंभ; केतु - सिंह

लग्नारंभ समय: मिथुन 04-20; कर्क 06-33; सिंह 08-44; कन्या 10-51; तुला 12-58; वृश्चिक 15-06; धनु 17-20; मकर 19-30; कुंभ 21-17; मीन 22-55; मेष 00-31; वृष 03-00

विशेष- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है। सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

राहुकाल 16:52 से 18:34 तक

पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्पात | 05:50 - 07:26 | अशुभ | शुभ | 18:54 - 20:15 | शुभ |
| चंचल | 07:26 - 09:05 | शुभ | अमृत | 20:15 - 21:37 | शुभ |
| लाभ | 09:05 - 10:43 | शुभ | चंचल | 21:37 - 22:59 | शुभ |
| अमृत | 10:43 - 12:21 | शुभ | रोग | 22:59 - 00:21 | अशुभ |
| काल | 12:21 - 13:59 | अशुभ | काल | 00:21 - 01:43 | अशुभ |
| शुभ | 13:59 - 15:37 | शुभ | लाभ | 01:43 - 03:05 | शुभ |
| रोग | 15:37 - 17:15 | अशुभ | उत्पात | 03:05 - 04:27 | अशुभ |
| उत्पात | 17:15 - 18:50 | अशुभ | शुभ. | 04:27 - 05:50 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,) आज आप हर किसी पर विश्वास करने के मूड में रहेंगे । इसका नुक्सान यह है की आप किसी ऐसे आदमी के साथ भी अपनी बाते साझी कर सकते हैं जो दिल से आपका भला नही चाहता । इसीलिए पहले इस आदमियो के बारे सही से छानबीन कर लें । अगर आप पिछले कुछ समय से कार्यस्थल या घर पर किसी की बातो से असहमत हैं।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,) बिजनेस सम्बन्धी किसी मीटिंग में आपके मनमुताबिक मोड़ आने की सम्भावना है । आप आज शांत किन्तु दृढ़ हैं । आपने खूब सोच समझकर फैसले लिए हैं । कार्यस्थल पर सकारात्मक बदलाव होंगें । किसी पुराने दोस्त से मुलाकात संभव है । घर पर शांत और संतुष्ट बने रहेंगे । बोद्धिक उन्नति होगी ,प्रियजनों की और से कोई खुश कर देने वाली खबर मिलेगी ।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,) आज आपको कई सारे मुद्दे सलझाने हैं और ये सभी काफी महत्व के मसले हैं । इन सबके चक्कर में आपको कम समय मिल पायेगा और आप इन सबमे फंसा हुआ सा अनुभव करेंगे । इसके अलावा ,आज आपको कुछ ऐसी योजनाओं के बारे में भी पता चलेगा जो कुछ अलग सी दिखाई दे रही हैं ।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,) छोटी छोटी परेशानियां और असहमतियां दिन भर सामने आती रहेंगी । आपको इन छोटी छोटी बातों की उपेक्षा कर देनी है,नही तो आप अपनी मानसिक शांति को नष्ट कर लेंगे । अपनी समस्याएँ किसी के साथ बांटने की कोशिश करें,आपको अच्छा अनुभव होगा । एकांत की गतिविधियाँ आज बहुत अच्छी रहेंगी।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,) आप बहुत दिनों से आज के दिन के लिए बचत करते आ रहे हैं । आज कोई ऐसी ख़ुशी की खबर मिलेगी जो आपके होठो पर मुस्कान और आँखों में आंसू ले आएगी । आज आप पुरे दिन दोस्तों और सम्बन्धियों से घिरे रहेंगे। समय मजे में बीतेगा लेकिन अपने स्व। स्थ्य का ध्यान जरूर रखें।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) आपकी भीतरी शक्ति आपको एक साथ कई स्तरों पर सोचने की क्षमता देगी । आप किसी भी मुद्दे की तह तक जा पायेंगे । अपने दोस्तों –साथियों का भी सही मूल्याकन कर पायेगे । जहाँ तर्कशक्ति से बात ना बने,अपने मन की आवाज सुनें । अपनी छिपी क्षमता को बाहर लाने का यह उत्तम समय है । विवादों से बचें,वे बाद में समस्या पैदा कर सकते हैं।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,) आपका अत्यधिक भावनात्मक होना और लोगों के लिए तो मददगार है लेकिन इससे आप कई बार मुश्किल में फँस जाते हैं । ऐसी स्थिति से बाहर आने में अपने पार्टनर की मदद लें । यह कुछ निजी और गुप्त बातचीत करने का समय है । वित्तीय लाभ होने की उम्मीद है लेकिन अधिक जोखिम से बचें।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,) आज आप जो भी कुछ शुरू करेंगे ,उसमे चाहे कितनी ही बाधाएं आयें,आपको सफलता मिलनी तय है । दिन के अंत तक आप दूसरों से फिर से बेहतर सम्बन्ध बना पायेंगे । अपनी प्रकृति में एक जरुरी बदलाव लायें-हर सम्बन्ध में केवल अधिकार जताने की कोशिश में ना रहें । सबको बराबरी का दर्जा दें और आपको भी बदले में सबसे प्यार मिलेगा।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे) आज का दिन परिवार के साथ बिताने के लिए विशेष रूप से अच्छा है । अपने माता –पिता,बहन- भाइयो या फिर जीवनसाथी के साथ शांति से कुछ वक़्त बिताएं । अपने बच्चों के साथ किसी मनोरंजक क्रियाकलाप में भाग लें । अगर काम का दबाव अधिक भी है तो भी आज उसे एक तरफ रख दें और एक साथ होने का आनंद लें ।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी) आज का दिन आपके लिए विशेष रूप से अच्छा है । आप अपना कुछ नया शुरू कर सकते हैं ,काफी समय लेने वाला अपना कोई अधूरा काम पूरा कर सकते हैं ,या कोई ऐसा काम जिसे आप लम्बे समय से टाल रहे हैं,को भी शुरू कर सकते हैं । आज शाम खेल और मौज मस्ती के नाम रहेगी ।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,) आज फैसला लेने का दिन है । आप पिछले सप्ताह से कई चीजों के बारे में चिंता कर रहें हैं । आज कोई ऐसा फैसला लेना पड़ सकता है जो शुरू में काफी कठोर लगे । लेकिन आपको इस बारे में अपने दिल की सुननी चाहिए । ये सोचना है कि अब मुझे क्या करना चाहिए? ये नही कि मुझे क्या करना होगा?अपने दिल की बात सुनें,इससे आपको लाभ होगा ।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची) काफी समय से जिन्दगी एक ही ढर्रे पर चल रही है,कुछ मजेदार भी नही हो रहा । अपनी नीरस जिंदगी में कुछ साहसिक गतिविधि शामिल करें । अपने पसंदीदा पर्यटन स्थल पर जा सकते हैं या कहीं भी बाहर घूम आयें । महत्वपूर्ण कामों को पूरा करने के लिए कुछ समय तक खुद को कुछ सामाजिक और निजी गतिविधियों से दूर कर लें ताकि एकाग्रता से काम कर पायें ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# दुबई का 260 करोड़ का सोना छत्तीसगढ़ में खपाया

## बांग्लादेश–भारत बॉर्डर से लाते थे राजनांदगांव था गोल्ड माफिया का सेफ ठिकाना



रायपुर, 5 जुलाई (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दुबई से अवैध सोना-चांदी लाकर छत्तीसगढ़ में खपाने वाले 2 तस्कर तस्कर सचिन केदार और पुरुषोत्तम कवले की 3 करोड़ 76 लाख की संपत्ति अटैच की है। इनमें बैंक खातों में जमा रकम, फ्लैट्स और जमीनें शामिल हैं। कार्रवाई पीएमएलए एक्ट 2002 के तहत की गई है।

ईडी के मुताबिक दुबई से सोना लाकर रायपुर समेत अन्य जिलों में गोल्ड सिंडिकेट ने 260 करोड़ 97 लाख का सोना-चांदी खपाया है, जिसमें अब तक 64 करोड़ 14 लाख करोड़ की संपत्तियां जब्त/अटैच की जा चुकी हैं।

मामला अप्रैल 2021 में उस समय उजागर हुआ, जब डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) ने कोलकाता एयरपोर्ट पर 2 तस्करों को गिरफ्तार किया। इन दोनों के शरीर में बंधी बेल्ट से विदेशी सोना बरामद हुआ था।

तस्करों की तलाशी के दौरान उनके शरीर से बंधे बेल्ट से दुबई का सोना गिरने लगा था। पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि यह सोना राजनांदगांव के मोहनी ज्वेलर्स को सौंपना था। इसके बाद डीआरआई की टीम राजनांदगांव में छापेमारी की प्लानिंग की।

डीआरआई ने सुराग को आगे बढ़ाते हुए 1 मई 2021 को राजनांदगांव के जसराज शांतिलाल बैद के नंदई स्थित घर में छापा मारा। पूछताछ में इस सिंडिकेट का खुलासा हुआ, जिसका मास्टरमाइंड विजय बैद उर्फ विक्की निकला। ये दुबई से भारत तक तस्करी की कड़ी का संचालन करता था।

डीआरआई और ईडी की जांच में यह बात सामने आई कि दुबई से निकला सोना पहले म्यांमार या बांग्लादेश भेजा जाता था, जहां से नॉर्थ ईस्ट राज्यों के रास्ते यह भारत में दाखिल होता था। यहां से ट्रेन, फ्लाइट और सड़क मार्ग से कैरियर (तस्कर) लेकर छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव लाता था। ईडी के मुताबिक, सचिन केदार इस नेटवर्क का सक्रिय सदस्य था, जो कोलकाता से रायपुर, नागपुर और मुंबई तक तस्करी का सोना पहुंचाता था। राजनांदगांव से सोना रायपुर, दुर्ग समेत आसपास के जिलों में नामचीन ज्वेलर्स तक पहुंचता था।

डीआरआई के आंकड़ों के मुताबिक, बीते 8 साल में छत्तीसगढ़ में 50 करोड़ रुपए से अधिक का सोना-चांदी जब्त किया जा चुका है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि तस्कर इस राज्य को कॉरिडोर की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं।

सोना न केवल बेचने के लिए, बल्कि आगे महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना और आंध्रप्रदेश तक सप्लाई के लिए। रायपुर में डीआरआई का ज़ोनल दफ्तर खुलने के बाद अब तक 25 से अधिक तस्करों पर कार्रवाई की जा चुकी है।

# छत्तीसगढ़ संपर्क-क्रांति एक्सप्रेस में बम है, लोगों को बचा लो

## धमकी के बावजूद 400किमी तक दौड़ती रही ट्रेन, 1700 पैसेंजर को उतारकर झांसी में चेकिंग



रायपुर, 5 जुलाई (एजेंसियां)। झांसी के वीरांगना लक्ष्मीबाई स्टेशन पर शुक्रवार शाम को छत्तीसगढ़ संपर्क क्रांति एक्सप्रेस (12824) को खाली करवाकर जांच की गई। दिल्ली में मिली बम की सूचना के बाद भी ट्रेन 400 किलोमीटर तक दौड़ती रही। यहां ट्रेन जैसे ही प्लेटफॉर्म पर रुकी तो सुरक्षाबलों ने उसे घेर कर सर्च ऑपरेशन शुरू किया।

बम और डॉग स्क्वायड ने कोच खाली कराकर चेकिंग की। ट्रेन में बम की सूचना अफवाह साबित हुई, जिसके बाद सभी ने राहत की सांस ली, लेकिन इस बीच सुरक्षा को लेकर कई सवाल भी खड़े हुए। दिल्ली से झांसी के बीच कई बड़े स्टेशन गुजरे, लेकिन ट्रेन को कहीं भी रोककर चेक नहीं किया गया।

जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र प्रताप सिंह ने बताया- छत्तीसगढ संपर्क क्रांति एक्सप्रेस हजरत निजामुद्दीन स्टेशन से शाम 5.55 बजे चली। 6.05 बजे उसमें बम होने की सूचना रेलवे को मिल गई। हमें कंट्रोल रूम लखनऊ से फोन आया। कहा गया कि ट्रेन के झांसी पहुंचने पर सर्च ऑपरेशन चलाएं।

बता दें कि हजरत निजामुद्दीन से चलकर छत्तीसगढ़ के दुर्ग जाने वाली छत्तीसगढ़ संपर्क क्रांति एक्सप्रेस (12824) हजरत निजामुद्दीन से शाम 5.55 बजे खुली थी। इसके 10 मिनट बाद रेलवे के हेल्पलाइन रेल मदद पर किसी ने सूचना दी कि ट्रेन के स्लीपर कोच में बम है।

सूचना देने वाले ने खुद को रेल उपयोगकर्ता बताया था, लेकिन जब तक सूचना मिली ट्रेन स्टेशन छोड़ चुकी थी। इसके बाद अगला स्टॉपेज झांसी का वीरांगना लक्ष्मीबाई स्टेशन था, लेकिन दिल्ली से झांसी की दूरी 400 किलोमीटर है। बावजूद इसके ट्रेन को फरीदाबाद, मथुरा, आगरा, धौलपुर और ग्वालियर में नहीं रोका गया। हालांकि, रेल प्रशासन ने उत्तर प्रदेश जीआरपी के हेड क्वाटर लखनऊ को इसकी सूचना दी थी, लेकिन ट्रेन को बगैर नियमित स्टॉपेज वाले स्टेशन पर रोकने का निर्णय रेल प्रशासन को लेना था। ऐसे में रेलवे ने सर्च ऑपरेशन के लिए 400 किलोमीटर दूर ट्रेन का अगला स्टॉपेज झांसी का वीरांगना लक्ष्मीबाई स्टेशन चुना।

इसके बाद लखनऊ जीआरपी ने अपने जवानों को एक्टिव कर दिया। ट्रेन आने से पहले सुरक्षा बलों ने प्लेटफॉर्म को छावनी में तब्दील कर दिया।

दूसरी तरफ सुरक्षा बलों ने किसी भी अफरा-तफरी की स्थिति से बचने के लिए प्लेटफॉर्म नंबर 2 को पूरी तरह से खाली करा लिया। इसके बाद छत्तीसगढ़ संपर्क क्रांति एक्सप्रेस जैसे ही अपने निर्धारित समय रात 11.22 बजे से 9 मिनट की देरी से 11.31 बजे प्लेटफॉर्म पर पहुंची।

यहां पहले से मौजूद सिटी मजिस्ट्रेट प्रमोद झा, एसपी सिटी ज्ञानेंद्र कुमार, आरपीएफ कमांडेंट विवेकानंद नारायण और स्टेशन डायरेक्टर सीमा तिवारी ने जिले की पुलिस, जीआरपी, आरपीएफ, डॉग स्क्वायड और बम निरोधी दस्ते के साथ मोर्चा संभाल लिया। ट्रेन के सभी कोच तुरंत खाली कराए गए।

यात्रियों के साथ लगेज भी प्लेटफॉर्म पर उतारा लिया गया।

# जवानों ने एक नक्सली को मार गिराया

## शव और हथियार बरामद, रुक–रुककर हो रही गोलीबारी, जवानों ने बड़े नक्सल कैडर्स को घेरा



जगदलपुर, 5 जुलाई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में जवानों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को ढेर कर दिया है। जवानों ने 5 जुलाई की सुबह मारे गए नक्सली का शव और हथियार बरामद किया है। बताया जा रहा है कि 4 जुलाई की रात से रुक-रुककर मुठभेड़ चल रही है। मामला नेशनल पार्क एरिया का है।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ रात से ऑपरेशन जारी है। पुरुष नक्सली मारा गया है। जवानों की टीम अभी मौके पर मौजूद है। जवानों और नक्सलियों के बीच गोलीबारी चल रही है। बताया जा रहा है कि इस इलाके में नक्सलियों के बड़े कैडर्स की मौजूदगी है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस को सूचना मिली थी कि नेशनल पार्क एरिया में बड़ी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। इसी सूचना के आधार पर जवानों को सर्च ऑपरेशन के लिए निकाला गया था। 4 जुलाई की शाम जब जवान उस इलाके में पहुंचे तो नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक नक्सली मारा गया।

कांकेर में बीएसएफ के जवानों ने अबूझमाड़ के मीनडी गांव से 2 नक्सलियों को हथियार और आईईडी बनाने के समान के साथ पकड़ा है। इसमें एक महिला और एक पुरुष नक्सली शामिल हैं। बीएसएफ के 47 और 40 बटालियन ने गिरफ्तार किया है। नक्सलियों के पास से 4 भरमार बंदूक भी बरामद किया है।

26 जून को नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ इलाके में जवानों ने 2 वर्दीधारी महिला नक्सलियों को मार गिराया था। दोनों के शव बरामद कर लिए गए हैं। साथ ही 315 बोर राइफल और अन्य हथियार भी बरामद हुए हैं।

# शराब घोटाला, अफसर हर साल 70 करोड़ वसूली करते थे

## कमिश्नर निरंजन को 50 लाख मंथली कमीशन एपी त्रिपाठी पहुंचाते थे पैसे, 15 जिलों में चला खेल

रायपुर, 5 जुलाई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में 2161 करोड़ रुपए के शराब घोटाले की जांच कर रहे ईओडब्ल्यू के अफसर आज कोर्ट में आबकारी अधिकारियों के खिलाफ चालान की कॉपी लेकर पेश करने पहुंचे थे। लेकिन स्पेशल जज के अनुपस्थित होने के कारण अब चालान सोमवार को पेश किया जाएगा। शराब घोटाले में 23 से ज्यादा आबकारी अफसर आरोपी हैं।

आबकारी की जांच में खुलासा हुआ है, कि अफसरों ने सिंडिकेट बनाकर शराब घोटाले में पूरा साथ दिया। शराब घोटाला करने के एवज में अफसर हर साल 70 करोड़ की वसूली करते थे।

ईओडब्ल्यू की जांच में सामने आया है, कि तत्कालीन आबकारी आयुक्त निरंजन दास को हर महीने 50 लाख रुपए दिया जाता था। यह पैसा एपी त्रिपाठी के माध्यम से उनके पास पहुंचा था। सिंडिकेट में शामिल हर अफसर का कमीशन तय था। चार साल में अफसरों ने अवैध उगाही करके करोड़ों की संपत्ति बनाई है।

ईओडब्ल्यू के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, हर साल डुप्लीकेट शराब बेचकर अवैध उगाही करने वाले अफसरों ने अपने अवैध पैसों को जमीन, चहेतों को कारोबार और कर्जदारों को दिया है। शराब घोटाला के लिए प्रदेश के 15 जिलों को चुना गया था। यहां पर पदस्थ आबकारी अधिकारी को 150 रुपए प्रति पेटी कमीशन के रूप में मिलता था।

2019 से 2023 तक शराब सप्लायरों से जिला आबकारी अधिकारियों ने 319 करोड़ रुपए की वसूली की है। यह पैसा सिंडिकेट को पहुंचाया गया। अप्रैल 2019 से जून 2022 तक अवैध शराब बेचकर 280 करोड़ रुपए वसूले गए। हर साल 70 करोड़ से ज्यादा की वसूली का टारगेट था। जिला आबकारी अधिकारियों ने इस दौरान 2174.60 करोड़ की 60 लाख पेटी अवैध शराब बेची।

शराब खपाने का रिकॉर्ड सरकारी कागजों में ना चढ़ाने की नसीहत दुकान संचालकों को दी गई। डुप्लीकेट होलोग्राम वाली शराब बिना शुल्क अदा किए दुकानों तक पहुंचाई गई।

जांच एजेंसी ने चार्जशीट में बताया है कि फरवरी 2019 से आबकारी विभाग में भ्रष्टाचार शुरू हुआ। शुरुआत में हर महीने 800 पेटी शराब से भरी 200 ट्रक डिस्टलरी से हर माह निकलती थी। एक पेटी को 2840 रुपए में बेचा जाता था।

# विवाहिता की फंदे से लटकी मिली लाश

## ससुराल पक्ष घर छोड़कर फरार, मृतका के भाई ने कहा– बहन की हुई है हत्या

कोडरमा, 5 जुलाई (एजेंसियां)। कोडरमा के चांदेडीह गांव में 23 वर्षीय विवाहिता मनीषा कुमारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शनिवार सुबह मनीषा को एक खपड़ैल के कमरे में बांस से लटका हुआ पाया गया।

मनीषा के भाई नितेश को सुबह फोन पर बहन के बीमार होने की सूचना मिली थी। जब वह मौके पर पहुंचा, तो बहन को फंदे पर लटका हुआ पाया। परिजनों का आरोप है कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि हत्या है।

मनीषा के भाई के अनुसार, मनीषा की शादी 2021 में आशुतोष रजक से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ससुराल में परेशानियां शुरू हो गईं। ससुर महेश रजक, जो एक पारा शिक्षक हैं, अक्सर मनीषा को डांटते-फटकारते थे। मनीषा की सास आंगनबाड़ी सेविका हैं। पति आशुतोष बेरोजगार हैं और कभी-कभी झुमरीतिलैया में काम करते थे।

दो छोटे बच्चों की मां मनीषा की मौत के बाद से उसका पूरा ससुराल पक्ष घर छोड़कर फरार है। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। मृतका के मायके पक्ष का रो-रोकर बुरा हाल है। पहले भी कई बार पारिवारिक विवाद को सुलझाया जा चुका था।

# पहले टैक्सी बुक कराई, फिर चालक को कर लिया अगवा

## जंगल में युवक को छोड़कर गाड़ी लेकर फरार हुए बदमाश




कोरबा, 5 जुलाई (एजेंसियां)। कोरबा में एक टैक्सी चालक का अपहरण करने की घटना सामने आई है। 29 वर्षीय अंकुश यादव नामक के व्यक्ति ने चांपा से कोरबा तक टैक्सी बुक की थी। जब वे उरगा थाना क्षेत्र के बरपाली के पास पहुंचे, तो आरोपियों ने गाड़ी रोककर मोबाइल लूट लिया और बंदूक की नोक पर चालक को किडनैप कर लिया। इसके बाद आरोपियों ने चालक को जंगल में छोड़ दिया और टैक्सी लेकर फरार हो गए।

अंकुश यादव ने बताया कि चार लोग चांपा वाहन स्टैंड पर आए और कोरबा जाने के लिए 1500 में वाहन बुक कराया वो वह चांपा से कोरबा के लिए चारों को लेकर निकला। बरपाली के पास एक युवक उल्टी करने के नाम पर गाड़ी से उतरा। अचानक से पीछे से एक युवक ने चाकू चालक के गले पर लगा दिया। उसके बाद एक ने बंदूक लगा दी और उसे उतारकर पीछे सीट पर लेकर बैठ गए। पहले मोबाइल लूट लिया और सीधे गाड़ी भगाते हुए बांगो थाना से लगभग 9 किलोमीटर दूर लेकर जंगल में छोड़कर भाग गए।

चालक किसी तरह लिफ्ट लेकर बांगो थाना पहुंचा और पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। अंकुश ने बताया कि पहले चहेरे पर कुछ नंही बांधे थे बांगो के पास सभी ने चेहरे पर कपड़ा बांध लिया। शिकायत के बाद बांगो थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी टोल प्लाजा में लगे सीसीटीवी फुटेज में नजर आ रहे हैं। जहां टोल प्लाजा पर पैसा देने के बाद कार लेकर फरार हो गए।

# 20 साल पुरानी पुलिया बही, दो हिस्सों में कटी सड़क

कोरबा, 5 जुलाई (एजेंसियां)। कोरबा जिले में लगातार हो रही बारिश से बड़मार क्षेत्र से कोई गांव को जोड़ने वाली सड़क हो हिस्सों में कट गई है, इससे कई गांवों का संपर्क टूट गया है। मार्ग पर आवाजाही बंद हो गई है। यह प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाई गई थी। हसदेव बांगो बांध का जल स्तर बढ़ गया है। करतला के गेरांव के बांसाझर्रा में स्थित स्टॉपडैम टूट गया है, जिससे 20 साल पुरानी पुलिया बह गई।

वहीं, सिंघिया कोरबी गांव में नाले में बहे रेलवे कर्मचारी का शव 40 घंटे बाद मिला है। 3 जुलाई को उदय कुमार सिंह काम के दौरान नाले के तेज बहाव में बह गया था। जिसे एसडीआरएफ ने रेस्क्यू कर शव ढूंढ निकाला। मामला कटघोरा थाना क्षेत्र का है। इधर आदर्श नगर कुसमुंडा कॉलोनी स्थित एसईसीएल डीएवी पब्लिक स्कूल की छत से बारिश का पानी टपक रहा है। क्लासरूम में जगह-जगह बाल्टियां रखी गई हैं।

इस पर अभिभावकों ने बच्चों की सुरक्षा पर सवाल उठाए है। गेरांव के बांसाझर्रा में पुलिया बह जाने से यातायात बाधित हो गया है। कार्यपालन अभियंता संतोष नाग के मुताबिक, यह 20 साल पुरानी पुलिया थी। बारिश रुकने के बाद मरम्मत कार्य शुरू किया जाएगा। जिले में औसत बारिश 260.01 मिलीमीटर दर्ज की गई है। यह 10 साल के औसत 242.4 मिलीमीटर से 7.3 प्रतिशत अधिक है। कोरबा में 126 मिलीमीटर, बरपाली में 58.5, पाली में 30.02, कटघोरा में 35.5 और पसान में 89.5 मिलीमीटर बारिश हुई है।

# डॉक्टर ने की थी पत्नी की हत्या

## मंजर देख घबराया ड्राइवर और उसने भी किया कत्ल, आठ साल बाद राज से उठा पर्दा

कबीरधाम, 5 जुलाई (एजेंसियां)। कबीरधाम पुलिस ने आठ साल पहले 6 अप्रैल 2017 को कवर्धा शहर में हुए चर्चित डॉक्टर दंपति हत्याकांड का शनिवार 5 जुलाई को खुलासा कर दिया है। हत्यारा कोई और नहीं, बल्कि दंपति का पूर्व वाहन चालक सत्यप्रकाश साहू निकला। शनिवार को कबीरधाम एसपी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी धर्मेंद्र सिंह ने मामले का विवरण साझा किया।

एसपी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि 6 अप्रैल 2017 को कवर्धा के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. गणेश सूर्यवंशी और उनकी पत्नी डॉ. उषा सूर्यवंशी के शव उनके निवास के आंगन में रक्तरंजित अवस्था में मिले थे। प्रारंभिक जांच में यह दोहरा हत्याकांड प्रतीत हुआ, लेकिन ठोस सुराग के अभाव में मामला अनसुलझा रहा। हाल ही में दोबारा विवेचना के दौरान सत्यप्रकाश साहू पर संदेह गहराया, जो दंपति का पूर्व ड्राइवर था। जांच में पता चला कि सत्यप्रकाश ने डॉ. गणेश को 1.80 लाख रुपये उधार दिए थे। रुपये वापस मांगने के लिए वह उनके घर गया, जहां दंपति के बीच पहले से चल रहे घरेलू विवाद का गवाह बना। विवाद के दौरान डॉ. गणेश ने अपनी पत्नी पर भारी पत्थर से वार कर उनकी हत्या कर दी। यह देख सत्यप्रकाश घबरा गया और उसने डॉ. गणेश को धक्का देकर गिराया, फिर पत्थर से वार कर उनकी भी हत्या कर दी। हत्या के बाद सत्यप्रकाश ने खून के धब्बे साफ किए। शवों को आंगन में खींचकर रखा और डॉक्टर का एक मोबाइल लेकर फरार हो गया। उसने मोबाइल को गंडई में 1900 रुपये में गिरवी रख दिया। 6 अप्रैल को जब पुलिस को घटना की जानकारी मिली, तब वह भीड़ में शामिल होकर स्थिति का जायजा ले रहा था।

वैज्ञानिक साक्ष्यों और 14 घंटे की गहन पूछताछ के बाद सत्यप्रकाश ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। हाल ही में उसके खिलाफ ब्लैकमेलिंग की शिकायत भी दर्ज हुई थी, जिसके डर से वह गंडई भाग गया था। एसपी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि यह जटिल हत्याकांड तकनीकी दक्षता, वैज्ञानिक विवेचना और धैर्य के साथ सुलझाया गया।

# अवैध खनन के दौरान चाल धंसा, 4 लोगों की हो गई मौत

## कई और के दबे होने की आशंका, ग्रामीणों का प्रदर्शन जारी

रामगढ़, 5 जुलाई (एजेंसियां)। सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के रामगढ़ के कुजू करमा कोलियरी में शनिवार सुबह एक बड़ा और दर्दनाक हादसा हो गया। अवैध कोयला खनन के दौरान अचानक चाल धंसने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य के मलबे में दबे होने की आशंका है। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। वे मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं।

यह हादसा सीसीएल के लीज एरिया करमा परियोजना में हुई है। बताया जा रहा है कि महुआतुंगड़ी गांव के कई ग्रामीण शनिवार सुबह कोयला चोरी करने के लिए यहां पहुंचे थे। इसी दौरान कोयले का एक बड़ा हिस्सा अचानक धंस गया, जिसकी चपेट में कई लोग आ गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

जानकारी के मुताबिक स्थानीय लोगों ने अपनी जान जोखिम में डालकर तत्काल बचाव कार्य शुरू किया। सभी ने मिल कर तीन शवों को मलबे से बाहर निकाला। मृतकों की पहचान मोहम्मद इम्तियाज (यासीन अंसारी के पुत्र), रामेश्वर बेसरा और उनकी पत्नी अनीता देवी के रूप में हुई है। खबर लिखे जाने तक एक शव अभी भी मलबे के अंदर फंसा हुआ है, जिसे निकालने का प्रयास किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही सीसीएल के अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। पेलोडर लगाकर शवों को हटाने और बचाव कार्य तेज करने का प्रयास किया जा रहा है। इधर घटना के बाद लोग नाराज हो गए हैं।

जेएलकेएम के नेता बिहारी महतो के नेतृत्व में ग्रामीण भारी संख्या में घटनास्थल पर जमा हो गए और मृतकों के परिजनों के लिए उचित मुआवजे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, वे शवों को उठाने नहीं देंगे। घटनास्थल पर रामगढ़ पुलिस भी पहुंच गई है और राहत व बचाव कार्य में जुटी है।

पुलिस अधिकारी ग्रामीणों को समझाने बुझाने का प्रयास किया, लेकिन वे अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं। सीसीएल के अधिकारी भी स्थिति को सामान्य करने और ग्रामीणों से बातचीत करने में लगे हैं। कुछ लोगों के अभी भी मलबे में दबे होने की आशंका के चलते बचाव कार्य लगातार जारी है।

# सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

## रेमंड शोरूम मालिक के बेटे और दोस्त की गई जान, कार पलटने से एक्सीडेंट

धनबाद, 5 जुलाई (एजेंसियां)। धनबाद में शनिवार को सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। हादसा कार के डिवाइडर से टकराकर पलटने से हुई।

मृतकों में धनबाद स्थित रेमंड शोरूम मालिक विशाल कृष्णानी के पुत्र साहिल कृष्णानी और मोटर पार्ट्स व्यवसायी हर्दियाल सिंह के बेटे अनमोल सिंह शामिल हैं। साहिल और अनमोल दोनों दोस्त थे।

हादसा राजगंज के डोमनपुर के पास हुई। दोनों ही एक कार में सवार होकर सुबह निकले थे। इसी बीच कार डिवाइडर से टकराई और पलट गई।

हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और दोनों को अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया।

समाजसेवी शांतनु चंद्रा के अनुसार, दोनों युवक कोलकाता में मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहे थे और शुक्रवार को ही धनबाद लौटे थे।

दोनों युवक सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ। दोनों ही बैंकमौड़ में रहते थे।

इधर, दुर्घटना की सूचना मिलते ही परिजन एसएनएमएमसीएच अस्पताल पहुंचे। धनबाद के कई व्यवसायी भी अस्पताल पहुंचे। परिवार के सदस्यों की रो-रोकर बुरी हालत हो गई है। वहीं, पुलिस ने दोनों युवकों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है।

# छात्राएं बोलीं- ब्रेक में बुलाकर प्रिंसिपल बैड-टच करते हैं

## विरोध करने पर 4 छात्राओं को फेल किया, मार्कशीट में हेरफेर की, पेरेंट्स ने स्कूल में जड़ा ताला

गरियाबंद, 5 जुलाई (एजेंसियां)। गरियाबंद जिले में अकलवारा हायर सेकेंडरी स्कूल का प्रिंसिपल छात्राओं को अश्लील इशारे करता और ब्रेक में उन्हें बुलाकर बैड टच करता था। विरोध करने पर उसने 4 छात्राओं को फेल कर दिया। वहीं, 7 अन्य छात्राओं ने भी उस पर अनुचित व्यवहार करने का आरोप लगाया। उनके मुताबिक प्रिंसिपल ने उनके मार्कशीट में हेरफेर भी की। जांच में इसकी पुष्टि हुई है।

शाला विकास समिति के अध्यक्ष उदित सेन ने बताया कि इस मामले में पहले ही शिकायत की गई थी। जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच समिति का गठन किया। जांच में आरोप सही पाए गए, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

मामले में कार्रवाई नहीं होने पर छात्राओं और उनके परिजनों ने आज यानी 5 जुलाई को स्कूल में ताला लगा दिया और प्रदर्शन किया। अभिभावकों का कहना है कि मामला गंभीर है और प्रशासन को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए थी। पीड़ित छात्रा छाया (बदला हुआ नाम) ने कहा कि प्रिंसिपल जीपी वर्मा लड़कियों को गलत तरीके से टच करते हैं और अजीब से इशारे करते हैं। स्कूल की 11 छात्राओं के साथ उन्होंने अनुचित व्यवहार किया। विरोध करने पर मार्कशीट से खिलवाड़ कर दिया। उनके इस व्यवहार पर कोई कार्रवाई नहीं होने पर हमने स्कूल में ताला लगा दिया।

एक अन्य पीड़िता रिया (बदला हुआ नाम) ने कहा कि प्रिंसिपल जीपी वर्मा के गलत व्यवहार से हम कंफर्टेबल नहीं है। उनके इस व्यवहार के बाद हमारे साथ भेदभाव किया जा रहा है। बायोलॉजी के स्टूडेंट्स हमें अलग कर देते हैं। नए टीचर आने के बाद भेदभाव खत्म होना चाहिए।

स्कूल में ताला लगाने पहुंचे अभिभावक राज कुमार ने कहा कि प्रिंसिपल छात्रा के साथ बहुत दिनों से मनमानी कर रहा है। ब्रेक के समय में उन्हें बुलाकर व्यक्तिगत बात करता है, शारीरिक तौर पर प्रताड़ित करता है। कई ऐसे बात है जिन्हें छात्रा बता नहीं पाती। हम सबूत के साथ डीईओ को आवेदन दिया लेकिन उन्होंने अनसुना कर दिया। स्कूल में ताला लगाने के 4 घंटे बाद तहसीलदार रमेश मेहता ने पहुंचकर बीईओ की मौजूदगी में ताला खुलवाया।

तहसीलदार ने भरोसा दिलाया कि सोमवार तक प्रिंसिपल को हटा दिया जाएगा। अधिकारियों ने परीक्षा परिणाम से जुड़े दस्तावेज और पंजी जब्त कर लिया है।

# शी जिनपिंग की कुर्सी पर खतरा

## चीन के सबसे ताकतवर इंसान की हुई छुट्टी तो कौन लेगा जगह

बीजिंग, 5 जुलाई (एजेंसियां)। चीन में महाशक्तिशाली समझे जाने वाले राष्ट्रपति शी जिनपिंग पिछले दो सप्ताह से लापता चल रहे हैं। उन्हें कहीं भी सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया है। चीनी राष्ट्रपति के गायब होने की खबरों के बाद चीन में सत्ता परिवर्तन की अटकलें तेज हो गई हैं। इन अटकलों को और हवा मिली जब ये रिपोर्ट सामने आई कि जिनपिंग ब्राजील में होने वाले आगामी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भी शामिल नहीं होंगे। ऐसा उनके पदभार ग्रहण करने के बाद पहली बार हो रहा है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि अगर चीन से शी जिनपिंग के राज का अंत होता है तो उनकी जगह कौन लेगा। आइए उन कुछ नामों के बारे में जानते हैं जो इस समय चर्चा में हैं।

हालांकि, कोई स्पष्ट उत्तराधिकारी नहीं है, लेकिन विशेष रूप से जनरल झांग यूक्सिया महत्वपूर्ण बने हुए हैं। जनरल झांग चीन के शक्तिशाली सेंट्रल मिलिट्री कमीशन के पहले उपाध्यक्ष और प्रमुख सैन्य चेहरा हैं। ऐसे में अगले उत्तराधिकारी के लिए उनका समर्थन अहम हैं।



कहा जा रहा है कि पूर्व राष्ट्रपति हू जिंताओं के करीबी वरिष्ठ पार्टी नेता उनका समर्थन कर रहे हैं, जिससे उनकी स्थिति मजबूत हुई हैं। माना जा रहा है शी की अनुपस्थिति में जनरल झांग अपना प्रभाव मजबूत कर रहे हैं।

शी जिनपिंग के लंबे समय से सहयोगी रहे ली कियां को 2023 में प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया था। शंघाई के सख्त कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान उनका नेतृत्व और हाल ही में हाई-प्रोफाइल अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति, जिसमें जी-20 में शी जिनपिंग की जगह शामिल होना, उनकी उच्च स्थिति को दिखाता है। स्टेट काउंसिल के प्रमुख के रूप में चीन की अर्थयव्वस्था की देखरेख करते हैं, जिससे वे सरकार में दूसरे सबसे शक्तिशाली व्यक्ति बन जाते हैं। शी जिनपिंग के चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में काम कर चुके डिंग के उनके सबसे करीबी सहयोगी के रूप में देखा जाता है। वह प्रांतीय नेतृत्व की भूमिका संभाले बिना ही तेजी से आगे बढ़े हैं। इसके पीछे शी का वरदहस्त होना बताया जाता है। अब वे नीति समन्वय के प्रमुख क्षेत्रों का प्रबंधन करते हैं। सत्ता से नजदीकी उन्हें प्रमुख खिलाड़ी बनाती है।

वे वर्तमान में चीनी पीपुल्स पॉलिटिकल कंसल्टेटिव कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष हैं। वांग को पार्टी के मुख्य सिद्धांतकार के रूप में जाना जाता है और उन्होंने तीन राष्ट्रपतियों के कार्यकाल में काम किया है। विचारधारा पर उनका प्रभाव उन्हें रणनीतिक महत्व देता है। हालांकि, उनके पास प्रशासनिक अनुभव की कमी है, जिससे उनके किंग बनने के बजाय किंगमेकर बनने की ज्यादा संभावना है। भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के पूर्व नेता झाओ पोलितब्यूरो की स्थायी समिति के वरिष्ठ सदस्य हैं और नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के चेयरमैन की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। राष्ट्रीय विधायिका में उनकी वर्तमान भूमिका उन्हें विशेष रूप से संवैधानिक और कानूनी मामलों में दृश्यता और अधिकार प्रदान करती है। वे संभावित उत्तराधिकारियों की लिस्ट में एक प्रमुख व्यक्ति हैं।

इस रेस में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता और नेशलन पीपुल्स कांग्रेस के उपाध्यक्ष ली होंगजोंग का नाम भी शामिल है।

# तेल बेचकर यूक्रेन से नहीं लड़ रहा रूस

## पुतिन के पास है 'कुबेर का खजाना', पश्चिमी देशों की भारत को गीदड़भभकी देने की खुली पोल

मॉस्को/लंदन, 5 जुलाई (एजेंसियां)। ब्रिटिश रॉयल नेवी के पूर्व अधिकारी टॉम शार्प ने गीदड़भभकी देते हुए टेलीग्राफ के लिए लिखे कॉलम में कहा है कि भारत को अमेरिका या रूस के बीच एक पक्ष चुनना ही होगा, अन्यथा भारत के साथ 'दुश्मनों जैसा व्यवहार' किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत, पुतिन के अत्याचारों को फंड कर रहा है और साझेदार की बजाय जियो-पॉलिटिकल दुश्मन की तरह व्यवहार कर रहा है। भारत पर अकसर तेल खरीदकर यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस की मदद करने के आरोप लगते रहे हैं। लेकिन पश्चिमी देशों एक्सपर्ट्स इस बात को समझना नहीं चाहते कि भारत के रूसी तेल या हथियार खरीदने की वजह से रूस, यूक्रेन में युद्ध नहीं लड़ रहा है, बल्कि उसके पास न्यूक्लियर धातुओं का एक ऐसा अकूत भंडार है, जो पुतिन के लिए 'कुबेर के खजाने' की तरह है।

रूस के पास एक ऐसी न्यूक्लियर इंडस्ट्री है, जिससे पुतिन को लगातार और सालों तक यूक्रेन में युद्ध लड़ने की ताकत



मिलती रहेगी। इससे ना सिर्फ रूस को अरबों डॉलर का कोराबार फल फूल रहा है, बल्कि पुतिन इसका इस्तेमाल एक मजबूत कूटनीतिक हथियार के तौर पर भी कर रहे हैं। रूस की सरकारी न्यूक्लियर कंपनी रोसाटॉम वैश्विक स्तर पर 65% न्यूक्लियर रिएक्टर एक्सपोर्ट और 44% यूरेनियम एनरिचमेंट कैपेसिटी को नियंत्रित करती है। यह पकड़ रूस को वैश्विक नॉन-प्रोलिफरेशन नीतियों, सुरक्षा मानकों और राजनयिक दबाव के मोर्चे पर काफी ज्यादा ताकत देती है।

आपको बता दें कि नागरिक परमाणु उद्योग को मोटे तौर पर दो मुख्य बाजारों में विभाजित किया जा सकता है। 1- परमाणु ऊर्जा स्टेशन या रिएक्टर बनाना। 2- समृद्ध-यूरेनियम ईंधन का उत्पादन और आपूर्ति। ऐसा माना जाता है कि जो भी इन निर्यात बाजारों पर हावी होता है, वह ना सिर्फ भू-राजनीतिक ताकत और आर्थिक और सॉफ्ट पावर हासिल करता है, बल्कि परमाणु प्रसार और सुरक्षा मानकों की निगरानी पर भी प्रभाव डालता है। वर्ल्ड न्यूक्लियर एसोसिएशन की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों ही मामलों में रूस ही बाजार पर हावी है। द इकोनॉमिस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक रूस का सरकारी परमाणु निगम रोसाटॉम विदेशों में लगभग 20 रिएक्टरों के निर्माण में शामिल है। इनमें से 17 रूस के बाहर बनाए गए हैं, जिनमें तुर्की, मिस्र, भारत और बांग्लादेश जैसे देशों में सक्रिय परियोजनाएं हैं। खरीदारों में वे देश भी शामिल हैं जो पुतिन की आलोचना करते हैं। उदाहरण के लिए, कई यूरोपीय देश भी रूसी तकनीक और परमाणु ईंधन पर निर्भर हैं।

संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे दुश्मनों से भी रूस पैसा कमाता है। 2023 में, अमेरिका ने अपने समृद्ध यूरेनियम का लगभग एक चौथाई हिस्सा रूस से खरीदा था, जबकि यूक्रेन युद्ध के बाद भी अमेरिका रूस को पैसे देता है। रूस का परमाणु निर्यात उसके राजस्व और अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव का मुख्य स्रोत बन गया है। रोसाटॉम ने खुद अपनी रिपोर्ट में बताया है कि उसके विदेशी ऑपरेशन से 2023 में 16 बिलियन डॉलर से ज्यादा का राजस्व प्राप्त हुआ, जिसमें नए बिजली संयंत्रों के निर्माण से 7 बिलियन डॉलर से ज्यादा का राजस्व शामिल है।

# अमेरिका के टेक्सास में बाढ़ से 24 की मौत

## 23 लड़कियां लापता, अभी भी बारिश जारी हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा

वॉशिंगटन, 5 जुलाई (एजेंसियां)। अमेरिका के टेक्सास राज्य में शुक्रवार को भारी बारिश के बाद ग्वाडालूप नदी में आई बाढ़ से 24 लोगों की मौत हो गई, जबकि 23 लड़कियां लापता हो गई। अब तक 400 से ज्यादा लोगों को बचाया गया है। टेक्सास के गवर्नर डैन पैट्रिक ने बताया कि रेस्क्यू टीम काम कर रही है। जिसमें नौ बचाव दल, 14 हेलिकॉप्टर और 12 ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है।

कर्विल के पास कैंप मिस्टिक, जो एक लड़कियों का समर कैंप है, पूरी तरह बाढ़ में डूब गया। कैंप में मौजूद 750 लड़कियों को बचाया गया है। कैंप में बिजली नहीं है और कई बच्चे अभी भी रेस्क्यू का इंतजार कर रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि कितने लोग लापता हैं, इसका सटीक आंकड़ा बताना मुश्किल है। पूर्वानुमान में बारिश की संभावना जताई गई थी, और लगभग 30 हजार लोगों के लिए चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले कुछ घंटों में टेक्सास और तेज बारिश हो सकती है। टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने कहा- हम बाढ़ से निपटने के लिए सभी जरूरी संसाधनों को इस्तेमाल कर रहे हैं। नेशनल वेदर सर्विस के मुताबिक, गुरुवार देर रात और शुक्रवार सुबह कर्विल काउंटी में 5 से 10 इंच बारिश हुई, जिसकी वजह से टेक्सास में ग्वाडालूप नदी का जलस्तर कुछ ही घंटों में 7 फीट से बढ़कर 29 फीट हो गया। बारिश की वजह से नदी ने लोकल नाले और जलमार्गों को उफान पर ला दिया, जिससे सड़कें डूब गईं। ट्रेलर और वाहन बह गए। सैन एंटोनियो की इमरजेंसी टीमों ने हेलिकॉप्टर और ड्रोन के जरिए तलाश और बचाव कार्य शुरू किया है।

# भारत खतरनाक रास्ते पर, सिंधु जल समझौते पर रोक से बौखलाए शहबाज ने अजरबैजान में उगला जहर

## सामने बैठे थे खलीफा एर्दोगन

बाकू, 5 जुलाई (एजेंसियां)। सिंध जल संधि पर रोक से बौखलाए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक बार फिर भारत के खिलाफ जहर उगला है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री आर्थिक सहयोग संगठन (ईसीओ) के शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए अजरबैजान के दौरे पर हैं। सम्मेलन को संबोधित करते हुए शहबाज शरीफ ने भारत के ऊपर 'पानी के हथियारीकरण' का आरोप लगाया।

उन्होंने सिंधु जल समझौते पर रोक के भारत के हालिया फैसले का जिक्र किया और इसे पूरी तरह संधि का उल्लंघन बता दया। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादी हमले के एक दिन बाद भारत ने सिंधु जल समझौते को स्थगित कर दिया था। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिसमें अधिकांश पर्यटक थे।



शहबाज शरीफ के ईसीओ शिखर सम्मेलन के दौरान दिए गए संबोधन में भारत को लेकर डर साफ नजर आया। शहबाज ने समझौते को रोके जाने का जिक्र करते हुए कहा, 'यह उल्लंघन पूरी तरह से अस्वीकार्य है। सिंधु नदी का पानी पाकिस्तान के 24 करोड़ लोगों के लिए जीवनरेखा है। भारत की कार्रवाई युद्ध के बराबर है।'


शहबाज शरीफ ने गीदड़भभकी देते हुए कहा कि भारत को इस खतरनाक रास्ते चलने पर चलने की अनुमति नहीं दी जा सकती है, जो पाकिस्तान के लोगों के खिलाफ युद्ध के बराबर होगा। पिछले सप्ताह ही शहबाज ने कहा था कि पाकिस्तान के प्रभावित जिलों में कई लोगों को मौत हो चुकी है। इसके साथ ही उन्होंने भारत के साथ हालिया सैन्य टकराव का भी जिक्र किया। पहलगाम हमले को दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताते हुए शहबाज शरीफ ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान के ऊपर भारत का हमला क्षेत्रीय शांति को अस्थिर करने का एक और प्रयास है। शिखर सम्मेलन के अतिरिक्त शहबाज शरीफ ने अजरबैजान के राष्ट्रपति इलहाम अलीयेव से भी मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भारत के साथ संघर्ष के दौरान अजरबैजान को समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। इसके साथ ही शहबाज ने तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन से भी मुलाकात की।

# अमेरिकी स्वतंत्रता दिवस के जश्न में गरजे बी-2 स्टील्थ बॉम्बर

## वॉइट हाउस के ऊपर भरी उड़ान, ईरान के परमाणु ठिकानों पर मचाई थी तबाही

वॉशिंगटन, 5 जुलाई (एजेंसियां)। ईरान के परमाणु स्थलों को तबाह करने वाले अमेरिकी बी-2 स्टील्थ बॉम्बर्स ने एक बार फिर अपनी झलक दिखाई है। मौका था वॉइट हाउस में अमेरिकी स्वतंत्रता दिवस के जश्न का, जो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बिग ब्यूटीफुल बिल पर हस्ताक्षर करने के चलते डबल हो गया। शुक्रवार 4 जुलाई को बिल पर हस्ताक्षर करने के बाद जब ट्रंप वॉइट हाउस की बालकनी से बाहर आए तो ईरान के परमाणु स्थलों पर हमला करने वाले बी-2 बमवर्षक विमानों ने फ्लाई-पास्ट किया। उनके साथ एफ-35 और एफ-22 लड़ाकू विमान भी वॉइट हाउस के ऊपर से गुजरे। अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ इस मौके पर फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रंप भी नजर आईं।

बिग ब्यूटीफुल बिल पर हस्ताक्षर करने से पहले ट्रंप ने कहा, 'अमेरिका जीत रहा है, ऐसा



जैसे पहले कभी नहीं जीता।' उनके साथ वॉइट हाउस में रिपब्लिकन सांसद में भी मौजूद थे, जिन्होंने एक दिन पहले गुरुवार को अमेरिकी कांग्रेस में बिल को पारित कराने में मदद की। इस बिल का पास होकर कानून में बदलना ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की एक और बड़ी जीत है, जिसने उनकी सत्ता और पार्टी दोनों पर पकड़ को मजबूत किया है। ट्रंप की हाल की सफलताओं में इजरायल और ईरान के बीच युद्धविराम भी शामिल है, जो तेहरान की परमाणु सुविधाओं पर हमले के बाद हुआ था। इस हमले में अमेरिका के बी-2 बमवर्षक विमानों की अहम भूमिका थी। ट्रंप प्रशासन ने बताया था कि बी-2 बमवर्षक विमानों ने महाशक्तिशाली जीबीयू-57 बंकर बस्टर बमों को ईरान के तीन परमाणु स्थलों फोर्डो, नतांज और इस्फहान पर गिराया था।

# रूस लड़कियों को बच्चे पैदा करने के एक लाख रुपये दे रहा

## जंग में बड़ी सेना बनाना मकसद, घटती जनसंख्या और बूढ़ी आबादी से जूझ रहा देश

मॉस्को, 5 जुलाई (एजेंसियां)। रूस में कम उम्र की लड़कियों को गर्भवती होने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। सरकार बच्चे को जन्म देने और उसका पालन-पोषण करने के लिए इन्हें करीब एक लाख रुपए की मदद दे रही है। यह योजना मार्च 2025 में रूस के 10 हिस्सों में शुरू हुई है। इसका मकसद देश में कम होती जनसंख्या और बढ़ती उम्र के लोगों की समस्या को दूर करना है। पहले यह योजना सिर्फ बालिग (18 साल से ऊपर) महिलाओं के लिए थी। लेकिन अब इसमें नाबालिग लड़कियों को भी शामिल कर लिया गया है, ताकि वे भी बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित हों।

रूस में 2023 में प्रति महिला औसत जन्म दर 1.41 थी, जबकि आबादी को स्थिर रखने के लिए 2.05 की दर जरूरी मानी जाती है। इसलिए रूस सरकार ऐसी योजनाएं चला रही है, जिन्हें



'प्रोनेटलिस्ट नीतियां' कहा जाता है। इनका मकसद लोगों को ज्यादा बच्चे पैदा करने के लिए प्रेरित करना है।

फिलहाल आबादी के लिहाज से रूस दुनिया का नौवां सबसे बड़ा देश है, लेकिन वहां जनसंख्या कम होने का खतरा बढ़ रहा है।

रूस में स्कूल में पढ़ने वाली लड़कियों को बच्चे पैदा करने के लिए पैसे देना काफी विवादित फैसला है। रूस में हुए एक सर्वे के मुताबिक 43% लोग इस नीति के पक्ष में हैं, जबकि 40% इसका विरोध कर रहे हैं। लेकिन यह साफ है कि रूस की सरकार बच्चों के जन्म को अपनी सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में से एक मान रही है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कई बार ये कह चुके हैं कि बड़ी आबादी से देश को बड़ी सेना बनाने में मदद मिलती है। इससे देश ताकतवर बनता है। कुछ एक्सपर्ट्स इसे रूस और यूक्रेन के जंग से भी जोड़कर देख रहे हैं।

इस युद्ध में अब तक करीब 2.5 लाख रूसी सैनिक मारे जा चुके हैं। इसके अलावा युद्ध की वजह से रूस के सैकड़ों हजार पढ़े-लिखे लोग देश छोड़कर भाग गए हैं। इनमें ज्यादातर युवा पुरुष हैं जो भविष्य में रूस में रहकर बच्चे पैदा कर सकते थे।

रूस की संसद ने 2024 में एक ऐसा कानून पास किया है जिसका मकसद लोगों में बच्चे न पैदा करने की सोच को बढ़ावा देने से रोकना है। इस कानून के तहत अब कोई भी व्यक्ति, संगठन या विज्ञापन ऐसा मैसेज नहीं दे सकता जो लोगों को शादी और बच्चे पैदा करने के बजाय सिंगल रहकर या सिर्फ करियर बनाने के लिए प्रेरित करे।

# तुर्किये में विपक्ष खत्म करने की कोशिश जारी

## तीन विरोधी मेयर्स गिरफ्तार

अंकारा, 5 जुलाई (एजेंसियां)। तुर्किये में विपक्ष का दमन जारी है। इसी के तहत शनिवार को तुर्किये के दक्षिणी शहरों के तीन मेयर्स को गिरफ्तार किया गया। सरकार द्वारा गिरफ्तार किए गए विपक्षी नेताओं की सूची में तीन और नए नाम जुड़ गए हैं। इससे पहले मार्च में तुर्किये के प्रमुख शहर इस्तांबुल के मेयर को भी गिरफ्तार कर लिया गया था।

**रिश्वतखोरी के मामले में हुई कार्रवाई**

शनिवार को गिरफ्तार नेताओं में अदियामान शहर के मेयर अब्दुल रहमान तुतडेरे, अदाना नगर पालिका के प्रमुख जेदान कारालार को शनिवार सुबह हिरासत में लिया गया। दोनों नेता तुर्किये की मुख्य विपक्षी पार्टी रिपब्लिकन पीपल्स पार्टी या सीएचपी के सदस्य हैं। सीएचपी से ही जुड़े और अनताल्या शहर के मेयर मुहीत्तिन बोकेक को भी रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। कारालार को इस्तांबुल में पकड़ा गया, वहीं तुतडेरे को राजधानी अंकारा से गिरफ्तार किया गया। तुतडेरे ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि उन्हें इंस्तांबुल ले जाया जा रहा है।

पुलिस ने बताया कि संगठित अपराध, रिश्वत जैसे मामलों में कारालार और तुतडेरे समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके खिलाफ क्या आरोप लगे हैं, उनकी जानकारी अभी सामने नहीं आई हैं, लेकिन विपक्षी पार्टियों से जुड़े नेताओं के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है।

इस्तांबुल मेयर एकरेम इमामोग्लू, जिन्हें राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोआन का प्रमुख प्रतिद्वंदी माना जाता है, उन्हें भ्रष्टाचार के आरोप में चार महीने पहले गिरफ्तार किया गया था। इसी तरह इजमिर शहर के मेयर और 137 नगर पालिकाओं के प्रमुखों को भी हिरासत में रखा गया है। इन सभी को धोखाधड़ी के कथित मामले में गिरफ्तार किया गया है।

इससे पहले भी कई विपक्षी नेता जेल में हैं और कई महीने बीत जाने के बाद भी उनके खिलाफ मुकदमे की कार्यवाही शुरू नहीं हो सकी है। तुर्किये के मानवगात शहर के मेयर को भी शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया था। इमामोग्लू की गिरफ्तारी के बाद तुर्किये में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन भी हुए थे। ये विरोध प्रदर्शन बीते एक दशक में सबसे बड़े प्रदर्शन थे। तुर्किये में साल 2028 में आम चुनाव होने हैं। ऐसे में विपक्षी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई को विरोधियों को मिटाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है।

# यूक्रेन का रूस के एयरबेस पर हमले का दावा

## रूस ने दागे तीन सौ से ज्यादा ड्रोन्स

कीव, 5 जुलाई (एजेंसियां)। यूक्रेन ने दावा किया है कि उसने शनिवार को रूसी एयरबेस पर हमला किया। वहीं रूस ने भी रात भर यूक्रेन पर सैकड़ों ड्रोन से बमबारी जारी रखी। रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने की कोशिशें अब कमजोर होती जा रही हैं और दोनों तरफ से हमले भी तेज हो गए हैं। यूक्रेन के सैन्य जनरल स्टाफ ने शनिवार को कहा कि यूक्रेनी बलों ने रूस के वोरोनिश क्षेत्र में बोरिसोग्लब्स्क एयरबेस पर हमला किया। इस एयरबेस पर रूस के सू-34, सू-35एस और सू-30एसएम जैसे लड़ाकू विमान तैनात बताए जाते हैं। फेसबुक पर साझा एक पोस्ट में जनरल स्टाफ ने लिखा कि उनके हमले में ग्लाइड बम डिपो, एक प्रशिक्षण विमान और 'संभवतः अन्य विमानों को निशाना बनाया गया है।

# मेक्सिको में बढ़ते टूरिज्म के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन

## प्रदर्शनकारियों ने तोड़फोड़ और आगजनी की, टूरिस्ट हमारे घर चुराना बंद करो जैसे नारे लगाए



मेक्सिको, 5 जुलाई (एजेंसियां)। मेक्सिको सिटी के कई शहरों में शुक्रवार को टूरिज्म और जेंट्रीफिकेशन (शहरीकरण) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुआ। कोंडेसा और रोमा जैसे टूरिस्ट एरिया में शांतिपूर्ण तरीके से शुरू हुआ प्रदर्शन बाद में हिंसक हो गया। कुछ नकाबपोश प्रदर्शनकारियों ने कई दुकानों में लूटपाट, तोड़फोड़ और आगजनी की। साथ ही प्रदर्शनकारियों ने 'टूरिस्ट मेक्सिको से बाहर जाओ', 'हमारे घर चुराना बंद करो' जैसे नारे लगाए।

प्रदर्शनकारियों ने शहर में टूरिज्म को कंट्रोल करने और आवास नियमों को सख्त करने की मांग की। बाद में प्रदर्शनकारी अमेरिकी दूतावास के बाहर पहुंचे और शहर की मेट्रो में नारेबाजी की। पुलिस ने दूतावास के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी, और शहर में चेतावनी के लिए सायरन बजाय गए। मेक्सिको में 2020 से अमेरिकी टूरिस्ट काफी बढ़ें हैं, जिनके आने से यहां घरों के किराए में काफी बढ़ गए हैं, जिससे स्थानीय लोग अपने ही इलाकों से बेदखल हो रहे हैं।

स्पेन, इटली, पुर्तगाल और दूसरे यूरोपीय शहरों में भी पर्यटन के खिलाफ प्रदर्शन तेज हो रहे हैं। स्पेन के बार्सिलोना में प्रदर्शनकारियों ने 15 जून को टूरिस्ट्स पर पानी फेंका और पर्यटक घर जाओ जैसे नारे लगाए।

2023 में बार्सिलोना में करीब 1.6 करोड़ पर्यटक आए, जो शहर की आबादी से 10 गुना ज्यादा है। शहर 2028 तक पर्यटक अपार्टमेंट्स पर प्रतिबंध लगाने की योजना बना रहा है।

# मोदी ने कहा-फुटबॉल का दीवाना देश, करप्शन-पॉलिटिक्स में बर्बाद

## 100 साल पहले अमेरिका की बराबरी कर रहा था, फिर कैसे हुआ 7 बार दिवालिया

ब्यूनस आयर्स, 5 जुलाई (एजेंसियां)। दुनिया में सिर्फ चार तरह की इकोनॉमी होती हैं, डेवलप्ड, अंडर डेवलप्ड, जापान और अर्जेंटीना।

70 के दशक में नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री साइमन कुजनेट्स ने यह बात मजाक में कही थी, लेकिन अर्जेंटीना के हालात बयान करने के लिए यह एक मशहूर वन लाइनर बन गया।

जापान 2 परमाणु हमले झेलकर भी दुनिया का टॉप अमीर देश बन गया, जबकि 100 साल पहले अमेरिका के साथ सुपरपावर बनने की रेस में रहा अर्जेंटीना पिछड़ता चला गया।

अर्जेंटीना ने 20वीं सदी में ऐसा पतन झेला, जिसकी इतिहास में दूसरी मिसाल मिलना काफी मुश्किल है। पिछले 100 साल में यह देश 7 बार दिवालिया हो चुका है। यहां 6 तख्तापलट हो चुके हैं।

यह देश नेचुरल रिसोर्सेज से मालामाल होने के साथ दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण भौगोलिक लोकेशन पर मौजूद है। इसके बाद भी अस्थिर आर्थिक नीतियों ने इसे मुश्किलों में फंसाए रखा है। पॉलिटिक्स, करप्शन और फुटबॉल का भी इसमें बड़ा योगदान है।

अर्जेंटीना के विशाल उपजाऊ मैदान को पम्पास कहा जाता है। यह पूरी दुनिया में सबसे उपजाऊ मैदानों में से एक है। प्रथम विश्वयुद्ध में जब यूरोपीय देश जंग में उलझे थे तो वहां खेती और कारोबार ठप हो गया था। यूरोप की इस हालत का अर्जेंटीना ने फायदा उठाया। अर्जेंटीना से गेहूं, मांस, ऊन बड़े पैमाने पर यूरोप भेजे जाने लगे। अर्जेंटीना को 'दुनिया की ग्रेनरी' यानी 'अन्न भंडार' कहा जाने लगा। अर्जेंटीना में जब पैसे आए तो वहां यूरोप की कंपनियां पहुंचीं। उन्होंने रेल लाइनें, सड़कें और बंदरगाह बनाने में काफी निवेश किया।

ब्यूनस आयर्स, रोसारियो और कोरडोबा जैसे शहर यूरोपीय शहरों को टक्कर देने लगे। इस दौरान यूरोप से लाखों प्रवासी अर्जेंटीना आए। अर्जेंटीना की तरक्की देख कई एक्सपर्ट्स दावे करने लगे कि यह देश अमेरिका के साथ अगला सुपरपावर बनेगा।

एंगस मैडिसन जैसे इतिहासकारों की रिसर्च के मुताबिक 1925 में अर्जेंटीना की जीडीपी कनाडा, ब्रिटेन, स्पेन, इटली जैसे यूरोपीय देशों के लगभग बराबर हो चुकी थी।



# ‘मेरी दिवंगत मां पर आरोप लगाए’ गहलोत के बयान पर भड़के शेखावत

## केस वापस लेने पर दिया ये जवाब



जोधपुर, 5 जुलाई (एजेंसियां)। केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने संजीवनी घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान पर प्रतिक्रिया दी है। जोधपुर दौरे के दौरान शेखावत ने कहा कि गहलोत ने उनकी स्वर्गीय मां पर गंभीर और झूठे आरोप लगाए, जो माफी लायक नहीं हैं। शेखावत ने डिफेमेशन केस वापस लेने की गहलोत की मंशा को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि इस मामले में कोई समझौता नहीं होगा।

शेखावत ने जोधपुर के सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत में कहा कि गहलोत ने उनकी दिवंगत मां के खिलाफ सर्किट हाउस के बाहर अमर्यादित टिप्पणी की थी, जिसे वे जीवन भर नहीं भूल सकते। उन्होंने गहलोत के उस बयान पर आपत्ति जताई जिसमें उन्होंने मीडिया के जरिए क्षमा मांगने की बात कही।

शेखावत ने इसे ओछी राजनीति करार देते हुए कहा कि गहलोत को सामने आकर बात करनी चाहिए थी, न कि मीडिया के माध्यम से संदेश देने की कोशिश। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या मेरी मां अब वापस आएंगी और उनके आरोपों पर सफाई देंगी?

मंत्री शेखावत ने गहलोत पर आपातकाल को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गहलोत अब आपातकाल की आलोचना कर रहे हैं, लेकिन उनकी सरकार ने ही उस दौरान संवैधानिक संस्थाओं और मीडिया का गला घोंटा था। शेखावत ने कांग्रेस पर लोकतंत्र को रौंदने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब वही लोग संविधान की रक्षा की बात कर रहे हैं।

**आपातकाल के दौर को किया याद**

उन्होंने कहा कि भारत ने लंबी गुलामी के बाद स्वतंत्रता हासिल की, जिसमें लाखों लोगों ने बलिदान दिया। भारत न केवल विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, बल्कि वैदिक काल से चला आ रहा प्राचीनतम गणतंत्र भी है। उन्होंने आपातकाल के दौरान हुए अत्याचारों का जिक्र करते हुए कहा कि लाखों लोगों ने जबरन नसबंदी, जेल और यातनाएं सहीं।

उन्होंने पूछा कि क्या उस पीड़ा को भुलाया जा सकता है? मौलिक अधिकारों के हनन और संविधान की हत्या को क्या माफ किया जा सकता है? उन्होंने आपातकाल को लोकतंत्र के खिलाफ अपराध बताया, जिसे देश कभी नहीं भूल सकता। शेखावत ने स्पष्ट किया कि गहलोत के बयान और उनके द्वारा लगाए गए आरोपों का जवाब वे हर मंच पर देंगे।

# कांग्रेस का सम्मेलन, गोविंद डोटासरा बोले जनता के बीच कम पहुंचे, इससे नुकसान हुआ



उदयपुर, 5 जुलाई (एजेंसियां)। उदयपुर में कांग्रेस पार्टी का संभाग स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें प्रदेश प्रभारी सुखजिंद्र सिंह रंधावा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। सम्मेलन के दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी की कमजोरी की एक बड़ी वजह जनता से जुड़ाव में कमी और सही प्रत्याशियों का चयन न होना रहा है।

डोटासरा ने साफ कहा- हम जनता के मुद्दों को लेकर सड़क पर नहीं उतरे, इसका हमें नुकसान हुआ। अब जनता और नेता दोनों समझ गए हैं कि गलती कहां हुई। जो कार्यकर्ता मेहनत करेगा, उसे पूरा मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि यह सम्मेलन एक शुरुआत है, आगे जिला और मंडल स्तर पर भी सम्मेलन होंगे, जिससे पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत किया जा सके।

मेवाड़-बागड़ क्षेत्र में कांग्रेस की स्थिति कमजोर होने पर डोटासरा ने कहा, राहुल गांधी ने भी मुझसे पूछा कि यह इलाका कभी कांग्रेस का गढ़ हुआ करता था, फिर अब पार्टी यहां कमजोर क्यों हुई। इसी को लेकर हम जनता के बीच वापस लौट रहे हैं। दक्षिणी राजस्थान में 'बाप पार्टी' के बढ़ते प्रभाव पर भी डोटासरा ने कहा कि जब हम काम नहीं करते, तो कोई भी आ जाएगा। लेकिन, अब हम सक्रिय हो गए हैं, तो वे भाग जाएंगे। हमारा असली मुकाबला भाजपा से है, न कि बाप पार्टी से।

**सरकार पर साधा निशाना**

सम्मेलन में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कांग्रेस की जनकल्याणकारी योजनाएं बंद कर दीं। 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे साहसी प्रयासों को सरकार ने नजरअंदाज किया और सरेंडर कर दिया।

**कार्यकर्ताओं में जोशी भरने का प्रयास**

कांग्रेस का यह सम्मेलन कार्यकर्ताओं में जोश भरने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कार्यकर्ताओं से पार्टी के लिए जमीनी स्तर पर काम करने की अपील की। साथ ही आने वाले समय में संगठन को फिर से मजबूत करने का संकल्प दोहराया।

# गहलोत राज के अंतिम 8 माह के फैसलों की अटकी जांच

## 3 माह में करनी थी, 17 माह में भी नहीं हो सकी पूरी

जयपुर, 5 जुलाई (एजेंसियां)। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के अंतिम साढ़े 8 माह के कामों की जांच के लिए बनी मंत्रिमंडलीय समिति डेढ़ साल बाद भी काम पूरा नहीं कर सकी है। समिति को यह जांच 3 माह में पूरी करनी थी। इतना जरूर है कि डेढ़ वर्ष में कमेटी की करीब 20 बैठकें हो चुकी हैं। इसके बावजूद जांच रिपोर्ट बाहर नहीं आई है। बताया जा रहा है कि अभी कमेटी की और बैठकें भी होंगी।

भाजपा सरकार के सत्ता आने के बाद 1 फरवरी 2024 को चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के नेतृत्व में यह कमेटी बनी थी। कमेटी को पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार के साढ़े 8 माह के निर्णयों की जांच सौंपी गई थी। इसके अलावा गत 5 साल में नोन-बीएसआर (बेसिक शेड्यूल ऑफ रेट्स) के कराए गए कार्यों की भी जांच करनी थी। मंत्रिमंडल सचिवालय की ओर से जारी आदेश में जांच रिपोर्ट कमेटी को 3 माह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को सौंपने को कहा गया था।

**पहली केबिनेट में ही मंत्री ने उठा दी थी जांच की मांग**

भाजपा सरकार बनने के बाद मंत्री और भाजपा नेता लगातार पिछली सरकार के कामकाज की जांच की मांग कर रहे थे। पहली केबिनेट बैठक में ही मंत्री किरोडी लाल मीना ने जांच कराने की मांग रख दी थी। इसी आधार पर मंत्रिमंडलीय कमेटी गठित की गई थी। इसमें मंत्री खींवसर के अलावा जोगाराम पटेल, सुमित गोदारा और मंजू बाघमार को शामिल किया गया था।

**मंत्रिमंडल एवं विभागीय फैसलों की होनी है जांच**

मंत्रिमंडलीय कमेटी को 1 अप्रेल 2023 से 14 दिसंबर 2023 तक के मंत्रिमंडल एवं विभागीय फैसलों की जांच करनी थी। इसके अलावा कांग्रेस सरकार में पांच वर्ष में बिना बीएसआर दर के हुए कामों की भी जांच करनी थी। इसको लेकर कमेटी संबंधित विभागों से रिकॉर्ड जुटाया और अधिकारियों के साथ बैठकें की। बड़ी संख्या में इनमें जमीन आवंटन के भी मामले शामिल किए गए थे। लेकिन कमेटी की जांच रिपोर्ट नहीं आई है।

पिछली सरकार के आखिरी छह माह के कार्यकाल में हुए मंत्रिमंडल के जमीन आवंटन सम्बन्धी निर्णयों की समीक्षा कर ली है। इसके करीब 15-20 बैठक की गईं। अब कुछ और बिन्दुओं पर चर्चा कर इस कार्य को अंतिम रूप दिया जाएगा।

# बीजेपी नेता और साथी को गोली मारी

## दो गाड़ियों में आए थे हमलावर

अलवर, 5 जुलाई (एजेंसियां)। बहरोड़ जिले में स्थित नीमराणा कस्बे में देर रात बड़ी घटना सामने आई है। अज्ञात हमलावरों ने बीजेपी नेता और उनके साथी को गोली मार दी। दोनों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस अधिकारी देर रात मौके पर पहुंचे और कार्रवाई की है। घायल लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। फिलहाल दोनों घायलों का नीमराणा में इलाज जारी है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पुलिस ने बताया कि बीजेपी किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष नरदेव और उनके साथी पर देर रात हमला किया गया है। नरदेव को दो गोली लगने की सूचना है। उनके साथी को भी चोट लगी है। नरदेव बिचपुरी गांव में पीजी चलाते हैं। कल रात वे अपने साथी अक्षय के साथ पीजी सेंटर के बाहर ही खड़े थे। इस दौरान दो गाड़ियों में हमलावर आए और बिना कोई बातचीत किए ही फायरिंग कर दी।

मौके पर खड़ी एक कार में भी तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने बताया कि नरदेव के सिर और हाथ पर गंभीर चोट लगी है। गनीमत रही कि एक भी गोली निशाने पर नहीं लगी। अक्षय भी चोटिल है।

देर रात ही दोनों को नजदीक के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। फिलहाल दोनों के बयान दर्ज किए जाने हैं। दोनों का कहना है कि वे हमलावरों को नहीं जानते हैं।

आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज और अन्य माध्यमों से जांच पड़ताल की जा रही है।

# राम सेतु ब्रिज की गुणवत्ता पर उठे सवाल

## मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने दी कार्रवाई की चेतावनी



अजमेर, 5 जुलाई (एजेंसियां)। अजमेर में राम सेतु ब्रिज के निर्माण में गुणवत्ता को लेकर विवाद गहरा गया है। शहरी विकास एवं आवासन (UDH) मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने ब्रिज के निरीक्षण के दौरान एक बड़े गड्ढे का जायजा लिया। मंत्री ने स्वीकार किया कि ब्रिज के निर्माण में इस्तेमाल की गई सामग्री निम्न गुणवत्ता की थी, जिसके कारण यह गड्ढा बना।

इसे घोर लापरवाही करार देते हुए उन्होंने इसकी गहन जांच के लिए एक कमेटी गठित करने की घोषणा की। कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान विधायक अनीता भदेल, भाजपा शहर अध्यक्ष रमेश सोनी, डिप्टी मेयर नीरज जैन और कई अधिकारी मौजूद रहे।

मंत्री खर्रा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि ब्रिज के निर्माण में गुणवत्ता की कमी के कारण सड़क पर दरारें पड़ गईं और मिट्टी धंस गई। उन्होंने पिछली कांग्रेस सरकार पर जल्दबाजी में बिना सुरक्षा ऑडिट के ब्रिज का लोकार्पण करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि जिला कलेक्टर से चर्चा के बाद अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में तकनीकी अधिकारियों की एक जांच कमेटी बनाई गई है, जो तीन दिन में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। इसके अलावा, राजस्थान राज्य सड़क विकास निगम के अधिकारियों को भी निर्माण में खामियों की जांच के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम आयुक्त को प्रोजेक्ट प्रस्ताव से लेकर ब्रिज निर्माण पूरा होने तक की समीक्षा करने को कहा गया है। यदि जांच में और खामियां सामने आती हैं, तो तीसरे पक्ष से पूरे मामले की जांच कराई जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

मंत्री खर्रा ने इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा पर भी निशाना साधा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि डोटासरा को अपनी डेढ़ साल पुरानी कांग्रेस सरकार की याद आ रही है। उन्होंने कहा kf मैं इस पर ज्यादा नहीं बोलूंगा, लेकिन व्यक्ति को रात में सपने डराते हैं, जो दिन में अभिव्यक्ति के रूप में सामने आते हैं।

# नेता प्रतिपक्ष ने मंत्री के बेटे पर लगाए गंभीर आरोप

## मुख्यमंत्री से जांच की मांग



जयपुर, 5 जुलाई (एजेंसियां)। राजस्थान में आदिवासी क्षेत्र से जुड़ी राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। नेता प्रतिपक्ष टीका राम जूली ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक बड़ा बयान देते हुए टीएडी (जनजाति क्षेत्रीय विकास) विभाग के मंत्री बाबूलाल खराड़ी के बेटे पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

जूली ने आरोप लगाया कि मंत्री के पुत्र द्वारा 52 बीघा जमीन की खरीद को लेकर स्थानीय आदिवासियों ने जो सवाल उठाए हैं, वे बेहद गंभीर और चिंताजनक हैं।

उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि जिन पर आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा और कल्याण की जिम्मेदारी है, वे ही अपने हित साधने में जुटे हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से इस पूरे मामले की तत्काल उच्चस्तरीय जांच के आदेश देने की मांग की है।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर इन रजिस्ट्रियों को राजनीतिक और प्रशासनिक दबाव डालकर करवाया गया है तो सरकार को इन्हें तुरंत रद्द करवाना चाहिए।

# देवनानी की इन्फ्लूएंसर मीट पर धर्मेंद्र राठौड़ का तीखा पत्र

## अभिव्यक्ति की आजादी पर उठाए सवाल



जयपुर, 5 जुलाई (एजेंसियां)। आरटीडीसी के पूर्व चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ ने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को उनके सोशल मीडिया दिवस पर आयोजित किए गए कार्यक्रम को लेकर पत्र लिखा है। राठौड़ ने देवनानी पर तंज कसते हुए लिखा कि एक तरफ आप सोशल मीडिया दिवस मनाने के नाम पर इन्फ्लूएंसर मीट आयोजित कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ विधानसभा में कैमरे और अन्य उपकरणों पर प्रतिबंध लगाकर इन्फ्लुएंसर्स की अभिव्यक्ति पर रोक लगाई है।

राठौड़ ने लिखा कि यह जानकर अच्छा लगा कि विश्व सोशल मीडिया दिवस के अवसर पर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के साथ हुई हमारी सकारात्मक और रचनात्मक मीटिंग के बाद आपने भी इन्फ्लूएंसर मीट का आयोजन किया लेकिन खेद की बात यह है कि आपने इस संवाद को भी भारतीय जनता पार्टी की संकीर्ण सोच और नियंत्रक प्रवृत्ति के अनुरूप सीमित कर दिया, जिसमें कैमरे और अन्य उपकरणों पर प्रतिबंध लगाकर इन्फ्लुएंसर्स की अभिव्यक्ति के सबसे प्रभावी माध्यम पर ही रोक लगा दी गई।

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर वे स्वत्रंत स्वर हैं, जो बिना किसी संस्था, संपादकीय नियंत्रण या राजनीतिक दबाव के समाज की नब्ज पर संवाद करते हैं। यही स्वतंत्रता और निर्भीकता लोकतंत्र की असली पहचान है। जब आप इन्फ्लुएंसर्स की इस स्वतंत्र अभिव्यक्ति को बाधित करते हैं तो यह केवल अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला नहीं होता, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा पर भी प्रहार होता है।

आप कहते हैं कि संविधान खतरे में नहीं है, संविधान से कोई छेड़छाड़ नहीं हो रही तो फिर आज सफाई देने की जरूरत क्यों पड़ रही है? हाल ही में भारतीय जनता पार्टी के विधायक कंवरलाल मीणा के प्रकरण में आपका आचरण पूरे देश ने देखा। संविधान की अवहेलना और लोकतांत्रिक मर्यादाओं को कुचलने की आपकी कोशिश स्पष्ट थी लेकिन अंततः माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बाद आपको मीणा की सदस्यता रद्द करनी पड़ी। यह घटना दर्शाती है कि संविधान की रक्षा के नाम पर केवल शब्दों से नहीं, बल्कि आचरण से सच्चाई सामने आती है।

भाजपा पहले ही मुख्यधारा मीडिया पर प्रभाव और नियंत्रण करने का प्रयास करती रही है और अब सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की आवाज को भी सीमित करने का प्रयास कर रही है। यह लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध स्वतंत्र अभिव्यक्ति की भावना का अपमान है।

# मनसा माता की पहाड़ियों में ब्रेक फेल हुए

## बिजली के पोल से टकराई बस में लगी आग, एक की मौत; 21 घायल

झुंझुनू, 5 जुलाई (एजेंसियां)। उदयपुरवाटी कस्बे के प्रसिद्ध मनसा माता मंदिर से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी एक बस पहाड़ियों में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस के ब्रेक फेल होने के कारण वह अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से जा टकराई, जिससे बड़ा हादसा हो गया। टक्कर के बाद बिजली के तार बस पर गिर गए, जिससे बस में आग लग गई। हादसे में एक श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि 21 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही बस पहाड़ी से नीचे उतर रही थी, उसके ब्रेक फेल हो गए और फिर वह तेज गति से बिजली के खंभे से टकरा गई। इससे बस में चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीणों ने राहत कार्य शुरू कर पुलिस और प्रशासन को सूचना दी। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने खिड़कियों के कांच तोड़कर श्रद्धालुओं को बाहर निकाला और निजी वाहनों व 108 एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। घायलों को पहले उदयपुरवाटी अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल पांच श्रद्धालुओं को सीकर रेफर किया गया। शेष 17 घायलों को भी प्राथमिक उपचार के बाद झुंझुनू और नीमकाथाना अस्पताल भेजा गया। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन अलर्ट हो गया। झुंझुनू के सीएमएचओ छोटेलाल गुर्जर व पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। नवलगढ़ डिप्टी सहित स्थानीय अधिकारी घायलों की स्थिति की निगरानी में जुटे हुए हैं। पुलिस के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब श्रद्धालु छुछक के कार्यक्रम में भाग लेकर मनसा माता के दर्शन कर वापस लौट रहे थे। पुलिस ने केस दर्ज कर हादसे की जांच शुरू कर दी है।

# दो करोड़ की हेरोइन सहित कार सवार दो आरोपी को दबोचा

हनुमानगढ़, 5 जुलाई (एजेंसियां)। जिला विशेष टीम की सूचना पर संगरिया थाना पुलिस ने चिट्टा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई अंजाम दी। पुलिस ने करीब दो करोड़ रुपए की हेरोइन (चिट्टा ) की खेप के साथ कार सवार दो जनों को गिरफ्तार किया। पिछले एक माह में जिला पुलिस तीन करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत की हेरोइन जब्त कर चुकी है।

जिला पुलिस अधीक्षक हरीशंकर यादव ने बताया कि संगरिया थाना प्रभारी अमर सिंह के नेतृत्व में एसआई प्रमोद कुमार ने मय टीम भारत माला रोड पर नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध वाहनों की जांच की। इस दौरान कार आरजे 31 सीबी 1273 को रुकवा कर चालक व उसके साथी से पूछताछ की।

संदिग्ध लगने पर तलाशी ली तो आरोपियों के कब्जे से 418.45 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। आरोपियों की पहचान समीर खान उर्फ सैम निवासी वार्ड चार तलवाड़ा झील तथा साजिद खान उर्फ सैजू निवासी वार्ड पांच, नई खुंजा जंक्शन के रूप में हुई। उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच रावतसर थाना प्रभारी रामचंद्र कस्वां को सौंपी गई है।

कार्रवाई करने वाली टीम में उनि प्रमोद कुमार, एचसी कालूराम, कांस्टेबल मनोज, राजेन्द्र व संजय थाना संगरिया शामिल रहे।

विशेष भूमिका कांस्टेबल साहबराम व देवकरण डीएसटी की रही। जबकि विशेष सहयोग डीएसटी हनुमानगढ़ व नोहर सेक्टर प्रभारी लालबहादुर चंद्र का रहा।

# महिला का बाथरूम में लटकता मिला शव

## परिजनों ने पति पर लगाए गंभीर आरोप, धरने पर बैठे

बाड़मेर, 5 जुलाई (एजेंसियां)। बाड़मेर जिले में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। महिला का शव घर के बाथरूम में फंदे से लटका हुआ मिला है। सूचना मिलने पर रीको थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। साथ ही, एफएसएल टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए और शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। उधर, पीहर पक्ष ने मृतका के पति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि महिला के पति का किसी महिला से अवैध संबंध है। वह पत्नी के साथ आए दिन मारपीट करता था। मामले में दोषियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजन जिला अस्पताल की मोर्चरी के आगे धरने पर बैठे हुए हैं। उपाधीक्षक रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि कमला (34) का शव घर के बाथरूम में लटका हुआ मिला था। शव को पीएम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में भिजवा दिया गया है। परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# ठेले से कार की टक्कर पर भड़का विवाद

## कार चालक की पीट-पीटकर हत्या, छावनी में तब्दील हुआ कस्बा

भीलवाड़ा, 5 जुलाई (एजेंसियां)। भीलवाड़ा के जहाजपुर कस्बे में कार की ठेले से हल्की टक्कर के बाद भीड़ ने कार सवार युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतक टोंक के छावनी कस्बे का निवासी बताया जा रहा है। घटना के बाद कस्बे में तनाव फैल गया, बाजार बंद हो गए और गुस्साए लोगों ने थाने के बाहर देर रात तक धरना प्रदर्शन किया। हालात काबू में रखने के लिए इलाके में 10 थानों की पुलिस तैनात की गई है।

पुलिस के मुताबिक टोंक के छावनी निवासी 25 वर्षीय सीताराम कीर अपने तीन दोस्तों सिकंदर, दिलखुश और दीपक के साथ जहाजपुर में एक रिश्तेदार से मिलने आए थे। शाम करीब 7:30 बजे बस स्टैंड के पास उनकी कार एक सब्जी के ठेले से टकरा गई, जिससे ठेला पलट गया और इसे लेकर ठेले के मालिक शरीफ मोहम्मद के साथ उनका विवाद हुआ, जो जल्द ही हिंसक झगड़े में बदल गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद के दौरान मौके पर एक पक्ष के करीब 20 लोग इकट्ठा हो गए और उन्होंने कार चालक सीताराम को खींचकर बाहर निकाला और सड़क पर बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। ज्यादा चोट लगने के कारण सीताराम की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या की खबर फैलते ही कस्बे में आक्रोश फैल गया। बाजार बंद कर दिए गए और बड़ी संख्या में लोग थाने के बाहर एकत्र होकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। धरना देर रात तक चलता रहा। विधायक गोपीचंद मीणा भी मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग करते हुए धरने में शामिल हो गए।

# महिलाओं का विकास समाज का विकास है : सीतक्का



हैदराबाद, 5 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। मंत्री सीतक्का ने आज कहा कि कांग्रेस सरकार सत्ता में आने के 24 घंटे के भीतर महिलाओं के लिए मुफ्त बस योजना लेकर आई है। उन्होंने यह भी कहा कि यह सिर्फ मुफ्त यात्रा नहीं है, बल्कि सरकार ने महिलाओं को बसों का मालिक भी बनाया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का विकास समाज का विकास है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार महिलाओं से प्रेरणा लेकर काम कर रही है। उन्होंने आलोचना की कि पहले ब्याज मुक्त ऋण नहीं दिए जाते थे। उन्होंने कहा कि आरटीसी बसों में यात्रा करने वाली महिलाओं के अनुभवों को बताने वाली एक पुस्तक का विमोचन सुखद है और उन्होंने कहा कि मंडल समाख्या में महिलाओं की इच्छाएं पूरी हो रही हैं। उन्होंने कहा कि महिला समूहों के माध्यम से महिलाएं आर्थिक रूप से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के गठन के बाद से महिला समूहों को 25,000 करोड़ रुपये का ऋण मिला है। उन्होंने यह भी कहा कि चूंकि लिए गए ऋणों का नियमित रूप से भुगतान किया जा रहा है, इसलिए बैंक बिना किसी समस्या के ऋण दे रहे हैं।

## सीतक्का ने केटीआर की टिप्पणियों का मजाक उड़ाया

हैदराबाद, 5 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। मंत्री सीतक्का ने आज मजाक उड़ाया कि बीआरएस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष केटीआर मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी द्वारा दी गई चुनौती को समझ नहीं पाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सीएम रेवंत रेड्डी ने पूर्व सीएम केसीआर को राज्य विधानसभा में चर्चा के लिए आने की चुनौती दी है, न कि केटीआर को। उन्होंने कहा कि सीएम चाहते थे कि केसीआर (जिन्हें राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता का दर्जा प्राप्त है) चर्चा के लिए आएं। उन्होंने कहा कि बीआरएस पार्टी खत्म हो चुकी है। उन्होंने मजाक उड़ाया कि केटीआर की बहन के. कविता ने भी केटीआर के नेतृत्व को स्वीकार नहीं किया है और कहा कि कविता ने एक साक्षात्कार में यह बात स्पष्ट कर दी है, जबकि उन्होंने कहा कि केटीआर उनकी पार्टी के नेता नहीं हैं।

## हर राजस्व गांव में होगा जीपीओ : पोंगुलेटी

हैदराबाद, 5 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने आज स्पष्ट किया कि राज्य में हर राजस्व गांव में जीपीओ (ग्राम परिपालन अधिकारी) होगा। उन्होंने कहा कि राजस्व व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जीपीओ की भर्ती की जा रही है। उन्होंने राजस्व विभाग के कर्मचारियों के साथ बैठक के दौरान यह टिप्पणी की। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि वे पूर्व वीआरओ और वीआरए को जीपीओ के रूप में अवसर दे रहे हैं और उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आयोजित विशेष परीक्षा में 3454 कर्मचारियों ने जीपीओ बनने के लिए अर्हता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग के कर्मचारी संघों के अनुरोध के बाद उन्होंने फिर से परीक्षा आयोजित करने का फैसला किया है और उन्होंने कहा कि वे बहुत जल्द परीक्षाओं के आयोजन का विवरण प्रकट करेंगे।

# भारत ने इंग्लैंड को 608 रन का टारगेट दिया

## दूसरी पारी 427 रन पर घोषित




बर्मिंघम, 5 जुलाई (एजेंसियां)। भारत ने बर्मिंघम टेस्ट में इंग्लैंड को 608 रन का टारगेट दिया है। भारतीय टीम ने अपनी दूसरी पारी 427 रन पर डिक्लेयर की। जवाब में इंग्लैंड ने 11 रन पर पहला विकेट गंवा दिया है। जैक क्रॉली (शून्य) आउट हो चुके हैं।

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने 161 रन बनाए। वे एक मैच में 400 या इससे ज्यादा रन बनाने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बने हैं। उन्होंने पहली पारी में 269 बनाए थे। रवींद्र जडेजा 69 रन बनाकर नाबाद लौटे।

मैच के चौथे दिन टीम इंडिया ने शनिवार सुबह 64/1 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। केएल राहुल (55 रन) और यशस्वी जायसवाल (28 रन) को जोश टंग ने आउट किया। करुण नायर (26 रन) को ब्रायडन कार्स और ऋषभ पंत (65 रन) को शोएब बशीर ने पवेलियन भेजा। मैच की पहली पारी में भारत 587 और इंग्लैंड 407 रन पर ऑलआउट हुआ। भारत को पहली पारी में 180 रन की बढ़त मिली थी।

गिल की पारी से जुड़े रिकॉर्ड और फैक्ट :

> भारतीय टीम ने इस मैच में 1,014 रन बनाए हैं। उसने पहली पारी में 587, दूसरी पारी में 427 रन बनाए। टेस्ट क्रिकेट में भारत ने पहली बार एक मैच में 1000 से ज्यादा रन बनाए हैं।

> गिल एक टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान बन गए हैं। उन्होंने विराट कोहली के 293 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। जो कोहली ने 2017 में दिल्ली टेस्ट में श्रीलंका के खिलाफ बनाया था। कोहली ने तब पहली पारी में 243 और दूसरी पारी में 50 रन बनाए थे।

> शुभमन गिल ने इस मैच में 430 रन बनाए हैं। वे एक मैच में 400 से ज्यादा रन बनाने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बने हैं। उन्होंने सुनील गावस्कर के 344 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। जो उन्होंने 54 साल पहले 1971 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ पोर्ट ऑफ स्पेन में बनाए थे।

> गिल एक टेस्ट में शतक और दोहरा शतक बनाने वाले भारत के दूसरे बल्लेबाज बने हैं। उनसे पहले सुनील गावस्कर ने 1971 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ पोर्ट ऑफ स्पेन में यह कारनामा किया था।

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, करुण नायर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, आकाशदीप, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा।

**सूचना मिलने तक खेल जारी...**

## किशन रेड्डी जीएचएमसी अधिकारियों पर भड़के

हैदराबाद, 5 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी आज जुबली हिल्स विधानसभा क्षेत्र के कृष्णानगर कॉलोनी में जीएचएमसी अधिकारियों द्वारा अपने कर्तव्यों का निर्वहन न करने पर भड़के। उन्होंने जीएचएमसी आयुक्त आरवी कर्णन से सामुदायिक भवन के सामने नाली के पानी की समस्या को तुरंत हल करने के लिए कदम उठाने को कहा। रेड्डी ने इलाके का दौरा किया और स्थानीय निवासियों से बातचीत की। निवासियों ने मंत्री से शिकायत की कि पिछले कुछ दिनों से नाली का पानी सड़क पर बह रहा है और आरोप लगाया कि जीएचएमसी के किसी भी अधिकारी और उसके कर्मचारियों ने समस्या को हल करने की परवाह नहीं की। केंद्रीय मंत्री ने तुरंत जीएचएमसी आयुक्त को फोन किया और पूछा कि अगर उनके घर के सामने भी यही समस्या आती तो क्या वे कोई कदम नहीं उठाते। आयुक्त ने मंत्री को आश्वासन दिया कि वे समस्या को तुरंत हल करने के लिए कदम उठाएंगे।

## मावला में पानी के कुंड में फिसलने से भाई-बहन डूब गए



आदिलाबाद, 5 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। मावला मंडल केंद्र के ग्रीन सिटी में शनिवार को दो भाई-बहन दुर्घटनावश पानी के कुंड में डूब गए। पुलिस ने बताया कि मावला के स्वामी के बच्चे लंका विधाता (9) और उनकी बहन विनुथना (11) की मौत तालाब के किनारे बाइक से फिसलकर गिरने से हो गई। घटना के समय बच्चे मौज-मस्ती के लिए बाइक चला रहे थे। राहगीरों ने शवों को देखा तो पुलिस को सूचना दी, पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पानी से बाहर निकाला। शवों को राजीव गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आरआईएमएस), आदिलाबाद ले जाया गया है।

## चाकू से हमला करने वाले व्यक्ति की मौत

जगतियाल, 5 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। कुछ दिन पहले कोरुट्ला में चाकू घोंपने की घटना में घायल हुए एरयाला सत्यनारायण (49) की शुक्रवार रात अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। कोरूट्ला कस्बे के रविन्द्र रोड निवासी सत्यनारायण पर उसी इलाके के निवासी गंगा नरसैया ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिवार के सदस्यों ने उसे करीमनगर कस्बे के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिवार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गूगल मैप्स के भरोसे नदी में गिरी कार, 5 घायल

जनगांव, 5 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। महाराष्ट्र के नागपुर के पांच युवक उस समय मामूली रूप से घायल हो गए, जब उनकी कार शनिवार तड़के गूगल मैप पर दिशा-निर्देशों का पालन करते समय एक नदी में गिर गई। यह दुर्घटना जनगांव जिले के वडलकोंडा चौराहे के पास हुई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए जनगांव क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया। सूत्रों ने बताया कि तिरुपति जा रहा यह समूह गूगल मैप्स द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चल रहा था और गनुगुपहाड़ नदी पर निर्माणाधीन पुल को देखने में विफल रहा। कार नदी में गिर गई क्योंकि कथित तौर पर उस स्थान पर कोई चेतावनी संकेत या बैरिकेड नहीं थे।

स्थानीय लोगों ने बताया कि जनगांव-हुस्नाबाद रोड पर पुल का निर्माण कई सालों से चल रहा था और इसी स्थान पर पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। पुलिस ने हाल ही में ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सड़क के किनारे मिट्टी भर दी थी, लेकिन शनिवार की घटना ने खतरे को और बढ़ा दिया है।

## शराब के नशे में उपद्रव करने पर महिला ने पति की कर दी हत्या

हैदराबाद, 5 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। निज़ामपेट में एक महिला ने कथित तौर पर अपने पति की हत्या कर दी और इसे प्राकृतिक कारणों से हुई मौत बताकर छिपाने की कोशिश की। पिछले महीने हुई यह घटना शनिवार को ही प्रकाश में आई। पीड़ित अंजी नारायणपेट की रहने वाली थी और उसने 2014 में राधा से शादी की थी और उसके दो बच्चे हैं। पुलिस के मुताबिक अंजी अक्सर नशे में घर आता था और अक्सर उत्पात मचाता था। इसी वजह से राधा तंग आ गई और उसने अपने पति की हत्या की योजना बनाई।

पुलिस ने बताया कि 22 जून को जब अंजी नशे की हालत में घर आया तो राधा ने उसका गला घोंटकर हत्या कर दी। बाद में उसने अपने रिश्तेदारों को बताया कि अंजी को दिल का दौरा पड़ा और उसकी मौत हो गई। शव को अंजी के पैतृक स्थान पर ले जाया गया और अंतिम संस्कार की तैयारियों के दौरान मृतक के रिश्तेदारों ने शव पर चोट के निशान देखे और स्थानीय पुलिस को सूचित किया।

# महिला शक्ति भवन के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए : वेंकटेश धोत्रे



कुमरमभीम आसिफाबाद, 5 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने कहा कि जिले में चल रहे महिला शक्ति भवन के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए। शनिवार को उन्होंने पंचायत राज ई. अजमीरा कृष्णा के साथ जिला केंद्र में बन रहे जिला महिला शक्ति भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि सरकार महिलाओं के आर्थिक विकास को विशेष प्राथमिकता दे रही है और अधिकारी 5 करोड़ रुपये के विशेष कोष से चल रहे कार्यों की युद्ध स्तर पर निगरानी करें। उन्होंने अक्टूबर के अंतिम सप्ताह तक काम पूरा करके सरकार को सौंपने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग अधिकारी आज ही काम की गुणवत्ता की निगरानी करें। बाद में उन्होंने जिला केंद्र के जनकपुर में आर.आर. कॉलोनी में बन रहे इंदिराम्मा हाउस के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गरीबों को आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई इंदिराम्मा आवास योजना के तहत प्रत्येक पात्र लाभार्थी को इंदिराम्मा आवास उपलब्ध कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जिले में किए जा रहे इंदिराम्मा आवासों के कार्य में तेजी लाई जाए तथा पोर्टल पर बेसमेंट तक पूर्ण हो चुके आवासों का विवरण दर्ज कर प्रत्येक सोमवार को इंदिराम्मा लाभार्थियों के खातों में धनराशि जमा कराई जाए। उन्होंने कहा कि लेंटिल लेवल, स्लैब लेवल तथा स्लैब का कार्य पूर्ण कर चुके लाभार्थियों को किश्तों में नकद धनराशि जमा कराई जाएगी तथा लाभार्थी अपने आवासों के निर्माण कार्य में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि इंदिराम्मा आवासों के निर्माण के लिए सरकार निःशुल्क रेत उपलब्ध कराएगी तथा लाभार्थी अवसर का लाभ उठाएं तथा इंजीनियरिंग अधिकारी प्रत्येक लाभार्थी में जागरूकता पैदा करें। इस कार्यक्रम में आसिफाबाद नगर आयुक्त गजानंद, अधिकारीगण तथा लाभार्थी शामिल हुए।

## केंद्रीय विद्यालय स्थापना के लिए स्थल का निरीक्षण किया



मदनूर, 5 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्र व तेलंगाना सरकार के आदेशानुसार शनिवार को अधिकारियों ने मदनूर मंडल केंद्र में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए भवन निर्माण हेतु स्थल का निरीक्षण किया। बांसवाड़ा उपजिलाधिकारी किरणमई, केंद्रीय विद्यालय राज्य आयुक्त मंजूनाथ ने जिला व मंडल स्तर के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मदनूर में पुराना विश्राम गृह की सरकारी जमीन का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि स्कूल शुरू करने के लिए अस्थाई भवन के साथ ही स्थाई भवन के निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजे जा रहे हैं। उनके साथ तहसीलदार मुजीब, डीईओ राजू व मंडल राजस्व शिक्षा विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे।

## केटीआर ने राहुल गांधी की चुप्पी पर सवाल उठाए

हैदराबाद, 5 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की सरकार पर सवाल उठाने वालों को 'नंगा करके पीटने' की विवादास्पद टिप्पणी पर कांग्रेस के लोकसभा नेता राहुल गांधी की चुप्पी पर निशाना साधा। उन्होंने रेवंत रेड्डी को 'पेसीएम' कहा जो इंदिरा गांधी के नाम पर जहर उगलते हैं।

इंदिरा गांधी की महानता को समझने के लिए विरोधियों को नंगा करके पीटने संबंधी रेवंत रेड्डी की टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए रामा राव ने कांग्रेस नेतृत्व की चुप्पी पर सवाल उठाया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, क्या यही मोहब्बत की दुकान है जिसका आप प्रचार करते हैं, श्रीमान राहुल गांधी? लोग इस बात को ध्यान से देख रहे हैं कि आपने इस बड़बोले को तब से कैसे बोलने दिया जब से उसने तेलंगाना को एआईसीसी के लिए एटीएम बना दिया था।

## सीवी आनंद ने अलाव-ए-बीबी का दौरा किया



हैदराबाद, 5 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस आयुक्त सी.वी. आनंद ने पुलिस उप-आयुक्त दक्षिण क्षेत्र, सुश्री स्नेहा मेहरा आईपीएस, डीसीपी ट्रैफिक-III- आर.वेंकटेश्वरलू और भाजपा के वरिष्ठ नेता तेलंगाना मीर फिरासत अली बाकरी और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ आलम बीबी को सेहरा और दत्ती भेंट की। श्री आनंद ने मुहर्रम के 10वें दिन कहा कि पवित्र पैगंबर मुहम्मद के पोते हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) और कर्बला की लड़ाई में उनके साथियों के सर्वोच्च बलिदान की याद दिलाता है। यह वार्षिक कार्यक्रम शिया मुसलमानों और व्यापक इस्लामी समुदाय के लिए गहरा भावनात्मक और धार्मिक महत्व रखता है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने गुरु पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया



मदनूर, 5 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। मदनूर मंडल केंद्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में शनिवार के दिन गुरुपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंडल के सभी स्वयंसेवक स्थानिक आर्य समाज मंदिर में एकत्रित हुए। प्रतिनिधियों ने संघ द्वारा चलाए जा रहे सेवा व कार्यक्रमों, व्यक्तित्व, अनुशासन, देश सेवा व अन्य विषयों पर विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम में स्थानिक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता के साथ कामारेड्डी जिला प्रचारक प्रकाश जी व खंड कार्यवाह संजू ने भाग लिया।



**राजस्थान देवलीकलाँ स्थित सतीजी आश्रम कुटिया से मधु साधवीजी के नगरागमन पर उनका स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुए आप और हम के अध्यक्ष धर्मीचन्द कुमावत, जस्साराम कारीवाल, श्रीमती लीलादेवी कुमावत, नेहा रेणवाल, कुलदीप रेणवाल।**

# जिला कलेक्टर ने आवासीय विद्यालयों और कॉलेजों का दौरा किया



हैदराबाद, 5 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार, जिला कलेक्टर नलगोंडा इला त्रिपाठी ने शुक्रवार को जिले के कई कल्याण आवासीय विद्यालयों और कॉलेजों का दौरा किया और आवासीय विद्यालयों और कॉलेजों में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, आदिवासी कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, लड़कों और लड़कियों के आवासीय विद्यालयों और कॉलेजों का दौरा किया और संबंधित स्कूलों और कॉलेजों में मौजूदा बुनियादी सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

इसके अलावा, आवश्यक बुनियादी सुविधाओं का विवरण एकत्र किया गया। इसके तहत, जिला कलेक्टर ने सबसे पहले गुंडलापल्ली (डिंडी) मंडल केंद्र में स्थित तेलंगाना समाज कल्याण बालिका आवासीय विद्यालय का दौरा किया और बुनियादी सुविधाओं का विवरण जाना। उसके बाद, उन्होंने चंदमपेट आदिवासी बालिका मिनी गुरुकुल का दौरा किया और वहां भी विवरण की जानकारी ली। इसके बाद, देवरकोंडा में तेलंगाना ट्राइबल गर्ल्स गुरुकुल प्रतिभा स्कूल/कॉलेज, ट्राइबल बॉयज गुरुकुल स्कूल/कॉलेज, कोंडाभीमनपल्ली में माइनॉरिटी रेजिडेंशियल बॉयज स्कूल/कॉलेज, साथ ही तेलंगाना बीसी रेजिडेंशियल स्कूलों में बुनियादी ढांचे और आवश्यक बुनियादी ढांचे का निरीक्षण किया गया।

इसके बाद, तेलंगाना सोशल वेलफेयर गर्ल्स गुरुकुल स्कूल, तेलंगाना ट्राइबल वेलफेयर रेजिडेंशियल स्कूल और कोंडामल्लेपल्ले में महात्मा ज्योतिबापुले बीसी रेजिडेंशियल स्कूल में बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। इसके बाद, नलगोंडा जिला मुख्यालय में जीवी गुडेम में सोशल वेलफेयर बॉयज एंड गर्ल्स रेजिडेंशियल स्कूल/कॉलेज, बीसी गर्ल्स हॉस्टल और सोशल वेलफेयर गर्ल्स रेजिडेंशियल स्कूल का दौरा किया गया और बुनियादी सुविधाओं के बारे में पूछताछ की गई। इस बीच, संबंधित स्कूलों और कॉलेजों में आवश्यक अतिरिक्त ब्लॉक, शौचालय, बाथरूम, दोहरे डेस्क, कक्षाएं, पीने के पानी की सुविधा, बिस्तर और छात्रों की अन्य जरूरतों के बारे में पूछा गया और विवरण एकत्र किए गए। इस अवसर पर संबंधित महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के प्राचार्यों ने जिला कलेक्टर को बताया कि संबंधित विद्यालयों को पेयजल ओएचएसआर, अतिरिक्त शौचालय ब्लॉक, छात्रावास, परिसर की दीवारें, बाथरूम, सौर बाड़, दोहरे डेस्क, आवासीय ब्लॉक और बिस्तरों की आवश्यकता है। संबंधित विद्यालयों/महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ देवरकोंडा आरडीओ रमना रेड्डी, संबंधित कल्याण आवासीय विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के क्षेत्रीय समन्वयक और अन्य जिला कलेक्टर के साथ उपस्थित थे।

## वड्डेपल्ली के पास देखा गया तेंदुआ

### वन अधिकारियों ने सावधानी बरतने की दी सलाह

सिद्दीपेट, 5 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। रायपोल मंडल के वड्डेपल्ली गांव के बाहरी इलाके में शुक्रवार को एक तेंदुआ देखा गया, जिससे स्थानीय किसानों में दहशत फैल गई। ग्रामीणों के अनुसार, जंगली बिल्ली को कुछ किसानों ने कैमरे में कैद किया और तस्वीरें स्थानीय सोशल मीडिया समूहों में तेजी से फैल गईं, जिससे इलाके में डर और बढ़ गया। माना जा रहा है कि तेंदुआ पिछले कुछ महीनों से रायपोल और उसके आसपास घूम रहा है। वन अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया और जानवर की मौजूदगी की पुष्टि करने के लिए पैरों के निशान एकत्र किए। उन्होंने निवासियों, खासकर किसानों को सतर्क रहने और अकेले खेतों में जाने से बचने की सलाह दी।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# टूट गया विश्व रिकॉर्ड! वैभव सूर्यवंशी ने जड़ दिया सबसे तेज शतक

## ऐतिहासिक पारी से निकला अंग्रेजों का दम

लंदन,

भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम इंग्लैंड दौरे पर है। वहां इंग्लैंड की अंडर-19 के खिलाफ अभी वनडे सीरीज खेल रही है। 5 मैचों की सीरीज का चौथा मुकाबला वॉर्सेस्टर के न्यू रोड मैदान पर खेला जा रहा है। इस मैच में भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। वह अंडर-19 वनडे में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।



### वैभव ने 52 गेंद पर शतक ठोका

क्रिकेट के मैदान में आज एक नया इतिहास रचा गया, जब 14 साल के भारतीय बल्लेबाज सूर्यवंशी ने महज 52 गेंदों में अपना तूफानी शतक जड़कर सबको हैरान कर दिया। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपनी आक्रामक पारी में 10 चौके और सात गगनचुंबी छक्के लगाए।

### पाकिस्तानी बल्लेबाज का रिकॉर्ड तोड़ा

इस शानदार पारी के साथ ही उन्होंने पाकिस्तान के कामरान गुलाम के 53 गेंदों के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया, जो अब तक सबसे तेज शतक का कीर्तिमान था। वैभव ने भारतीय पारी के 19वें ओवर में ही अपना शतक पूरा कर लिया।

इंग्लैंड दौरे पर वैभव सूर्यवंशी के बल्ले से रनों की बरसात हो रही है। उन्होंने पिछले मुकाबले में सिर्फ 20 गेंदों पर ही फिफ्टी पूरी की थी। उन्होंने सिर्फ 31 गेंद पर 86 रन ठोके थे।

### आईपीएल में 35 गेंद पर शतक

आईपीएळ 2025 में वैभव सूर्यवंशी राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा थे। गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में उन्होंने सिर्फ 35 गेंदों पर शतक लगाया था। यह आईपीएल में किसी भारतीय बल्लेबाज का सबसे तेज शतक था।

### 143 रन बनाकर आउट हुए वैभव

वैभव सूर्यवंशी 143 रनों की पारी खेलकर आउट हुए। उन्होंने ये रन सिर्फ 78 रन बनाए। इस पारी में 13 चौके और 10 छक्के मारे।

# आईपीएल 2026 से पहले ही मालामाल हुए संजू सैमसन , बने सबसे महंगे खिलाड़ी

## कोच्चि ब्लू टाइगर्स टीम ने पानी की तरह बहाया पैसा

तिरुवनंतपुरम, 5 जुलाई (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी करने वाले संजू सैमसन पर पैसों की बारिश हुई है. केरल क्रिकेट लीग के दूसरे सीजन में वो सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं. इस दिग्गज को कोच्चि ब्लू टाइगर्स ने 26.60 लाख रुपये में खरीदा है. खास बात ये है कि सैमसन का बेस प्राइस 3 लाख रुपये था. कोच्चि ने उन्हें रिकॉर्ड कीमत देकर अपने साथ जोड़ लिया. इस फ्रेंचाइजी ने 50 लाख के पर्स में से आधे से अधिक रकम तो सैमसन पर ही खर्च कर दी. ये बताता है कि संजू केरल के कितने बड़े खिलाड़ी हैं.



ऑक्शन के दौरान संजू के पीछे एक समय त्रिशूर टाइटन्स टीम भागी थी. उसने 20 लाख रुपए की बोली लगा दी थी, लेकिन फिर कोच्चि ब्लू टाइगर्स ने सभी को चौंकाते हुए बोली को बढ़ा दिया और सैमसन को अपने पाले में लाने में कामयाब रही.

### कोच्चि ने आधे से ज्यादा पैसे तो संजू पर ही लुटा दिए

तिरुवनंतपुरम में हुई नीलामी में सभी टीमों का पर्स कुल 50 लाख रुपए का था. मतलब ये कि एक टीम अधिकतम 50 लाख रुपए ही खर्च कर सकी थी. ऐसे में कोच्चि ने अपना आधे से ज्यादा पैसा तो सैमसन पर ही खर्च कर दिया. ये फैसला फैंस को हैरान कर रहा है, लेकिन जिस तरह से संजू का कद है कोई भी टीम उनके लिए ऐसा करने को तैयार हो जाती. अब देखना होगा कि कोच्चि ब्लू टाइगर्स के लिए सैमसन इस सीजन क्या करते हैं...

### इन खिलाड़ियों पर भी पैसों की बारिश

संजू सैमसन के अलावा केरल के साथी विष्णु विनोद पर भी खूब पैसे बरसे हैं. वो इस सीजन के दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बने. उन्हें एरीज कोल्लम ने 13.8 लाख रुपये में खरीदा है. वहीं जलज सक्सेना को एलेप्पी रिपल्स ने 12.4 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा.

### आखिरी बार आईपीएल 2025 में दिखे थे

संजू सैमसन आखिरी बार आईपीएल 2025 में नजर आए थे. 18वें सीजन में अधिकतर मैच वो चोट के चलते नहीं खेल पाए. उनकी गैरमौजूदगी में ऑलराउंडर रियान पराग ने राजस्थान रॉयल्स की कमान संभाली थी. आईपीएल 2025 के 9 मैचों में उन्होंने 36 की औसत और 140 की स्ट्राइक रेट से 285 रन बनाए थे. अब संजू एक बार फिर चौके-छक्कों की बारिश करते नजर आएंगे.


### कैसा रहा है संजू का टी20 करियर ?

संजू सैमसन टी20 क्रिकेट के तूफानी ओपनर्स में शामिल हैं. अपने पूरे करियर में दाएं हाथ का ये विकेटकीपर बैटर 304 मैचों में 29.68 के औसत से 7629 रन बना चुका है. उनके बल्ले से 6 शतक और 48 फिफ्टी निकली थीं. उनका स्ट्राइक रेट 137.01 का रहा है.

# गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करने की चुनौती

## 'डीएसपी साहब' को है पसंद, महसूस नहीं होने देते बुमराह की कमी

एजबेस्टन, 5 जुलाई (एजेंसियां)। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला बर्मिंघम के एजबेस्टन में खेला जा रहा है। टीम इंडिया ने तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक अपनी दूसरी पारी में एक विकेट गंवाकर 64 रन बना लिए हैं। भारतीय टीम की कुल बढ़त 244 रन की हो चुकी है। पहली पारी में 587 रन बनाने के बाद भारत ने इंग्लैंड की पहली पारी 407 रन पर समेट दी थी। इस तरह टीम इंडिया ने 180 रन की बढ़त हासिल की थी।




| | बुमराह के साथ | बुमराह के बिना |
|---|---|---|
| पारियां | 44 | 26 |
| औसत | 33.82 | 25.21 |

भारतीय टीम के लिए मोहम्मद सिराज ने तेज गेंदबाजी आक्रामण की अगुआई करते हुए छह विकेट झटके। वह मौजूदा तीन पेसरों में सबसे सीनियर हैं और उन्होंने सामने से इंग्लैंड पर प्रहार किया। इसके अलावा इंग्लैंड में अपना पहला मैच खेल रहे आकाश दीप ने चार विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह को इस मैच के लिए आराम दिया गया था और सिराज ने उनकी कमी महसूस नहीं होने दी। आश्चर्य की बात तो यह है कि बुमराह की गैरमौजूदगी में सिराज बल्लेबाजों के लिए और घातक साबित होते हैं। ऐसा हम नहीं कह रहे, बल्कि उनके आंकड़े बता रहे हैं।

### बुमराह की गैरमौजूदगी में सिराज का औसत घातक

सिराज ने टेस्ट में चौथी बार पारी में पांच विकेट लिए। जुलाई 2024 के बाद टेस्ट में उन्होंने पहली बार पांच या इससे ज्यादा विकेट लिए। इस दौरान उन्होंने जैक क्राउली, जो रूट, बेन स्टोक्स, ब्रायडन कार्स, शोएब बशीर और जोश टंग को पवेलियन भेजा। वहीं, आकाश दीप ने बेन डकेट, ओली पोप, हैरी ब्रूक और क्रिस वोक्स को आउट किया। बुमराह की गैरमौजूदगी में सिराज का औसत बेहद घातक रहता है। उन्होंने बुमराह के साथ 23 टेस्ट की 44 पारियों में गेंदबाजी की है और उन मैचों में उनका गेंदबाजी औसत 33.82 का रहा है। बुमराह के बिना खेले 15 मैचों की 26 पारियों में उनका औसत 25.20 का रहा है। गेंदबाजी औसत का मतलब है प्रति विकेट कितने रन खर्च किए गए। वहीं, गेंदबाजी स्ट्राइक रेट का मतलब है प्रति विकेट कितनी गेंद फेंकी।

### शमी और बुमराह के बिना सिराज का औसत

सिराज ने मोहम्मद शमी के साथ नौ टेस्ट खेले हैं। उन मैचों में उनका औसत 34.96 का रहा है। उन्होंने बुमराह और शमी दोनों के साथ छह टेस्ट खेले हैं और उन मैचों में उनका औसत 33.05 का रहा है। वहीं, 12 मैचों में जहां सिराज ने न तो बुमराह और न ही शमी के साथ खेला, उनका औसत 22.27 का रहा है। विदेश में सिराज के आंकड़े देखें तो बुमराह के साथ उन्होंने 32 पारियों में गेंदबाजी की है और इस दौरान उन्होंने 32.4 की औसत से 59 विकेट चटकाए हैं। वहीं, बुमराह के बिना उन्होंने विदेशी पिचों पर 13 पारियों में गेंदबाजी की और 23.3 की औसत से 30 विकेट चटकाए हैं।

# गुकेश ने जाग्रेब सुपर यूनाइटेड रैपिड चेस खिताब जीता

## अमेरिकी प्लेयर वेस्ली सो को 36 चालों में मात दी

ज़ाग्रेब (क्रोएशिया), 5 जुलाई (एजेंसियां)। भारत के युवा ग्रैंडमास्टर और मौजूदा विश्व चैम्पियन डी. गुकेश ने ग्रैंड चेस टूर 2025 के ज़ाग्रेब चरण में रैपिड खिताब अपने नाम किया। समाप्त हुए रैपिड सेक्शन में पोलैंड के जान-क्रिज़्टोफ डूडा दूसरे स्थान पर रहे।गुकेश की शुरुआत पहले राउंड में हार के साथ हुई थी, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए लगातार पांच मुकाबले जीत लिए, जिनमें एक जीत पूर्व विश्व चैम्पियन मैग्नस कार्लसन के खिलाफ भी शामिल रही।



अनीश गिरी और इवान सारिच के साथ ड्रॉ खेला।अंतिम राउंड में उन्होंने अमेरिका के वेसली सो को हराकर रैपिड सेक्शन में कुल 14 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। डूडा 11 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि कार्लसन ने 10 अंक जुटाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।भारत के ही आर. प्रज्ञानानंद ने 9 अंकों के साथ फैबियानो करूआना के साथ संयुक्त चौथा स्थान हासिल किया।अब प्रतियोगिता का ब्लिट्ज सेक्शन खेला जाएगा। रैपिड और ब्लिट्ज दोनों सेक्शनों के संयुक्त अंक के आधार पर समग्र विजेता का फैसला किया जाएगा।यह ग्रैंड चेस टूर 2025 का तीसरा टूर्नामेंट है। इससे पहले पोलैंड और रोमानिया चरण क्रमशः अप्रैल और मई में खेले गए थे। प्रज्ञानानंद ने रोमानिया के बुखारेस्ट में खिताब जीता था और वारसॉ, पोलैंड में तीसरे स्थान पर रहे थे।

# बर्मिंघम में बरसे शशिकला नेगी के मुक्के

## वुशू प्रतियोगिता में कशिश ठाकुर ने जीता रजत

बर्मिंघम, 5 जुलाई (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के किन्नौर की दूनी गांव की एसएसबी में कार्यरत मुक्केबाज शशिकला नेगी ने अमेरिका के बर्मिंघम शहर में अंतरराष्ट्रीय पुलिस खेलों की बॉक्सिंग स्पर्धा में रजत पदक जीता है। एसएसबी सीएपीएफ दिल्ली में कार्यरत शशिकला नेगी का विश्व पुलिस खेलों में बॉक्सिंग स्पर्धा के लिए पैरामिल्ट्री फोर्स की ओर से भारतीय महिला टीम में चयन हुआ है। नेगी ने 75 किग्रा में रजत पदक जीता। नेगी ने राष्ट्रीय स्पर्धाओं के अलावा अब तक चार बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक भी जीते हैं। विश्व चैंपियनशिप में बुल्गारिया और सर्बिया में भाग लिया है। इसके अलावा एआईबीए महिला जूनियर और युवा विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2013 में भाग लिया। गोल्डन ग्लब्स मुक्केबाजी प्रतियोगिता 2014 में स्वर्ण पदक, पहली एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2016 में रजत हासिल कर चुकी हैं।





24वीं जूनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता में प्रदेश के खिलाड़ियों ने जीत के साथ आगाज किया है। दूसरे दिन हिमाचल के आठ खिलाड़ियों जीत दर्ज की है। प्रतियोगिता तेलंगाना के हैदराबाद में चल रही है। प्रदेश वुशू खेल संघ के महासचिव पीएन आजाद ने बताया कि प्रदेश की खिलाड़ी कशिश ठाकुर ने ताईजीशान इवेंट में रजत पदक जीता है। कशिश ठाकुर इससे पहले खेलो इंडिया (महिला) प्रतियोगिता और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अब तक छह रजत मेडल जीत चुकी हैं। लड़कों के वर्ग में अक्षय कुमार ने 65 किलोग्राम में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के खिलाड़ी को हराकर जीत दर्ज की है। इसके 56 किलोग्राम भार में अनिल डोगरा ने तेलंगाना को, 70 किलोग्राम भार में पंकज ठाकुर ने पुडुचेरी के खिलाड़ी और 75 किलोग्राम भार की प्रतियोगिता में आर्यन अगले दौर में पहुंच गए हैं। लड़कियों के वर्ग में 45 किलोग्राम भार में शिवाली, सानिया ठाकुर 48 किलोग्राम भार में अगले दौर में पहुंच गई हैं। भूमिका ने 52 किलोग्राम भार की प्रतियोगिता में तेलंगाना, नीलम देवी ने 56 किलोग्राम भार वर्ग की प्रतियोगिता में पश्चिम बंगाल की खिलाड़ी को पराजित किया। संघ के अध्यक्ष शिवपाल मनहास ने प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने और अन्य खिलाड़ियों की जीत पर बधाई दी है।

# विंबलडन- आंद्रे रूबलेव राउंड ऑफ 16 में पहुंचे

## फ्रिट्ज ने भी थर्ड राउंड का मैच जीता; विमेंस सिंगल्स में मैडिसन कीस बाहर

लंदन, 5 जुलाई (एजेंसियां)। विंबलडन के थर्ड राउंड में आंद्रे रूबलेव ने राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली है। उन्होंने एड्रियन मन्नारिनो को सीधे सेट में हराकर अगले राउंड में जगह बनाई। वहीं विमेंस सिंगल्स छठी सीड मैडिसन कीस को हारकर बाहर होना पड़ा। मेंस सिंगल्स में फ्रिट्ज भी जीते



रूबलेव ने फ्रांस के एड्रियन मन्नारिनो को 7-5, 6-2, 6-3 के अंतर से हराया। मेंस सिंगल्स में रूबलेव के अलावा अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज, इंग्लैंड के कैमरन नोरी, ऑस्ट्रेलिया के लुसियानो डारडेरी, पोलैंड के कामिल माचजैक और चीली के निकोलस जेरी को भी जीत मिली। सभी ने राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली। यह मुकाबले रविवार से खेले जाएंगे। मेंस डबल्स में जीती टॉप सीड जोड़ी

मेंस डबल्स में नंबर-1 सीड मार्सेलो अरेवालो और मैट पैविक की जोड़ी ने अगले राउंड में जगह बना ली। दोनों ने स्पेन के जौम मुनार और पेड्रो मार्टिनेज की जोड़ी को हराया। दूसरी सीड हेनरी पैटन और हैरी हेलोवारा की जोड़ी ने भी अगले राउंड में जगह बना ली। विमेंस सिंगल्स में मैडिसन कीस बाहर

विमेंस सिंगल्स में अमेरिका से छठी सीड मैडिसन कीस को उलटफेर का शिकार होना पड़ा। उन्हें जर्मनी की सिगमंड ने सीधे सेट में 6-3, 6-3 से हराकर बाहर कर दिया। सिगमंड के अलावा चेक रिपब्लिक की लिंडा नोस्कोवा, इंग्लैंड की सोनाय कार्टल, अमेरिका की अनांडा अनिसिमोवा और अर्जेंटीना की सोलाना सिएरा को भी जीत मिली। सभी ने अगले राउंड में जगह बना ली। विमेंस डबल्स में भी टॉप सीड को सफलता

विमेंस डबल्स में भी टॉप सीड टेलर टाउनसेंड और कैटरिना सिनियाकोवा की जोड़ी को सफलता मिली। दोनों ने मैकार्टिनी

# 6 बल्लेबाजों के 0 पर आउट होने के बावजूद इंग्लैंड ने कर दिया बड़ा कारनामा

## 400 से अधिक रन बनाने वाले दुनिया की पहली टीम बन गई है.

एजबेस्टन, 5 जुलाई (एजेंसियां)। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में भारत मजबूत स्थिति में पहुंच गया है. टीम इंडिया के पहली में 587 रनों के जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 407 रनों पर सिमट गई. इस तरह मेहमान टीम को 180 रनों की बढ़त मिल गई. तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक भारतीय टीम ने 244 रनों की बढ़त ले ली है. अब इंग्लैंड पर हार का खतरा मंडराने लगा है. तीसरे दिन टीम इंडिया के तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की वजह से इंग्लैंड के 6 बल्लेबाज अपना खाता भी नहीं खोल पाए. इसके बावजूद इंग्लैंड ने इस टेस्ट मैच में एक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. वो ऐसा करने वाली दुनिया की पहली टीम बन गई है. एजबेस्टन टेस्ट मैच में पहली पारी में 407 रन बनाने के बावजूद इंग्लैंड ने इतिहास रच दिया. इंग्लैंड को इस स्कोर तक पहुंचाने में मध्यक्रम के बल्लेबाज हैरी ब्रूक और विकेटकीपर बल्लेबाज जेमी स्मिथ ने अहम योगदान दिया. ब्रूक ने 158 और स्मिथ ने नाबाद 184 रनों की पारी खेली. इन दोनों खिलाड़ियों के बीच छठे विकेट के लिए 303 रनों की साझेदारी हुई, जिसकी वजह से इंग्लैंड ने 400 का आंकड़ा पार किया. इस दौरान 6 बल्लेबाज अपना खाता भी नहीं खोल पाए. इस तरह मेजबान टीम 6 और उससे अधिक बल्लेबाज के शून्य पर आउट होने के बावजूद 400 से अधिक रन बनाने वाले दुनिया की पहली टीम बन गई है. इस तरह का कारनामा टेस्ट क्रिकेट में अभी तक कोई भी टीम नहीं कर पाई है. इस मामले में इंग्लैंड ने बांग्लादेश को पीछे छोड़ दिया है. इससे पहले ये रिकॉर्ड बांग्लादेश के नाम था.

# सुपरकिंग्स के मुंह से छिन गई जीत, आखिरी ओवर में मचा तहलका

## मैट शॉर्ट ने जड़े शानदार 80 रन

खेल डेस्क, 5 जुलाई (एजेंसियां)। सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स और टेक्सस सुपरकिंग्स के बीच एक धमाकेदार मैच देखने को मिला। एमएलसी 2025 का यह मुकाबला आखिरी गेंद तक गया और सैन फ्रांसिस्को को मात्र एक रन से शानदार जीत मिली। मेजर लीग क्रिकेट में इस समय काफी शानदार मैच देखने को मिल रहे हैं। प्रशंसकों को अमूमन लास्ट बॉल थ्रिलर बेहद पसंद आते हैं और कुछ ऐसा ही हालिया मैच में हुआ।

एमएलसी 2025 का 25वां मुकाबला टेक्सस सुपरकिंग्स और सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के बीच हुआ। एसएफयू ने पहली बल्लेबाजी करते हुए 148 रन बनाए। इसी बीच धक्कड़ सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट ने 63 गेंदों में तूफानी 80 रन बनाए। इसके अलावा



हसन खान ने भी मुश्किल वक्त में बल्लेबाजी करते हुए मात्र 25 गेंदों में 40 रन जड़ दिए। टेक्सस सुपरकिंग्स की ओर से मार्कस स्टोइनिस ने सर्वाधिक 3 विकेट झटके।

टीएसके को जीत के लिए 149 रन बनाने थे लेकिन उनकी शुरुआत कुछ खास नहीं रही। दोनों सलामी बल्लेबाज समित पटेल और कप्तान फाफ डु प्लेसिस दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाए। बाद में टेक्सस ने संतुलन हासिल किया। आखिरी ओवर में उन्हें जीत लिए 13 रनों की जरूरत थी। जेवियर बार्टलेट ने सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के लिए अंतिम ओवर डाला। इसी बीच टीएसके के मोहम्मद मोहसिन ने दो बाउंड्री लगाई और मैच को बेहद करीब लेकर गए। आखिरी गेंद पर 3 रन चाहिए थे और इसी बीच मोहम्मद मोहसिन के साथ दूसरे छोर पर मौजूद कैल्विन सैवेज दूसरा रन दौड़ने की कोशिश में रन आउट हो गए। इसी के चलते सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स को दांतों तले उंगलियां चबाने वाले मैच में जीत मिली।

## हिंदुओं की हत्या और सीमा विवाद

# बांग्लादेश को मिली सजा! बीसीसीआई ने क्रिकेट सीरीज पर सुनाया फैसला

खेल डेस्क, 5 जुलाई (एजेंसियां)। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मिलकर अगस्त 2025 में होने वाली भारत की बांग्लादेश वाइट बॉल सीरीज (तीन वनडे और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय) को सितंबर 2026 तक के लिए टालने का फैसला किया है। यह फैसला केवल क्रिकेटिंग प्रतिबद्धताओं का मामला नहीं है, बल्कि इसके पीछे बांग्लादेश में व्याप्त राजनीतिक अस्थिरता, अल्पसंख्यकों पर हिंसा और भारत के साथ चल रहे सीमा विवादों का भी महत्वपूर्ण प्रभाव माना जा रहा है। माना जा रहा है कि बांग्लादेश में जो चीजें चल रही हैं और उसका भारत के खिलाफ इंटरनेशनल राजनीति में लगातार उटपटांग बयान देना उसके खिलाफ गया है। इस तरह से विराट कोहली और रोहित शर्मा को इंटरनेशनल क्रिकेट में कमबैक के लिए थोड़ा और इंतजार करना पड़ेगा।

### बांग्लादेश में राजनीतिक उथलपुथल और सुरक्षा चिंताएं

हाल के दिनों में बांग्लादेश में गंभीर राजनीतिक उथलपुथल देखने को मिली है। अगस्त 2024 में छात्र विरोध प्रदर्शनों के बाद शेख हसीना की सरकार गिर गई थी और उन्हें देश छोड़कर भारत में शरण लेनी पड़ी थी। इस आंदोलन की शुरुआत सरकारी नौकरियों में आरक्षण नीति के खिलाफ हुई थी, लेकिन धीरेधीरे यह हिंसक रूप लेता गया। इस दौरान देशव्यापी अशांति फैली और सैकड़ों लोगों की मौत हुई। बांग्लादेश में अब मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में एक अंतरिम सरकार है, लेकिन इसकी वैधता और स्थिरता को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

# सोशल मीडिया के माध्यम से बच्चों का शोषण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें : रेवंत रेड्डी

## सीएम ने पॉक्सो पर राज्य स्तरीय मीट 2025 के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया




हैदराबाद, 5 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने सोशल मीडिया पर बच्चों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार को रोकने और अपराधियों के लिए सख्त परिणाम भुगतने की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी आवश्यक उपायों को लागू करने के लिए तत्परता से तैयारी कर रही है। बच्चों को न्याय और देखभाल प्रदान करना न केवल कानूनी कार्यवाही में, बल्कि पुलिस स्टेशनों, बाल कल्याण केंद्रों और पूरी प्रक्रिया के दौरान भी आवश्यक है। शनिवार को एमसीआरएचआरडी में पॉक्सो पर राज्य स्तरीय मीट 2025 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। तेलंगाना भरोसा परियोजना के 29 केंद्र हैं। यह मैत्रीपूर्ण वातावरण में पुलिस सहायता, कानूनी सहायता, चिकित्सा सहायता और परामर्श प्रदान करता है। तेलंगाना ने हैदराबाद भरोसा केंद्र द्वारा संचालित बाल-मैत्रीपूर्ण न्यायालयों का बीड़ा उठाया है। इसका लक्ष्य केवल तेजी से मामले का निपटारा नहीं है, बल्कि संपूर्ण बाल सुरक्षा और विकास है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा, हमारे कानूनी ढांचे में पॉक्सो अधिनियम और किशोर न्याय अधिनियम अत्यधिक प्रगतिशील साधन हैं। लेकिन वे समस्याओं के साथ आते हैं। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रक्रियाएं बाल पीड़ितों की मदद करें न कि उन्हें चोट पहुंचाएं। हमें बाल पोर्नोग्राफी को भी समाप्त करना चाहिए, और सख्त दंड लागू करना चाहिए। हमें मानवता के खिलाफ इस जघन्य अपराध से लड़ने में बाल पीड़ितों को अपने कानूनी और नैतिक ढांचे के केंद्र में रखना चाहिए। हमें अपने बच्चों को किसी भी कीमत पर और हर तरह से यौन शोषण से बचाना होगा। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि "बेजुबानों के लिए आवाज़" थीम हमारे समाज के लिए महत्वपूर्ण महत्व रखती है। उन्होंने इस कार्यक्रम की सफलतापूर्वक मेजबानी के लिए तेलंगाना पुलिस और अन्य आयोजकों को भी बधाई दी। उन्होंने कहा, न्याय केवल दोषसिद्धि के बारे में नहीं है। यह बहाली, सम्मान और बचपन को पुनः प्राप्त करने के बारे में है ।

## बी.टेक छात्रा ने कर ली आत्महत्या

जगतियाल, 5 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। अपने दोस्तों द्वारा अपमानित किए जाने से परेशान बी.टेक छात्रा कटिपेल्ली नित्या (21) ने जगतियाल ग्रामीण मंडल के जबीथापुर गांव में आत्महत्या कर ली।

पुलिस के अनुसार, नित्या हैदराबाद में इंजीनियरिंग की तृतीय वर्ष की छात्रा थी और केपीएचबी कॉलोनी में एक निजी छात्रावास में रहती थी। हाल ही में, उसकी दो सहेलियों, वैष्णवी और संजना ने कथित तौर पर उसे यह कहकर अपमानित किया कि वह अपनी पढ़ाई में पिछड़ रही है।

उनकी टिप्पणियों से व्यथित होकर नित्या घर लौट आई और 2 जुलाई को कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। उसके परिवार के सदस्य उसे करीमनगर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां शुक्रवार रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

उसके परिवार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने वैष्णवी और संजना के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 13 निष्क्रिय राजनीतिक दलों को कारण बताओ नोटिस

हैदराबाद, 5 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) द्वारा स्थापित निर्देशों के अनुसार, तेलंगाना के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) सी. सुदर्शन रेड्डी ने 13 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) को कारण बताओ नोटिस भेजा है, जो अब राज्य में सक्रिय नहीं हैं।

जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के तहत, किसी राजनीतिक दल का पंजीकरण चुनावों में भाग लेने के उद्देश्य से होता है। हालांकि, ईसीआई के रिकॉर्ड के अनुसार, इन आरयूपीपी ने पिछले छह वर्षों में आम, विधानसभा या उपचुनावों में कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है। इससे पता चलता है कि ये दल अधिनियम के अनुसार राजनीतिक दलों के रूप में काम नहीं कर रहे हैं। इस संदर्भ में, ईसीआई ने इन दलों को राजनीतिक दलों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव दिया है।

हालांकि, ऐसी कार्रवाई से पहले, दलों को अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया है। इन कारण बताओ नोटिसों में उन्हें 11 जुलाई, 2025 तक पार्टी अध्यक्ष या महासचिव से लिखित स्पष्टीकरण, सहायक दस्तावेज और हलफनामा प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। जिन 13 आरयूपीपी को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं, उनमें तेलंगाना कार्मिक रायतु राज्यम पार्टी, भारतीय अल्पसंख्यक राजनीतिक पार्टी, जागो पार्टी, नेशनल पीपुल्स कांग्रेस, तेलंगाना लोकसत्ता पार्टी, तेलंगाना अल्पसंख्यक ओबीसी राज्यम, युवा पार्टी, बहुजन समाज पार्टी (अंबेडकर-फुले), तेलंगाना स्टूडेंट्स यूनाइटेड फॉर नेशन पार्टी, आंध्र प्रदेश राष्ट्र सामूहिक समिति पार्टी, जातीय महिला पार्टी, युवा तेलंगाना पार्टी और तेलंगाना प्रजा समिति (किशोर, राव और किशन) शामिल हैं। इसके अलावा, 13 दलों को सलाह दी गई है कि पार्टी अध्यक्ष, महासचिव या अधिकृत प्रतिनिधि 15 जुलाई, 2025 को सुनवाई के लिए उपस्थित होना चाहिए। जवाब न देने या उपस्थित न होने की स्थिति में, ईसीआई निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार आगे की कार्रवाई करेगा।

# किसानों को परेशान किया तो होगी कार्रवाई

आदिलाबाद, 5 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। बोथ विधायक अनिल जाधव ने शनिवार को चेतावनी दी कि अगर वन अधिकारी पोडू किसानों को परेशान करेंगे तो उन्हें बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने इकोडा मंडल के बाबजीपेट गांव में सड़क पर धरना दे रहे किसानों के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त की। जाधव ने कहा कि अगर अधिकारी वन और वन्यजीव संरक्षण के नाम पर किसानों को असुविधा पहुंचाते हैं तो वे और उनके समर्थक किसी भी हद तक जा सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों को सलाह दी कि वे जनता से बातचीत करते समय अपना लहजा बदलें और पोडू भूमि मुद्दे को संवेदनशीलता के साथ संभालें। उन्होंने अधिकारियों से किसानों को परेशान करने के किसी भी प्रयास को वापस लेने का आग्रह किया।

विधायक ने कांग्रेस सरकार की किसान विरोधी नीतियों की आलोचना की और मांग की कि पोडू किसानों को जल्द से जल्द भूमि का पट्टा जारी किया जाए। उन्होंने प्रदर्शनकारी किसानों को भरोसा दिलाया कि अगर बीआरएस सत्ता में लौटी और के चंद्रशेखर राव फिर से मुख्यमंत्री बने तो उन्हें ज़मीन का मालिकाना हक दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों ने उम्मीद के साथ कांग्रेस को वोट दिया था, लेकिन पार्टी ने अपने चुनावी वादों को पूरा करने में विफल होकर सभी वर्गों को धोखा दिया है।

## सरकार विधानसभा में किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार : पोन्नम



हैदराबाद, 5 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। कल्याण, कृषि और विकास से संबंधित मुद्दों पर बहस के लिए बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव की चुनौती के जवाब में, परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने कहा कि इस तरह की बहस प्रेस क्लब के बजाय विधानसभा में होनी चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राज्य सरकार विधानसभा में किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। जबकि रामाराव ने विभिन्न सार्वजनिक मुद्दों पर बहस के लिए बशीरबाग प्रेस क्लब को स्थान के रूप में प्रस्तावित किया, मंत्री ने कहा कि इसे विधानसभा में आयोजित किया जाना चाहिए। उन्होंने बीआरएस प्रमुख और विपक्ष के नेता के चंद्रशेखर राव से चर्चा को सक्षम करने के लिए अध्यक्ष से औपचारिक रूप से एक विशेष सत्र का अनुरोध करने का आह्वान किया। केटी रामाराव द्वारा बशीरबाग में प्रेस क्लब में खुली बहस का अनुरोध करना अनुचित नहीं है। इस तरह की चर्चा विधानसभा में होनी चाहिए। पोन्नम प्रभाकर ने शनिवार को संवाददाताओं से कहा कि आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में जीत हासिल करने के लिए कांग्रेस पार्टी के विश्वास पर जोर देते हुए, मंत्री ने बताया कि इस समय राज्य में कोई सक्रिय चुनाव संहिता नहीं है। उन्होंने बीआरएस के साथ सभी मामलों पर बहस में शामिल होने के लिए पार्टी की तत्परता भी व्यक्त की, जब तक कि यह विधानसभा के भीतर हो।

## परोपकारी व्यक्ति ने बुजुर्ग किसान को भेंट किए 1 लाख रुपये



संगारेड्डी, 5 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद के एक परोपकारी व्यक्ति ने महाराष्ट्र के एक बुजुर्ग किसान को समय पर सहायता प्रदान की, जिसका अपनी पत्नी के साथ लकड़ी के हल से खेत जोतने का वीडियो 2 जुलाई को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। लातूर जिले के हतोल्डी गांव के 75 वर्षीय किसान अंबादास पवार को बिना बैलों के अपने खेत की जुताई करते हुए देखा गया, जिसमें उनकी 70 वर्षीय पत्नी मुक्ताबाई भी उनकी मदद कर रही थीं। इस वीडियो के बाद ऑनलाइन इस जोड़े की परेशानी को लेकर चिंता जताई जाने लगी। दम्पति की दुर्दशा से दुखी होकर, आरेकापुडी रघु सेवा ट्रस्ट के संस्थापक और बीएचईएल, संगारेड्डी निवासी आरेकापुडी रघु 3 जुलाई को दम्पति से मिलने 280 किमी से अधिक की यात्रा करके आए। उन्होंने दम्पति को अपने खेत में काम करते हुए पाया और उन्हें एक जोड़ी बैल खरीदने में मदद करने के लिए 1 लाख रुपये का चेक प्रदान किया।

रघु ने शुरू में खुद ही बैल खरीदने की पेशकश की थी, लेकिन स्थानीय सरपंच ने दान मिलने के बाद बैल खरीदने की जिम्मेदारी ले ली। ढाई एकड़ में सोयाबीन की खेती करने वाले इस दंपत्ति का एक बेटा और बेटी गांव में मज़दूरी करते हैं। रघु ने कहा कि वह पवार के इस दृढ़ संकल्प से बहुत प्रभावित हैं कि वह अपनी उम्र के बावजूद खेती करना जारी रखेंगे और सम्मानजनक जीवन जीएंगे। उन्होंने कहा कि जब भी मैं किसी किसान का समर्थन करता हूं तो मुझे बहुत संतुष्टि मिलती है। गिफ्ट ए कैटल कार्यक्रम के तहत, एनजीओ होप फॉर स्पंदना के सहयोग से, रघु ने अब तक तेलंगाना के 20 किसानों को बैल और दुधारू भैंसें दान की हैं।


**भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम लि.**
IRCTC
(भारत सरकार का उद्यम - नवरत्न)
सीआईएन: एल74899डीएल1999जीओआई101707
**सार्वजनिक ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
आईआरसीटीसी-दक्षिण मध्य क्षेत्र द्वारा निम्नलिखित सार्वजनिक ई-निविदाएँ आमंत्रित हैं:-

| यूनिट्स | विवरण | जमा करने की अंतिम तिथि |
| --- | --- | --- |
| जन आहार | गुण्टकल रेलवे स्टेशन पर जन आहार के माध्यम से पाँच वर्ष की अवधि हेतु केटरिंग सेवाओं के प्रावधान हेतु सार्वजनिक ई-निविदा सह ई-नीलामी। | 04.08.2025 को 15:00 बजे तक |
| भोजनालय | काजीपेट, कर्नूल टाउन, संबलपुर, कडप्पा, रेणिगुंटा और एलुरु रेलवे स्टेशनों पर भोजनालय के माध्यम से पाँच वर्ष की अवधि हेतु केटरिंग सेवाओं के प्रावधान हेतु सार्वजनिक ई-निविदा सह ई-नीलामी। | 04.08.2025 को 15:00 बजे तक |
| फूड प्लाजा | नौ वर्ष की अवधि हेतु शहडोल रेलवे स्टेशन पर फूड प्लाजा स्थापित करने, परिचालन एवं प्रबंधन हेतु सार्वजनिक ई-निविदा सह ई-नीलामी | 04.08.2025 को 15:00 बजे तक |
| फास्ट फूड यूनिट्स | पाँच वर्ष की अवधि हेतु ब्रजराजनगर, अंबिकापुर, उमरिया, मछलीपट्टनम, गुडीवाडा, बारगढ़ रोड, महबूबनगर, अनूपपुर (पीएफ नं.1.) अनूपपुर (पीएफ नं.3/4.), डोंगरगढ़, बालाघाट, नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी, उसलापुर एवं अंगुल रेलवे स्टेशनों पर फास्ट-फूड यूनिटों को स्थापित करने, परिचालन एवं प्रबंधन हेतु सार्वजनिक ई-निविदा सह ई-निलामी | 04.08.2025 को 15:00 बजे तक |

निविदा दस्तावेज वेबसाइट < www.tenderwizard.com/IRCTC > से डाउनलोड किया जा सकता है और भाग लिया जा सकता है
यदि उपरोक्त विज्ञापन के लिए कोई शुद्धिपत्र जारी किया जाता है तो, उसे केवल वेबसाइट www.irctc.com एवं www.tenderwizard.com/IRCTC पर प्रकाशित किया जाएगा
कार्यालय का पता: आईआरसीटीसी लिमिटेड, दक्षिण मध्य क्षेत्र, #9-1-129/1/102, प्रथम तल, ऑक्सफोर्ड प्लाजा, सरोजिनी देवी रोड, सिकंदराबाद - 500003
ऑनलाइन भोजन बुक करने के लिए, कृपया www.ecatering.irctc.co.in पर लॉग ऑन करें या "फूड ऑन ट्रैक" मोबाइल ऐप डाउनलोड करें


## केटीआर ने स्वीकार की किसानों के मुद्दों पर खुली बहस के लिए रेवंत रेड्डी की चुनौती

हैदराबाद, 5 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामाराव ने शनिवार को मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की चुनौती स्वीकार कर ली है। उन्होंने कहा कि यदि यह संभव न हो तो मुख्यमंत्री को अपनी सुविधा के अनुसार तारीख और स्थान की घोषणा करनी चाहिए, चाहे वह कोंडारेड्डीपल्ले, कोडंगल, गजवेल, चिंतामदका या उनकी पसंद का कोई अन्य स्थान हो। उन्होंने कहा, हम उन्हें तैयारी के लिए 72 घंटे देंगे क्योंकि वे चर्चा से भागने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने हमें चुनौती दी थी और हमने इसे स्वीकार कर लिया। देखते हैं कि क्या वे तथ्यों का सामना करने की हिम्मत रखते हैं। तेलंगाना की ज़रूरतों के बारे में जानकारी की कमी के लिए रेवंत रेड्डी की आलोचना करते हुए बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि वे विभिन्न बेसिनों, सिंचाई परियोजनाओं और यहां तक कि बुनियादी भूगोल के बीच भी अंतर नहीं कर सकते। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर यूरिया और उर्वरक की आपूर्ति करने में विफल रहने का आरोप लगाया, जिसके कारण किसानों को लंबी कतारों में खड़े होकर विरोध प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

उन्होंने कहा, कांग्रेस ने वास्तव में तेलंगाना में 'इंदिराम्मा राज्यम' (इंदिरा गांधी का शासन) वापस ला दिया है, जहां किसानों को बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष करना पड़ता है। उन्होंने याद दिलाया कि कई किसान-समर्थक पहलों को लागू करके, चंद्रशेखर राव ने कृषि को किसानों के लिए लाभकारी बनाया और सभी मानकों पर उनकी वृद्धि सुनिश्चित की। तेलंगाना भवन में शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए रामा राव ने कहा कि कांग्रेस अपने चुनावी वादों से मुकर रही है। सरकार पर किसानों का 39,000 करोड़ रुपये बकाया है। इसके अलावा सरकार ने किसानों को रैतु भरोसा, फसल ऋण माफी और बढ़िया किस्म के चावल के लिए 500 रुपये बोनस देने का वादा किया था। उन्होंने रेवंत रेड्डी के अगले विधानसभा चुनाव में 100 सीटें जीतने के दावे की खिल्ली उड़ाई।

उन्होंने चुनौती देते हुए कहा, पहले उन्हें मुख्यमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र में जेडपीटीसी जीतने दीजिए। पूर्व मंत्री ने कांग्रेस विधायक जे अनिरुद्ध रेड्डी की भी प्रशंसा की जिन्होंने कांग्रेस में गुप्त एजेंटों के बारे में खुलकर बात की और कहा कि रेवंत रेड्डी खुद आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायुडू के गुप्त एजेंट के रूप में काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रेवंत रेड्डी और उनके सहयोगियों को छोड़कर तेलंगाना के कोई भी लोग मौजूदा कांग्रेस शासन से खुश नहीं हैं। उन्होंने कहा, हम तेलंगाना में 'गुप्त शासन' देख रहे हैं। रेवंत रेड्डी कांग्रेस हाईकमान के लिए डिजिटल पेमेंट ऐप की तरह पेसीएम बन गए हैं। तेलंगाना के फंड को दिल्ली और पानी को आंध्र प्रदेश में चुपचाप भेजने की कोशिश की जा रही है।




## इंजीनियरिंग स्नातक ने कर ली आत्महत्या

हनमकोंडा, 5 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। शायमपेट मंडल के पेद्दाकोडेपाका गांव में शुक्रवार रात एक 24 वर्षीय इंजीनियरिंग स्नातक ने आत्महत्या कर ली, कथित तौर पर सरकारी नौकरी पाने में असमर्थता के कारण वह परेशान थी। पुलिस के अनुसार, दिहाड़ी मजदूर रमेश और सुनीता की छोटी बेटी रावुला प्रथ्यूषा ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार की सुबह उसके माता-पिता ने उसे छत से लटका हुआ पाया। प्रत्युषा ने 2023 में बीटेक की पढ़ाई पूरी कर ली थी और वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी और सरकारी नौकरी की ख्वाहिश रखती थी। वह कथित तौर पर कई परीक्षाओं में क्वालिफाइंग मार्क्स से चूकने के बाद निराश थी। पुलिस ने बताया कि उसके पिता रमेश की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।







Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.